CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDFP User: cci Time: 01-12-2026 22:59 Color:

नोएडा/गाजियाबाद > मंगलवार, 13 जनवरी 2026 > पौष 24, शक 1947, माघ कृष्ण दशमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 11 > पेज 18* > मूल्य ₹4.00 या ₹9.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in




# NBT नवभारत टाइम्स



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।






**WPL आज के मैच**
मुंबई इंडियंस vs गुजरात जायंट्स
7:30pm से, नवी मुंबई में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**GOOD न्यूज़**
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 13

## फटाफट खबरें

### रिटेल महंगाई तीन महीने के टॉप पर

खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने से दिसंबर में रिटेल महंगाई 3 महीनों के टॉप पर पहुंच गई। रिटेल इन्फ्लेशन सालभर पहले के मुकाबले दिसंबर में 1.33% रहा। यह नवंबर में 0.71% रही थी। » पेज 13

### ग्रेनो में कार के नीचे मृत मिली युवती

ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 सेक्टर में रहने वाली 25 वर्षीय कॉलसेंटर कर्मी का शव सोमवार सुबह कार के नीचे मिला। कार उसके घर से 100 मीटर दूर खड़ी थी। युवती की नाक से खून निकल रहा था और उसके चेहरे पर चोट के निशान थे। उसके भाइयों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। » देखें सप्लिमेंट

### बंगाल: निपाह के दो केस, केंद्र सतर्क

पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस के दो केस आए हैं। दोनों मामले उत्तर 24 परगना जिले के बारासात स्थित प्राइवेट अस्पताल में दो नर्सों में मिले हैं। केंद्र ने एक्सपर्ट टीम तैनात की है। यह वायरस चमगादड़ और सुअर से फैलता है। बुखार, सिरदर्द, सांस लेने में परेशानी आदि लक्षण हैं।

### करूर भगदड़ में विजय से सवाल

CBI ने TVK प्रमुख और ऐक्टर विजय से करूर भगदड़ के मामले में सोमवार को लगभग छह घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि विजय को पूछताछ के लिए फिर बुलाया जाएगा क्योंकि कुछ सवालों के जवाब में अभी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। » पेज 11

## हैपी मॉर्निंग

गुंडा: चल 'हफ्ता' निकाल।
गप्पू (कैलेंडर फाड़ते हुए): लो भाई। पूरा 'महीना' ही रख लो।

## अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,878.17 (+301.93) |
| निफ्टी | 25,790.25 (+106.95) |
| रुपया/US डॉलर | 90.18 (+0.06) |
| रुपया/यूरो | 105.22 (+0.22) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली | ₹1,44,600 (+2,900) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली | ₹2,65,000 (+15,000) |

## मौसम

अधिकतम तापमान 20.6°
3.2° न्यूनतम तापमान
सूर्यास्त मंगलवार 5:45 | सूर्योदय बुधवार 7:15
शीतलहर की स्थिति वीकेंड तक बनी रहने के आसार हैं।

अमेरिकी दूत ने कहा- ट्रेड डील पर बातचीत आज

# 'भारत से ज़रूरी कोई देश नहीं'...US के बदले सुर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के नवनियुक्त राजदूत सर्जियो गोर (Sergio Gor) ने सोमवार को पदभार संभालने के कुछ घंटों के अंदर ही द्विपक्षीय रिश्तों में तनाव दूर करने का मजबूत संकेत दिया। उन्होंने साफ कहा कि अमेरिका के लिए भारत के जितना जरूरी कोई अन्य देश नहीं है। भारत से ट्रेड डील पर कहा कि दोनों ही पक्ष व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। मंगलवार को दोनों देशों के बीच इस पर बातचीत होने वाली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश मिलकर मौजूदा मतभेदों को सुलझाने में सफल होंगे।

**अमेरिकी दूत ने कहा, ट्रंप और मोदी के बीच दोस्ती सच्ची है**

गोर के इन बयानों को ट्रंप प्रशासन की ओर से ऐसे समय में सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है, जब उसने हाल में टैरिफ और वीजा जैसे मुद्दों पर भारत पर दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिकी दूत गोर ने जोर दिया कि ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच दोस्ती सच्ची है और यह उन मतभेदों को सुलझाने में मदद करेगी, जिनके कारण पिछले दो दशकों में संबंधों का सबसे खराब दौर देखने को मिला। » पेज 14




**अमेरिकी दूत** गोर ने कहा कि भारत बड़ा देश है, इसलिए ट्रेड डील को अंतिम चरण तक पहुंचाना आसान काम नहीं है, पर हम इसे पूरा करेंगे।

'पैक्स सिलिका' से जोड़ेगा अमेरिका

### भारत को बड़ा इनविटेशन

अमेरिकी राजदूत गोर ने यह भी कहा कि भारत को अमेरिका की अगुआई वाले रणनीतिक गठबंधन 'Pax Silica' (पैक्स सिलिका) में शामिल होने का न्योता दिया जाएगा। क्रिटिकल मिनरल्स और AI जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिका ने पिछले महीने ही इसे शुरू किया है। इसमें जापान, साउथ कोरिया, ब्रिटेन, इस्राइल समेत कई देश शामिल हो चुके हैं। गोर ने कहा कि दुनिया नई तकनीक अपना रही है, ऐसे में यह आवश्यक है कि भारत और US इस पहल की शुरुआत से ही कंधे से कंधा मिलाएं।

### दूत को उम्मीद, साल-दो साल में भारत आ सकते हैं डॉनल्ड ट्रंप



**अमेरिकी दूत** सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जल्द मिलने आएंगे। उम्मीद है अगले एक-दो साल में वह भारत आएंगे। गोर ने कहा कि ट्रंप अक्सर अपनी पिछली भारत यात्रा को याद करते हैं। पिछले हफ्ते राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत आने के अपने अनुभव और भारत के महान पीएम से अपनी गहरी दोस्ती के बारे में बताया।

गोर के बयान से अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक की टिप्पणियों से पैदा भ्रम दूर हो गया है, जिसमें लुटनिक ने कहा था कि ट्रेड डील पर बातचीत रुक गई है क्योंकि मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया था।

देखें संपादकीय पेज-10
ताकत बढ़ाए भारत

ईरान ने कहा- बातचीत के दरवाजे खुले, लेकिन जंग को भी तैयार

# ट्रंप का दावा, बातचीत करना चाहता है ईरान


■ एपी, दुबई

ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार रात दावा किया कि हमारी धमकी के बाद इस पश्चिम एशियाई देश ने अमेरिका से फोन पर संपर्क किया और बातचीत का प्रस्ताव रखा है। हमारा प्रशासन ईरान के साथ बैठक तय करने पर काम कर रहा है। ट्रंप ने साथ ही चेताया कि वहां जो कुछ हो रहा है, उसे देखते हुए हमें पहले ही कार्रवाई करनी पड़ सकती है।

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शनों पर सख्त कार्रवाई में 599 हो चुकी है और हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि हमारा देश जंग को तैयार है, लेकिन अमेरिका से बातचीत का चैनल अब भी खुला है। जब जरूरत होती है, उसी चैनल से संदेशों का आदान प्रदान होता है। लेकिन किसी भी बातचीत को साझा हितों पर आधारित होना चाहिए, न कि एकतरफा या थोपे गए अजेंडे पर।

**सरकार समर्थक भी सड़कों पर, स्टारलिंक सेवा ठप**

ईरान में सोमवार को सरकार के समर्थन में हजारों लोग सड़कों पर उतरे। सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों का हाल बयां कर रहे स्टारलिंक की ब्रॉडबैंड सेवाओं को रोक दिया गया। दरअसल, ज्यादातर एक्टिविस्ट इसी सुविधा का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया पर जानकारियां साझा कर रहे थे। » पेज 14




**ईरान विरोधी रैली में ट्रक** अमेरिका के लॉस ऐंजिलिस में रविवार दोपहर ईरान विरोधी प्रदर्शनों के दौरान ट्रक रैली में घुस गया। गुस्साए लोगों ने ट्रक ड्राइवर पर हमले की कोशिश की। कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ है।

### भारतीयों को सलाह, प्रदर्शन से दूर रहें

तेहरान में भारतीय दूतावास ने सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे घरों से बाहर न निकलें और किसी भी तरह की अशांति या विरोध-प्रदर्शनों के बीच न जाएं। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने उन खबरों को गलत बताया, जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी पुलिस ने 'दंगों और तोड़फोड़' में शामिल कुछ भारतीयों को गिरफ्तार किया है।

**ईरानी दूत ने कहा, कोई भारतीय गिरफ्तार नहीं**

### ट्रंप वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति!

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट में ट्रंप की तस्वीर के साथ एक्टिंग प्रेसिडेंट ऑफ वेनेजुएला लिखा है। पोस्ट में जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र है। इस पोस्ट पर वाइट हाउस या अमेरिकी प्रशासन ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है।

# दिल्ली-NCR शिमला से भी ठंडे, दो दिन का अलर्ट

Piyal Bhattacharjee



**3.2 डिग्री** सफदरजंग में रहा तापमान, कई जगहों पर शीतलहर।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सर्दी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। सोमवार को राजधानी में अधिकांश जगहों पर शीतलहर की स्थिति रही। दिल्ली (सफदरजंग) में न्यूनतम तापमान महज 3.2 डिग्री रहा। वहीं, शिमला में यह 8.8 डिग्री रहा। राहत की संभावना दो दिन नहीं है। आज सर्दी का ऑरेंज और कल येलो अलर्ट जारी किया गया। मौसम विभाग की वेबसाइट पर जारी सूचना के अनुसार, सोमवार को हरियाणा के गुड़गांव और पंजाब के बठिंडा दोनों स्टेशन पर देर रात न्यूनतम तापमान 0.6 डिग्री दर्ज किया। हालांकि विभाग ने बयान में इसे गलत बताया।

# भारत-जर्मनी में 'फ्री ट्रांज़िट वीजा' का ऐलान, मोदी जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स से मिले, साथ पतंग उड़ाई

■ पीटीआई, अहमदाबाद

भारत और जर्मनी ने सोमवार को सहयोग की नई उड़ान भरी। दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार, क्रिटिकल मिनरल्स, सेमीकंडक्टर जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने वाले कई ठोस कदमों की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स (Friedrich Merz) के साथ बैठक के बाद बताया कि जर्मनी ने भारतीय नागरिकों के लिए वीजा-फ्री ट्रांजिट की सुविधा घोषित की है, यानी कोई भारतीय जर्मनी के किसी एयरपोर्ट से सिर्फ फ्लाइट बदलने (ट्रांजिट) के लिए रुकता है, तो उसे अलग से ट्रांजिट वीजा लेने की जरूरत नहीं होगी। जर्मन विश्वविद्यालयों को भारत में कैंपस खोलने का न्योता दिया गया।

**जर्मनी की यूनिवर्सिटी को कैंपस खोलने का भी न्योता**



■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मनी के चांसलर मर्त्स ने अहमदाबाद में साबरमती आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

■ दोनों नेता साबरमती रिवरफ्रंट भी पहुंचे, जहां पीएम ने अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव का शुभारंभ किया। फिर दोनों ने पतंगबाजी का आनंद लिया।

■ मोदी और मर्त्स ने सभी कार्यक्रमों के बाद एक ही कार में सफर किया। इसकी फोटो भी पीएम ने सोशल मीडिया पर शेयर की। » पेज 14

गेमिंग बड़ा बाज़ार

### भारत के Gen Z क्रिएटिविटी से भरे हुए हैं: पीएम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भारत मंडपम् में आयोजित 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की 'जेनरेशन नेक्स्ट' क्रिएटिविटी से भरपूर है। देश भर से आए युवाओं ने जो प्रेजेंटेशन रखे हैं, वह दिखाता है कि हमारी अमृत पीढ़ी विकसित भारत के निर्माण के लिए कितनी संकल्पित है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत में 'Gen Z' का मिजाज क्या है। भारत का 'Gen Z' कितनी रचनात्मकता से भरा हुआ है। युवाओं की सफलता देश को ऊंचाई देती है। पीएम ने कहा कि पूरी दुनिया में गेमिंग एक बड़ा बाजार है। हम अपनी पौराणिक कथाओं को लेकर भी गेमिंग की दुनिया में नए खेल ला सकते हैं। 1997 से 2012 के बीच जन्मे लोगों को Gen Z कहते हैं। » पेज 11

**कहा, Gen Z से पूरे देश को बड़ी उम्मीदें**

### SC/ST कोटे से क्रीमीलेयर हटे? SC करेगा विचार

■ राजेश चौधरी, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर विचार करने पर सहमति जताई है कि क्या अनुसूचित जाति/ जनजाति (SC/ ST) के लिए आरक्षण लागू करते समय क्रीमी लेयर को बाहर किया जाना चाहिए? चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अगुआई वाली पीठ ने इस बारे में रिट याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। मौजूदा याचिका में कहा गया है कि SC/ST आरक्षण से क्रीमी लेयर को बाहर न करना संविधान के उद्देश्यों का उल्लंघन है। उद्देश्य केवल वंचित वर्गों को लाभ पहुंचाना था।



**मुख्य चुनाव आयुक्त, चुनाव आयुक्त को इम्युनिटी दी जा सकती है? SC करेगा विचार**

# इसरो का रॉकेट रास्ता भटका, मिशन फेल

Hemwati.Rajaura1 @timesofindia.com

■ नई दिल्ली: भारत की स्पेस एजेंसी ISRO का साल 2026 का पहला मिशन 'PSLV-C62' नाकाम रहा। यह रॉकेट सोमवार सुबह 10.18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 16 सैटलाइट और पेलोड लेकर उड़ा था। इनमें भारत के मुख्य सैटलाइट 'अन्वेषा' के साथ नेपाल, ब्राजील, ब्रिटेन, थाईलैंड, फ्रांस, स्पेन जैसे देशों से जुड़े सैटलाइट और कैप्सूल भी थे। रॉकेट लॉन्चिंग के तीसरे चरण में तकनीकी गड़बड़ी आई, जिससे वह रास्ता भटक गया। इसके साथ ही, सभी 16 सैटलाइट और पेलोड का नुकसान हुआ। यह लगातार दूसरी बार है जब PSLV से मिशन असफल हुआ है। इससे पहले 18 मई 2025 को ऐसा हुआ था। » पेज 9

### ...लेकिन DRDO का टेस्ट रहा सफल



**रक्षा अनुसंधान** से जुड़े DRDO ने कंधे पर ले जाकर दागी जाने वाली मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (MPATGM) का सफल टेस्ट किया है। तीसरी पीढ़ी की यह मिसाइल दुश्मन के चलते हुए टैंकों को ऊपर से निशाना बनाकर मार गिराने में सक्षम है। इसे दुश्मन टैंकों के ऊपरी हिस्सों को भेदने के लिए डिजाइन किया गया है।

### हिट ऐंड रन के मामलों में तीन लोगों की मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर में अलग-अलग सड़क हादसों में मौत और गंभीर चोट की घटनाएं सामने आई हैं। मोती बाग फ्लाईओवर पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई, पहचान नहीं हो सकी। रोहिणी के बुध विहार में कार की टक्कर से स्कूटी सवार 25 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल है। वहीं, ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर रविवार रात गाड़ी में फ्यूल भर रहे दो भाइयों को बेकाबू कार टक्कर मारने के बाद 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। दोनों की मौत हो गई। आरोपी डॉक्टर को पकड़ लिया।



प्रस्ताव तैयार नाइट लाइफ जोन में फूड हब, नाइट मार्केट, विरासत समझाने वाले शो होंगे

# यमुना किनारे राजघाट में बनेगा दिल्ली का नाइट लाइफ ज़ोन

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: यमुना किनारे स्थित राजघाट पावर प्लांट अब सिर्फ अतीत की पहचान नहीं रहेगा, बल्कि फ्यूचर में दिल्ली की सबसे जीवंत नाइट लाइफ और कल्चरल हब के रूप में यंग इंडिया का नया अड्डा बनेगा। दिल्ली सरकार ने 45 एकड़ में फैले राजघाट पावर प्लांट को नाइट जोन एक्टिविटी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। यह पावर प्लांट 2019 में बंद हो चुका है। अब इस जगह को सरकार ने नाइट लाइफ जोन के रूप में विकसित करने का प्लान बनाया है। यहां पर, फूड हब, स्ट्रीट फूड जोन, नाइट मार्केट के अलावा दिल्ली की विरासत को समझाने वाले शो भी आयोजित होंगे।



### फरवरी से क्रूज की सवारी

**दिल्ली वाले** फरवरी में यमुना नदी पर क्रूज के सफर का आनंद ले पाएंगे। पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि क्रूज का निर्माण मुंबई में अपने अंतिम चरण में है।

### खाओ गली तैयार की गई

**दिल्ली के** सलीमगढ़ किले के पीछे बनी सर्विस रोड जल्द स्ट्रीट फूड के शौकीन लोगों की पसंद बनने वाली है। एमसीडी ने लोहे के पुराने पुल के पास खाओ गली तैयार की है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP8 User: cci Time: 01-12-2026 21:41 Color:





सरकार का लक्ष्य बजट संतुलित करना नहीं, अर्थव्यवस्था को संतुलित करना होना चाहिए- *जॉन मेनार्ड कीन्स*

# ताक़त बढ़ाए भारत

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने द्विपक्षीय रिश्तों को लेकर जो कहा है, वह कुछ दिन पहले आए अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक के बयान से बिल्कुल अलग है। गोर के मुताबिक, व्यापार समझौते को लेकर दोनों पक्षों में आज से बातचीत फिर शुरू होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए कोई और साझेदार भारत जितना जरूरी नहीं और उसे Pax Silica के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा। जरूरी मिनरल्स और एनर्जी को लेकर अमेरिका ने यह संगठन बनाया है।

**लगातार गिरावट** | गोर उम्मीद बढ़ाते हैं, लेकिन अमेरिका पहले भी कई बार पॉजिटिव संकेत दे चुका है। फिर उलटे बयान आने लगते हैं। इससे इकॉनमिक सेंटिमेंट और शेयर बाजार पर बुरा असर पड़ता है। 500% टैरिफ वाली बात के कारण पिछले एक हफ्ते में निवेशकों को करीब 18.55 लाख करोड़ का नुकसान हो चुका है। वहीं, विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला भी जारी है, जो पिछले साल करीब 1.7 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं।



नए दौर के सुधार हों

**ट्रंप की जिद** | दोनों देश पिछले साल फरवरी से ट्रेड डील पर बातचीत कर रहे हैं, पर नतीजा नहीं निकल रहा। ट्रंप एक तरफ पीएम मोदी के साथ दोस्ती का हवाला देते हैं, पर साथ में ऐसे कदम भी उठाते हैं, जो भारत को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। रूसी तेल पर उनका गलत आकलन और जिद व 500% टैरिफ का नया प्लान इसके उदाहरण हैं।

**संकट का अंदेशा** | जिस देश के पास बारगेनिंग पावर नहीं है, अमेरिका उसे झुका रहा है। चीन के पास रेयर अर्थ की बारगेनिंग पावर थी तो अमेरिका को उसके आगे झुकना पड़ा। इसलिए अमेरिका से ट्रेड डील की बातचीत के साथ भारत को अपनी ताकत बढ़ानी होगी।

**SME पर हो ध्यान** | निर्यात की विविधता बढ़ाने के लिए दूसरे देशों के साथ व्यापार समझौता भी अहम है, जिस पर सरकार का ध्यान बना हुआ है। SME से देश में सबसे अधिक रोजगार मिलता है। इसलिए इनकी मुश्किलें और आसान होनी चाहिए। डोमेस्टिक इकॉनमी को और मजबूत बनाने का प्रयास जारी रहना चाहिए।

**नए सुधारों की जरूरत** | मैन्युफैक्चरिंग में ऐपल जैसी कामयाबियों की और जरूरत है। जब से ऐपल ने भारत में मैन्युफैक्चरिंग शुरू की है, तब से वह 50 अरब डॉलर से अधिक का निर्यात यहां से कर चुका है। इसके साथ AI इनोवेशन तेज करने के लिए सरकार को बड़े पैमाने पर पहल करनी होगी। फिर 1990 के जिन रिफॉर्म्स की बदौलत भारत आज दुनिया की चौथी बड़ी इकॉनमी बना है, उसे और गति देने के लिए नए दौर के आर्थिक सुधारों की जरूरत आन पड़ी है। बजट इसके लिए शानदार मौका है।

## ऐवें कुछ भी

# प्रभो! हम पढ़ा पाएंगे?

कहीं पढ़ा था, लोगों की ईश्वर में आस्था बढ़ रही है। लोग तेजी से ईश्वर जैसी किसी सत्ता को मानने लगे हैं। उनका भरोसा प्रार्थना में बदलता जा रहा है। मैं इससे पूरी तरह सहमत हूं। ईश्वर जैसी किसी सत्ता में मुझे पहले भी भरोसा था, जो पिछले दो साल से बहुत ज्यादा बढ़ गया है। जब से बच्चे का एडमिशन एक प्राइवेट स्कूल में हुआ है। मैं रातों को जागकर प्रार्थना करने लगा हूं।



आलोक सिंह भदौरिया

महीने की 10 तारीख तक फीस जमा करनी होती है। एक-एक दिन टरकाता हूं। जब समयसीमा खत्म होने को होती है, उससे थोड़ा पहले आंख बंद कर फीस ऑनलाइन जमा कर देता हूं। हर महीने भगवान से हाथ जोड़कर पूछता हूं, प्रभो! ये हो तो पाएगा न? अभी फर्स्ट में है। बारहवीं तक पढ़ा पाएंगे कि नहीं।


अभी सुबह एक और पिता से मिला। मियां-बीवी दोनों सरकारी नौकरी करते हैं। उन्होंने अपने बेटे को बेहतर प्राइवेट स्कूल में दाखिल कराया है। मतलब जितनी जेब पिछले वाला काट रहा था, यह कुछ ज्यादा काटेगा। उनसे पूछा तो बताया, अभी छठी का फॉर्म लेकर आए हैं। कल एंट्रेंस देना है। मैंने कहा, आपसे कुछ पूछा? बोले, हां, कहा पैरेंट्स की सैलरी कितनी है। सैलरी सुनकर मैंने जवाब दिया, चिंता न करें, बच्चे का एडमिशन पक्का है।

इतने तक होता तो भी सही था। शाम साढ़े पांच बजे फलां प्रॉजेक्ट्स और ढिकाना वर्कशॉप का मैसेज आता है। सपूत हमारे हाथ में गेंद लिए निहारते रहते हैं, हम प्रॉजेक्ट बना रहे होते हैं। बचपन से अपने B.Sc. करने तक उतने प्रॉजेक्ट नहीं बनाए, जितने बेटे के लिए नर्सरी से फर्स्ट तक में बना चुके हैं। अगले दिन स्कूल से मुंह लटकाए लौटते हैं, यह कहते हुए कि पापा आपने कितना खराब प्रॉजेक्ट बनाया था। मैम ने उर्जित के प्रॉजेक्ट को कहा, वाओ! वैरी गुड कहा। जी करता है कह दें कि जाओ उर्जित की मम्मी से बनवा लाओ। लेकिन मन मसोसकर रह जाते हैं। कहीं हमारे सपूत की मम्मी ने सुन लिया तो प्रॉजेक्ट के साथ-साथ उनका स्पीच भी सुनना पड़ेगा।

## बोल वचन

दिलीप लाल

# कोल्हू का बैल



Subrata Dhar

मशीनों के आने से किसानों और कारीगरों के हाथ से केवल हुनर ही नहीं छिना, उनके साथ जुड़े कई शब्द भी धीरे-धीरे गुम हो गए। कोल्हू उन्हीं में से एक शब्द है। कोल्हू एक पारंपरिक यंत्र है, जिसमें बैल गोल-गोल घूमते हुए सरसों, मूंगफली या तिल जैसे बीजों से तेल निकालते हैं। 'कोल्हू का बैल' कहावत इसी से बनी है- जो लगातार मेहनत करता है, पर अपनी जगह से आगे नहीं बढ़ पाता। पारंपरिक कोल्हू लगभग खत्म हो गए थे, लेकिन शुद्ध तेल की बढ़ती मांग ने इसे फिर से प्रासंगिक बना दिया है। हालांकि अब बैल की जगह मोटर इस्तेमाल होती है। अंग्रेजी में कोल्हू को Oil Press, Oil Mill या Wooden Oil Press कहा जाता है, जबकि तकनीकी रूप में इसे Cold Pressed Oil Extractor कहते हैं, क्योंकि बिना गर्म किए इससे तेल निकाला जाता है। भारत के अलग-अलग हिस्सों में इसके अलग नाम हैं। उत्तर भारत में कोल्हू या घानी, गुजरात और महाराष्ट्र में घाणी, तमिलनाडु में चेक्कु, आंध्र-तेलंगाना में गानुगा और बंगाल में घानीकोल या तेल कोल।

---

### तेहरान ने पहले भी जनता के आंदोलन देखे हैं, लेकिन इस बार खामेनेई के सामने चुनौती अलग है

# ईरान में दिख रहा तीन पीढ़ियों का आक्रोश

ईरान पढ़ा-लिखा और समझदार देश है। यह पिछली शताब्दी से बार-बार अंदरूनी और बाहरी सियासत का शिकार होता रहा। कभी धर्म लाद कर दुनिया की एकमात्र इस्लामिक आवाज बनाया गया, तो कभी इसे पश्चिमी साम्राज्यवादी ताकतों ने मिलकर तोड़ा। कभी अपने पिट्ठू बैठाए, तो कभी मजहबी आकाओं ने आतंकवादियों का क्षेत्रीय प्रॉक्सी नेटवर्क बनाकर वर्चस्व फैलाया। कहानी तेल की भी है। खेल धर्म का है और भू-राजनीति की शतरंज के दांव-पेच भी हैं।



मनीष गुप्ता, न्यू यॉर्क से

**जलता ईरान** | राजधानी तेहरान सहित पूरे देश में जनता सड़कों पर है। लोगों में महंगाई को लेकर आक्रोश है। रियाल के लगातार लुढ़कने से ईरान के लोगों में गुस्सा है। शाह की अकर्मण्यता और मुल्ला राज से नाराजगी है। यह ईरान की आत्मा का विद्रोह है। देश के कोने-कोने से उठने वाला धुआं भी गवाही दे रहा है कि तीन पीढ़ियों का दबा हुआ लावा अब फूट चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इसे हवा दे रहे हैं। यूरोप मजा ले रहा है। इस्राइल खुलकर ईरान के खिलाफ आ गया है। ईरान के दोस्त रूस और चीन बवंडर को देख रहे हैं।

**विरोध की परंपरा** | ईरान का भू-राजनीतिक इतिहास किसी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म जैसा है। यहां सदियों पुरानी सभ्यता, इस्लाम के दो सम्प्रदायों शिया और सुन्नी की जंग व तेल का ऐसा कॉकटेल है, जिसने पूरी दुनिया को उलझा रखा है। आज अमेरिका का कट्टर दुश्मन बना ईरान 1950 तक वैसा नहीं था। ईरान के लोकतांत्रिक प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसादेग ने 1953 में तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। उस पर पहले अंग्रेजों का कब्जा था। इस पर अमेरिका और ब्रिटेन ने मिलकर शाह को सत्ता में बैठाया। यहीं से ईरानियों के मन में अमेरिका के खिलाफ विरोध पनपा।

**अमेरिका से दुश्मनी** | शाह के पश्चिमी रहन-सहन और भ्रष्टाचार के खिलाफ 1979 में अयातुल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में वहां की जनता खड़ी हुई। ईरान राजशाही से 'इस्लामिक गणतंत्र' बना और अमेरिका के साथ दोस्ती दुश्मनी में बदल गई। ईरान दुनिया का सबसे बड़ा शिया मुस्लिम देश है। उसने सऊदी अरब (सुन्नी नेतृत्व) के साथ कोल्ड वॉर शुरू की और अपना जाल पड़ोसी मुल्कों में फैलाना शुरू किया। लेबनान में हिजबुल्लाह, गाजा में हमास, यमन में हूती और इराक/सीरिया में मिलिशिया गुटों को तैयार किया।





**बदहाल इकॉनमी**
- गिरती अर्थव्यवस्था के खिलाफ लोग सड़कों पर
- डॉनल्ड ट्रंप इस मौके को भुनाना चाहते हैं
- इस्राइल खुलकर सामने आया, रूस-चीन देख रहे

**आंदोलन का सिलसिला** | 2009 में ग्रीन मूवमेंट, 2019 में ईंधन की कीमतों के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन में सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद शुरू हुए आंदोलन में महिलाओं ने अपना हिजाब जलाना शुरू कर दिया था। लेकिन, इस बार लोगों का गुस्सा चौपट हो रही अर्थव्यवस्था को लेकर है। गाजा, लेबनान, सीरिया और यमन में जंग रोकने के लिए ईरान अरबों डॉलर फूंक चुका है। लेकिन, खुद अपने देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और कुव्यवस्था चरम पर है।

**ट्रंप फैक्टर** | ट्रंप की वापसी ने 'सॉफ्ट पावर' के दौर को दफन कर दिया। पिछले दिनों वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा कर न्यूयॉर्क ले जाने के ट्रंप के दांव ने ईरान के शासकों को हिला दिया है। ऐसा लगता है कि अब ट्रंप किसी लंबी राजनयिक वार्ता या परमाणु सौदे के मूड में नहीं हैं। उनका मूल मंत्र मैक्सिमम प्रेशर और सत्ता परिवर्तन है। ईरान के जलते शहरों के बीच ट्रंप का संकेत आग में घी का काम कर रहा है।

**खामेनेई का धैर्य** | आयतुल्लाह अली खामेनेई के लिए यह समय उनके दशकों लंबे नेतृत्व की सबसे बड़ी अग्निपरीक्षा है। उन्होंने पूरी जिंदगी पश्चिमी साम्राज्यवाद और अमेरिकी दबाव के खिलाफ ईरान को एक 'अजेय दुर्ग' बनाने में लगा दी। उनके लिए यह केवल सत्ता बचाने की जंग नहीं, बल्कि उस इस्लामी इंकलाब के उसूलों को महफूज रखने की चुनौती है, जिसे बचाने के लिए ईरान ने आधी सदी से भारी कीमत चुकाई है।

**तीन पीढ़ियों की लड़ाई** | आज ईरान की सड़कों पर तीन पीढ़ियां हैं। जिनके दादा-दादी ने शाह को भागते और मुल्ला-राज को आते देखा है, मां-बाप ने जंग देखी, प्रतिबंध झेला और रिवॉल्यूशन एक्सपोर्ट की कीमत चुकाई। आज इंटरनेट पर दुनिया देखने वाली Gen-Z महंगाई, बेरोजगारी और तानाशाही - तीनों के साथ लड़ रही है।

*(लेखक फिल्मकार, कॉलमनिस्ट और राइटर हैं)*

---

## कांटे की बात

ईरान में सड़कों पर तनाव दिख रहा है। भारत के उसके साथ करीबी रिश्ते रहे हैं। हमारा दूतावास ईरान में रह रहे भारतीय स्टूडेंट्स के संपर्क में है। वे सही-सलामत हैं। भारत सरकार की नजर ग्रीनलैंड के मुद्दे पर भी है।




विक्रम मिसरी, *भारत के विदेश सचिव*

## AI की दुनिया

# डॉक्टरों से बात करने में मददगार नया मॉडल

सेहत से जुड़ी जानकारी के लिए OpenAI नया मॉडल ChatGPT Health लाने वाला है। नया मॉडल किसी बीमारी की पहचान या इलाज के लिए नहीं है। इसका काम लोगों को जागरूक बनाना है, ताकि वे डॉक्टर से बातचीत के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें।



AI Image

**6 लाख फीडबैक**

ChatGPT Health को तैयार करने में डॉक्टरों की बड़ी भूमिका रही है। OpenAI ने दुनिया के 60 देशों के 260 से ज्यादा डॉक्टरों के साथ दो साल तक काम किया। इन डॉक्टरों ने 30 से ज्यादा हेल्थ एरिया में 6 लाख से अधिक जवाबों पर फीडबैक दिया है। इससे यह तय किया गया कि कैसे जटिल मेडिकल जानकारी को आसान शब्दों में बताया जाए।

**जल्द होगा लॉन्च**

इस मॉडल में हेल्थ से जुड़ी फाइलें और कनेक्टेड ऐप्स बाकी चैट्स से अलग होंगे। फिलहाल ChatGPT Health को सीमित यूजर्स के लिए शुरू किया जा रहा है। ChatGPT Free, Go, Plus और Pro प्लान वाले यूजर्स वेटलिस्ट के लिए साइनअप कर सकते हैं। आने वाले हफ्तों में इसे वेब और iOS पर ज्यादा लोगों के लिए उपलब्ध कराने का प्लान है। *-प्रदीप तिवारी*

**जनता जंक्शन** — इरफान




---

# बैक्टीरिया, फंगस के सामने लाचार दवाएं

## ज्ञान-विज्ञान



मुकुल व्यास

स्कॉटिश डॉक्टर और वैज्ञानिक अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने 1928 में पेनिसिलिन की खोज की थी। यह दुनिया की पहली एंटीबायोटिक थी। फिर अनेक एंटीबायोटिक विकसित की गईं, जिन्होंने चिकित्सा जगत में बदलाव ला दिया। एंटीबायोटिक्स से जानलेवा इन्फेक्शन भी सामान्य इलाज बन गया। लेकिन, अब इनका जादू खत्म होने लगा है।



AI Image

**बैक्टीरिया तेज निकले** | एक नई स्टडी में कहा गया है कि बैक्टीरियल रेजिस्टेंस के कारण होने वाली सालाना मौतें 2050 तक करीब 19 लाख तक पहुंच सकती हैं। दवा के मुकाबले बैक्टीरिया और फंगस तेजी से विकसित हो रहे हैं। इन्फेक्शन लंबे समय तक बने रहते हैं। डॉक्टर इसलिए भी परेशान हैं, क्योंकि आखिरी उम्मीद वाली दवाएं फेल हो रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के हालिया आंकड़े बताते हैं कि हर 6 बैक्टीरियल इन्फेक्शन में से 1 ने स्टैंडर्ड एंटीबायोटिक्स के खिलाफ रेजिस्टेंस पैदा कर लिया है।

**सेप्सिस का कारण** | WHO का ग्लोबल एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस ऐंड यूज सर्विलांस सिस्टम (GLASS) विभिन्न देशों में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस को देखता है। हालिया वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार, 2018 से 2023 के बीच 40% से अधिक बैक्टीरिया-एंटीबायोटिक जोड़ों में रेजिस्टेंस बढ़ा है। सबसे ज्यादा खतरा ग्राम नेगेटिव बैक्टीरिया है। यह बैक्टीरिया कई दवाओं को रोकता है। ई-कोलाई और क्लेबसिएला निमोनिया बैक्टीरिया ब्लडस्ट्रीम इन्फेक्शन पर हावी है। यह सेप्सिस और अंग विफलता का कारण बन सकते हैं।

**भर्ती होने की नौबत** | पूरे यूरोप और अमेरिका में कार्बापेनम रेजिस्टेंस धीरे-धीरे बढ़ रहा है। कार्बापेनम का उपयोग बैक्टीरिया इन्फेक्शन के खिलाफ किया जाता है। अगर ये काम नहीं करती हैं, तो डॉक्टर और ज्यादा एंटीबायोटिक्स का इस्तेमाल करते हैं। फिर मरीजों को गहन निगरानी में लंबे समय तक रखा जाता है।

**लड़ाई में फंगस भी** | दवाओं के खिलाफ बैक्टीरिया की लड़ाई में फंगस भी शामिल है। कैंडिडा ऑरिस फंगस यीस्ट के रूप में पनपता है। कमजोर इम्यून सिस्टम वाले मरीजों को इससे खतरा है। इस फंगस ने कई एंटीफंगल दवाओं के खिलाफ रेजिस्टेंस विकसित कर लिया है। यह इतना ताकतवर है कि अस्पताल के पूरे वार्ड में फैल सकता है। इसके अलावा, एस्परगिलस फ्यूमिगेटस फंगस ने एजोल केमिकल के खिलाफ रेजिस्टेंस बना लिया है।

**सही रणनीति जरूरी** | विशेषज्ञों का कहना है कि इन्फेक्शन के खिलाफ ब्रॉड-स्पेक्ट्रम दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल करना सही रणनीति नहीं है। सही दवा और डोज से ही स्थिति बदल सकती है। डॉक्टर ब्रॉड-स्पेक्ट्रम दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे समस्या बढ़ी है। पैथोजेन और उनमें मौजूद रेजिस्टेंस जीन की पहचान करने के लिए निदान परीक्षणों में तेजी लानी होगी। और परीक्षण करने होंगे। नई एंटीबायोटिक और एंटीफंगल दवाओं की भी दरकार है।

---

# असम की बड़ी जिम्मेदारी प्रियंका को क्यों

हेमंत राजौरा

कांग्रेस ने असम विधानसभा चुनाव के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा को स्क्रीनिंग कमिटी का चेयरपर्सन बनाया है। यह ऐसा फैसला है जिसे पार्टी के भीतर और बाहर दूरगामी राजनीतिक संकेतों के रूप में देखा जा रहा है। यह पहली बार है जब गांधी परिवार के किसी सदस्य को किसी विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चुनने का जिम्मा मिला है।

### दलबदल का डर

असम का राजनीतिक संदर्भ इस फैसले को और अहम बना देता है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की न सिर्फ BJP के प्रभावशाली नेताओं में गिनती है, बल्कि वह गांधी परिवार के मुखर आलोचक भी हैं। ऐसे में असम की जिम्मेदारी प्रियंका को देकर पार्टी दिखाना चाहती है कि वह उनके किले में उसी राजनीतिक नेतृत्व को उतार रही है, जिसकी संगठन पर मजबूत पकड़ है।

विशुद्ध राजनीति — कसौटी

कांग्रेस को यह डर भी है कि पार्टी के कुछ नेता चुनाव से पहले पाला बदल सकते हैं। पूर्वोत्तर की राजनीति में दलबदल कोई नई बात नहीं है। कांग्रेस इसका खामियाजा पहले भी भुगत चुकी है। इसलिए शीर्ष नेतृत्व चाहता है कि उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पर नियंत्रण हो। प्रियंका से आशा है कि वह साफ छवि, वैचारिक प्रतिबद्धता और संगठन के प्रति निष्ठा रखने वाले नेताओं को ही आगे बढ़ाएंगी ताकि चुनाव बाद टूट-फूट की स्थिति न बने।

स्क्रीनिंग कमिटी का मुख्य काम विधानसभा की हर सीट से आने वाले संभावित उम्मीदवारों की छंटनी, उनकी राजनीतिक पृष्ठभूमि, संगठन के प्रति प्रतिबद्धता, सामाजिक स्वीकार्यता और सबसे अहम दलबदल की आशंका को देखना है। अंतिम मुहर भले ही केंद्रीय चुनाव समिति (CEC) लगाती हो, लेकिन CEC तक कौन-से नाम पहुंचेंगे यह जिम्मा स्क्रीनिंग कमिटी का होता है।

प्रियंका के लिए असम नया नहीं है। 2021 विधानसभा चुनाव में वह भले ही औपचारिक रूप से आगे न दिखी हों, लेकिन रणनीतिक स्तर पर उनकी भूमिका अहम थी। तब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को असम का सीनियर ऑब्जर्वर बनाने का फैसला भी उसी रणनीति का हिस्सा था। इस बार भी भूपेश बघेल और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को असम का सीनियर ऑब्जर्वर बनाया गया है।

असम में कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर नहीं है। 2021 विधानसभा चुनाव में 126 सीटों में से NDA को 75 और कांग्रेस गठबंधन को 50 सीटें मिली थीं। वोट प्रतिशत में सिर्फ 1.6% का अंतर था। NDA को 43.9% और कांग्रेस गठबंधन को 42.3% वोट मिले थे। अगर विपक्ष के बीच बेहतर तालमेल हो और इस बार मुकाबला कड़ा हो सकता है। यही वह जगह है, जहां प्रियंका की भूमिका निर्णायक बनती है।

### UP में भी वापसी के संकेत

उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। UP वह राज्य है, जहां प्रियंका लंबे समय तक कांग्रेस की प्रभारी रहीं। 12 जनवरी को प्रियंका के जन्मदिन पर UP कांग्रेस ने 100 दिन की विशेष रणनीति शुरू की है। 2022 के विधानसभा चुनाव में मुकाबला BJP और SP के बीच सिमट गया। इससे कांग्रेस को बड़ा नुकसान हुआ। अब पार्टी सामाजिक न्याय और ओबीसी राजनीति को केंद्र में रखकर नई जमीन तैयार करना चाहती है। असम में स्क्रीनिंग कमिटी की जिम्मेदारी और UP में 2027 की तैयारी से संकेत मिलता है कि कांग्रेस धीरे-धीरे प्रियंका को व्यापक राजनीतिक भूमिका में स्थापित कर रही है। यह भूमिका सिर्फ प्रचार तक सीमित नहीं बल्कि रणनीति, संगठन और नेतृत्व से जुड़ी है।



---

# 100% का इंतज़ार करते रह जाएंगे, 70% भी बुरा नहीं

संध्या वासुदेव

हम अक्सर जीवन में पूर्णता की खोज में उलझे रहते हैं। हमें लगता है कि जब तक कोई काम 100% सही न हो जाए, तब तक उसमें हाथ ही नहीं लगाना चाहिए। लेकिन क्या वास्तव में पूर्णता इतनी जरूरी है? पूर्णता का अर्थ है, बिना किसी दोष के कुछ रचना या संपादन करना। कोई मशीन बिल्कुल सटीक काम कर सकती है, लेकिन जहां मानवीय सोच, भावनाएं और दृष्टिकोण शामिल हों- जैसे कला, साहित्य या प्रबंधन, वहां पूर्णता हमेशा समय, काल, परिस्थितियों पर निर्भर होती है।

जो काम मशीनों से लिया जाता है वह सटीक हो सकता है, लेकिन मनुष्य के काम में कुछ न कुछ कमी या विविधता रहती है। ऐसे में क्या लक्ष्य प्राप्त करने से ज्यादा महत्वपूर्ण उसे हासिल करने में लगा समय नहीं है? अक्सर प्रबंधक किसी आदर्श समाधान की प्रतीक्षा में रहते हैं और उस पर अत्यधिक समय व ऊर्जा खर्च करते हैं, जबकि एक व्यावहारिक और उपयोगी समाधान पहले से उपलब्ध होता है। इस प्रवृत्ति को 'Perfect Solution Fallacy' कहा जाता है। यह वह स्थिति होती है, जब किसी अच्छी योजना को केवल कुछ कमियों के कारण लागू ही नहीं किया जाता। यह ठीक वैसा है, जैसे पेड़ों के चयन में उलझकर जंगल को भूल जाना।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

भगवद्गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं कि अधूरी या अपूर्ण साधनाएं भी व्यर्थ नहीं जातीं। इसलिए योग या साधना में पूर्णता न मिलने पर निराश होना उचित नहीं। हर प्रयास, चाहे वह छोटा ही क्यों न हो, आत्मिक प्रगति का हिस्सा बन जाता है। यही सिद्धांत जीवन के हर क्षेत्र में लागू होता है। लगातार आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहना, केवल पूर्णता की प्रतीक्षा में रुक जाने से कहीं बेहतर है। लक्ष्य ऊंचा रखना अच्छा है, पर रास्ते में मिलने वाली उपलब्धियों से संतुष्ट होना भी सीखना चाहिए।

जीवन गति में है। जो चलता रहता है, वही आगे बढ़ता है। इसलिए 100% की प्रतीक्षा को छोड़कर 70 या 80% से ही शुरुआत करना अधिक बुद्धिमानी है।

## रीडर्स मेल

### भरोसा कायम रहे

12 जनवरी का लेख 'हमारी दोस्ती तो सत्ता के लिए है' महाराष्ट्र के निकाय चुनाव की मौजूदा राजनीति की असहज सच्चाई से रूबरू कराता है। विचारधारा, नीति और जनहित अब गठबंधनों की धुरी नहीं रह गए हैं। इनकी जगह अवसरवाद और सत्ता के गणित ने ले ली है। जब कट्टर विरोधी भी एक-दूसरे के साथ सहज हो जाएं, तो आम मतदाता के सामने भरोसे का संकट खड़ा होता है। महाराष्ट्र की यह तस्वीर देशव्यापी राजनीतिक पतन की ओर भी इशारा करती है। अब लोकतंत्र से अधिक महत्व सत्ता-समीकरणों को मिल रहा है।

**विशाल सैनी, नोएडा**

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।



## फटाफट खबरें

### SIR के दबाव में मौतः BLO का प्रदर्शन

■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल में BLO के एक वर्ग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) के कार्यालय के सामने सोमवार को विरोध-प्रदर्शन किया और आरोप लगाया गया कि निर्वाचन आयोग SIR के दौरान कई बीएलओ की मौत के प्रति उदासीन रहा है। प्रदर्शनकारी बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्य हैं। प्रदर्शनकारियों ने पूछा कि इन मामले में बीएलओ के लिए मुआवजे की घोषणा क्यों नहीं की गई?

### जगदीप धनखड़ दिल्ली एम्स में भर्ती

■ भाषा, नई दिल्ली : पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को 10 जनवरी को दो बार बेहोश होने के बाद सोमवार को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया, जहां उनका एमआरआई किया गया। अधिकारियों ने कहा कि उनकी अन्य जांच मंगलवार को होगी। 10 जनवरी को तड़के सवेरे तीन बजे 74 वर्षीय धनखड़ पर स्नानघर में दो बार बेहोश हो गये थे। उन्हें सोमवार को एम्स ले जाया गया।

### सिद्धा-शिवकुमार को बुलाया जाएगाः खरगे

■ भाषा, बेंगलुरु : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस के भीतर जारी सत्ता संघर्ष के बीच सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को जरूरत पड़ने पर बातचीत के लिए नई दिल्ली बुलाया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस सरकार के 20 नवंबर को ढाई वर्ष पूरे होने के बाद CM पद में बदलाव की अटकलें जारी हैं।

# SC में ED ने कहा- ममता ने दिया था कार्रवाई में दखल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के अधिकारियों पर पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म I-PAC के ऑफिस में जांच और तलाशी कार्रवाई में हस्तक्षेप का आरोप लगाया है।

यह मामला शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, जब कलकत्ता हाई कोर्ट की कोर्टरूम में हुए हंगामे की वजह से सुनवाई स्थगित करनी पड़ी थी। ईडी ने सोमवार को सीबीआई से जांच कराने के निर्देश देने और ममता को जांच में बाधा डालने से रोकने के लिए आदेश पारित करने की मांग की है।

ईडी का आरोप है कि कोयला तस्करी से जुड़ी एक चल रही जांच की तलाशी कार्रवाई को बाधित किया गया। एजेंसी का दावा है कि इस हस्तक्षेप के चलते जांच से जुड़े अहम डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक सबूत हटाए गए। अधिकारियों को कानून के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका गया।

ईडी ने आगे कहा है कि जिस तरीके से कथित तौर पर तलाशी स्थलों पर कब्जा किया गया, वह एक वैध जांच को पूरी तरह से पटरी से उतारने के समान है। एजेंसी के अनुसार, वैधानिक अधिकार के तहत शुरू हुई तलाशी, राज्य मशीनरी की संलिप्तता के कारण टकराव में बदल गई। आई-पैक ने पहले तृणमूल कांग्रेस के साथ काम किया है और 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों और उसके बाद के चुनावों में पार्टी की चुनावी रणनीति तैयार करने में भूमिका निभाई थी।



File

ईडी ने पिछले दिनों कोलकाता में I-PAC के ऑफिस पर छापेमारी की थी। इस दौरान ममता बनर्जी पर दस्तावेज गायब करने का आरोप है।

### AI से दिक्कत, CEC को ममता का 5वां पत्र

■ भाषा, कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार को फिर से पत्र लिखकर दावा किया कि 2002 की मतदाता सूचियों में AI-आधारित डिजिटलीकरण त्रुटियों के कारण SIR प्रक्रिया के दौरान पात्र मतदाताओं को व्यापक कठिनाई हो रही है। SIR की शुरुआत के बाद से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखे अपने पांचवें पत्र में बनर्जी ने कहा कि AI के कारण डेटा में बड़े पैमाने पर विसंगति देखने को मिली।

## SIR पर TMC के सवाल, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में SIR के दौरान अपनाई गई प्रक्रिया को चुनौती देने वाली TMC के सांसदों द्वारा दायर याचिकाओं पर भारतीय चुनाव आयोग (ECI) से जवाब मांगा।

बेंच ने टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन और डोला सेन द्वारा दायर आवेदनों पर सुनवाई की। डेरेक ओ'ब्रायन की ओर से पेश सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि SIR से संबंधित निर्देश वट्सऐप जैसे सोशल कम्युनिकेशन प्लैटफॉर्म के माध्यम से जारी किए जा रहे हैं, जिससे BLO बिना किसी औपचारिक रूप से जारी आदेश के कार्रवाई करने को मजबूर हो रहे हैं। ECI ने मतदाताओं की एक 'लॉजिकल डिस्क्रेपैंसी' (तार्किक विसंगति) नामक श्रेणी शुरू की है, जिसके तहत मतदाता विवरण में त्रुटियों या विसंगतियों के आधार पर उनकी पात्रता की जांच के लिए अर्ध-न्यायिक सुनवाई के लिए नोटिस जारी किए जा सकते हैं।

ECI के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए 2 सप्ताह का समय मांगा, जिसे मंजूर कर लिया गया। CJI ने ECI को निर्देश दिया कि वह TMC सांसद डेरेक ओ'ब्रायन और डोला सेन दोनों की याचिकाओं में एक साझा जवाब दाखिल करे। मामले की सुनवाई अगले सोमवार के लिए लिस्ट की गई है।

# दिल्ली में CBI के सामने पेश हुए TVK चीफ विजय, करूर भगदड़ में पूछताछ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अभिनेता से नेता बने टीवीके चीफ विजय को सोमवार को तमिलनाडु के करूर भगदड़ मामले में सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया। वह सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे सीबीआई हेडक्वॉर्टर पहुंचे। उनसे सीबीआई की एसआईटी ने पूछताछ शुरू की।

टीवीके चीफ विजय सुबह चेन्नै से चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे। यहां वह भारी सुरक्षा घेरे में काली रेंज रोवर कार में सीबीआई मुख्यालय पहुंचे। जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें सीबीआई की एसआईटी टीम के पास ले जाया गया, जो 27 सितंबर 2025 को तमिलनाडु के करूर में टीवीके चीफ विजय की एक जनसभा के दौरान मची भगदड़ मामले की जांच कर रही है।

सूत्रों का कहना है कि नेता विजय से रैली से संबंधित तमाम सीक्वेंस की जानकारी ली जा रही है। उनसे रैली में पहुंचने का तय समय और फिर देरी होने का कारण भी सीबीआई जानना चाह रही है। इसके अलावा अन्य कई तरह के सवाल और जानकारी सीबीआई टीम उनसे जुटा रही है।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने एसआईटी से यह मामला अपने हाथ में ले लिया था। मामले में सबूत जुटाए जा रहे हैं। सीबीआई ने 6 जनवरी को बताया था कि टीवीके चीफ विजय से करूर भगदड़ मामले में दिल्ली स्थित सीबीआई हेडक्वॉर्टर में पूछताछ के लिए 12 जनवरी को बुलाया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने तमिलनाडु के पूर्व एडीजी (कानून एवं व्यवस्था) एस डेविडसन देवासीरवथम को भी तलब किया था। वह भी सीबीआई हेडक्वॉर्टर पहुंचे थे। उन्हें घंटों पूछताछ के बाद जाने दिया गया। लेकिन, फिल्म स्टार विजय से देर तक पूछताछ होती रही। सीबीआई ने इस मामले में टीवीके के और भी कई पदाधिकारियों से पूछताछ की है। सीबीआई ने इस घटना से संबंधित विडियो फुटेज और अन्य सबूत भी जुटाए हैं। विजय द्वारा कैंपेन के लिए इस्तेमाल की गई गाड़ी की भी जांच कर उसकी फरेंसिक जांच कराई है।



PTI

टीवीके चीफ विजय सुबह चेन्नै से चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे।

### विजय की फिल्म जन नायकन के सर्टिफिकेशन का विवाद SC पहुंचा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए ऐक्टर विजय अभिनीत फिल्म जन नायकन के निर्माता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। मद्रास हाई कोर्ट ने उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) को फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट जारी करने को कहा गया था। 9 जनवरी को मद्रास हाई कोर्ट ने एकल न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें सीबीएफसी को जन नायकन को तत्काल प्रमाण-पत्र जारी करने का निर्देश दिया गया था। इस फैसले के बाद राजनीतिक पृष्ठभूमि वाली इस फिल्म का भविष्य अनिश्चित हो गया, जिसे अभिनेता से नेता बने विजय के कारण खास ध्यान खींचा है।

मद्रास HC ने फिल्म को सर्टिफिकेट देने के आदेश पर रोक लगा दी थी।

भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय पादप जैव प्रौद्योगिकी संस्थान
लाल बहादुर शास्त्री भवन, पूसा परिसर, नई दिल्ली-110012
ICAR-National Institute for Plant Biotechnology
Lal Bahadur Shastri Building, Pusa Campus,
New Delhi-110012

वाक इन इंटरव्यू / ऑनलाइन

संस्थान में चल रही परियोजना में SRF/YP I/YP II/PA-I के अस्थायी पद के लिए होने वाले वाक इन इंटरव्यू एवं ऑनलाइन इंटरव्यू में भाग लेने वाले इच्छुक उम्मीदवार पदों की संख्या, पात्रता, परिलब्धियां, आवेदन पत्र, स्थान आदि के बारे का विवरण संस्थान की वेबसाइट (www.iari.res.in) से संपर्क/डाउनलोड करें।

(वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी)

# दिल्ली में कल से राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकर और पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन

## इसमें नहीं होगी पाकिस्तान और बांग्लादेश की भागीदारी


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकर और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन (सीएसपीओसी) 2026 का 28वां सम्मेलन 14 से 16 जनवरी तक दिल्ली में होगा। इसमें राष्ट्रमंडल देशों की संसद के अध्यक्ष, पीठासीन अधिकारी और प्रतिनिधि साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, नई तकनीकों और संसदीय प्रक्रियाओं को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन का आयोजन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा।

लोकसभा स्पीकर बिरला ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 14 जनवरी को सीएसपीओसी की कार्यकारी परिषद की बैठक होगी। 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संसद भवन के ऐतिहासिक संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में पाकिस्तान की भागीदारी नहीं रहेगी। बांग्लादेश में संसद भंग होने की वजह से उसकी भी सहभागिता नहीं हो पाएगी।

स्पीकर बिरला ने कहा कि इसके अलावा सम्मेलन में कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया समेत कई राष्ट्रमंडल देशों की भागीदारी होगी। सीएसपीओसी में राष्ट्रमंडल के 53 देशों की संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी भाग लेते हैं। इनमें से 42 देशों ने अपने शामिल होने की पुष्टि कर दी है।

उन्होंने यह भी बताया कि पहली बार सीएसपीओसी 2026 में 'वेब आधारित इवेंट मैनेजमेंट प्रणाली' का इस्तेमाल किया जा रहा है। सम्मेलन के समापन पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला सीएसपीओसी की अध्यक्षता ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष को सौंपेंगे।



File

यह सम्मेलन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की अध्यक्षता में होगा।

- इस सम्मेलन में राष्ट्रमंडल के 53 देशों की संसदों के अध्यक्ष और पीठासीन अधिकारी भाग लेते हैं।
- इनमें से 42 देशों ने शामिल होने की पुष्टि कर दी है।

भारतीय शिल्प संस्थान
INDIAN INSTITUTE OF CRAFTS & DESIGN
A Leading School For Craft Based Design Education In India

An initiative of Government of Rajasthan
Managed by Ambuja Educational Institute
Affiliated to Vishvakarma Skills University

ADMISSIONS 2026
B.Des | M.Des | P.G.Diploma
Short term courses are also available

SCAN FOR MORE INFO

SPECIALIZATIONS
- Soft Material Design
- Hard Material Design
- Fired Material Design
- Fashion Design
- Crafts Communication Design
- Jewellery Design
- Interior Design

- UCEED/CEED/NIFT/NID qualified candidates are exempted from written test
- Lateral entry allowed in the 2nd Year
- Scholarship for artisan wards & other eligible students

Last Date for Registration :
March 31, 2026
Apply Online at www.iicd.ac.in

CONTACT:
admissions@iicd.ac.in
+91 - 141 - 2701203 / +91 - 94606 73297

भारतीय रिज़र्व बैंक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग
14वीं मंजिल, केन्द्रीय कार्यालय भवन,
शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001

पर्यावरण मंजूरी

राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), ओडिशा ने "आईडीसीओ प्लॉट नंबर, S5-H-05, ईएमसी पार्क, इन्फोवैल्ली II, जात्रा, भुवनेश्वर, खोर्धा, ओडिशा में 18.55 एकड़ क्षेत्र में आरबीआई ग्रीनफ़ील्ड डेटा सेंटर और एंटरप्राइज़ स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान" को पर्यावरण मंजूरी फ़ाइल संख्या 520116/77-INFRA2/01-2025 दिनांक जनवरी 07, 2026 के माध्यम से पर्यावरण मंजूरी प्रदान की है।

**उपरोक्त पर्यावरण मंजूरी पत्र की प्रतियां राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ओडिशा के पास उपलब्ध है और इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF&CC), भारत सरकार के परिवेश पोर्टल की वेबसाइट (www.parivesh.nic.in) पर भी देखा जा सकता है**

स्थान: मुंबई
प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक

सुप्रीम कोर्ट का आदेश


# महाराष्ट्र निकाय चुनाव प्रक्रिया दो हफ्ते बढ़ी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की प्रक्रिया पूरी करने की समय-सीमा को दो सप्ताह के लिए बढ़ा दिया। पहले 31 जनवरी तक की समयसीमा थी।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि यह अवधि तब बढ़ाई, जब राज्य चुनाव आयोग (SEC) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह ने बताया कि आयोग ने 31 जनवरी से 10 दिन का अतिरिक्त समय देने के लिए एक अंतरिम आवेदन दायर किया है। बलबीर सिंह ने कहा कि अदालत ने पहले 31 जनवरी की समय-सीमा तय की थी, लेकिन कुछ जिला परिषदों और पंचायतों के चुनाव अभी होने हैं, इसलिए लगभग 10 और दिनों की आवश्यकता है। बेंच ने SEC के आवेदन को क्रमांकित करने के निर्देश देने के बाद स्थानीय निकाय चुनावों की निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करने के लिए दो सप्ताह का अतिरिक्त समय प्रदान किया।

महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण सीमा के 50 प्रतिशत से अधिक हो जाने के आरोप वाली एक अन्य याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि वह पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि चुनाव कराए जाएंगे, लेकिन वे याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे। बेंच ने वरिष्ठ अधिवक्ता वी. गिरि से कहा कि यदि 50 प्रतिशत की लक्ष्मण रेखा पार हो गई है, जैसे इस मामले में 52 प्रतिशत है, तो चुनाव होंगे, लेकिन वे इन याचिकाओं के परिणाम के अधीन होंगे।



- महाराष्ट्र निकाय चुनाव प्रक्रिया की समय सीमा पहले 31 जनवरी 2026 थी।
- राज्य चुनाव आयोग की ओर से अतिरिक्त समय के लिए अंतरिम आवेदन दायर है।

SBI
परियोजना वित्त प्रकोष्ठ, पार्श्वनाथ कैपिटल टावर, चौथी मंजिल, गोल मार्केट,
नई दिल्ली- 110001, ई-मेल: dgm2.pfsbu@sbi.co.in

ठेकेदारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

भारत सरकार की IDEAS दिशा निर्देशों के तहत, पूर्व-योग्य संस्थाओं की सूची में शामिल करने के लिए भारतीय ठेकेदारों से आवेदन आमंत्रित हैं, जो मॉरीशस में जल पाइपलाइन प्रतिस्थापन परियोजना पर कार्यों के निष्पादन के लिए बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आमंत्रित किए जाने के योग्य होंगे। ठेकेदारों का चयन दो चरणों (आवेदन की शॉर्टलिस्टिंग और वित्तीय मूल्यांकन) में पूरा किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए संबन्धित दस्तावेज भारतीय स्टेट बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/business/mauritius-pipeline-replacement-project से डाउनलोड किए जा सकते हैं। प्रक्रिया में कोई भी परिशिष्ट / संशोधन केवल बैंक की वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24.02.2026 है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 13.01.2026
उप महाप्रबंधक
(परियोजना वित्त प्रकोष्ठ)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त बलदेव सिंह पुत्र स्व. हरभजन सिंह निवासी मकान नं. 757, दूसरी मंजिल, गली नं. 07, गोविंदपुरी, नई दिल्ली ने केस एफआईआर नं. 904/2015, दिनांक 11.07.2015 अन्तर्गत धारा 506/509 आईपीसी, थाना गोविन्दपुरी, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त बलदेव सिंह मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त बलदेव सिंह फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. 904/2015, दिनांक 11.07.2015 अन्तर्गत धारा 506/509 आईपीसी, थाना गोविन्दपुरी, जिला दक्षिण-पूर्व, दिल्ली के उक्त अभियुक्त बलदेव सिंह से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 21.02.2026 को प्रातः 10:00 बजे या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनमेजा
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण-पूर्व जिला न्यायालय संख्या 10
साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/446/SE/2026
(Court Matter)

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
[CIN - L23201MH1959GOI011388]
पंजीकृत कार्यालय: इंडियन ऑयल भवन, जी-9, अली यावर जंग मार्ग, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051
फोन: 022-26447327; ईमेल आईडी: investors@indianoil.in; वेबसाइट: www.iocl.com

शेयरधारकों के लिए सूचना

निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण

यह सूचना कंपनी अधिनियम, 2013 के समय-समय पर संशोधित प्रावधानों के साथ **निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण** (लेखा, लेखापरीक्षा, अंतरण और वापसी) नियम, 2016 ("नियम") के अनुसार प्रकाशित की गई है।

नियम, अन्य बातों के साथ-साथ, उन सभी शेयरों को केंद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (IEPF) में स्थानांतरित करने का प्रावधान करते हैं, जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात वर्षों तक क्लेम नहीं किया गया है। तदनुसार, जिन शेयरधारकों ने 2018-19 के लिए दूसरा अंतरिम लाभांश और उसके बाद लगातार 7 वर्षों तक कंपनी द्वारा घोषित सभी अन्य लाभांश को क्लेम नहीं किया है, उनके द्वारा रखे गए शेयर **23.04.2026 के बाद** IEPF में स्थानांतरित किए जाने के अधीन हैं। कंपनी ने उन शेयरधारकों को उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर 05.01.2026 को व्यक्तिगत सूचना भेजी है। कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों का विवरण IEPF में स्थानांतरित किए जाने वाले शेयरों के विवरण के साथ अपनी वेबसाइट www.iocl.com पर भी अपलोड किया है। शेयरधारकों से IEPF में स्थानांतरित किए जाने वाले शेयरों के विवरण को सत्यापित करने के लिए वेब लिंक https://iocl.com/transfer-of-equity देखने का अनुरोध किया जाता है।

एतद्द्वारा सभी शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि वे वर्ष 2018-19 के लिए अदावाकृत दूसरा अंतरिम लाभांश को क्लेम करने के लिए **20.03.2026** तक कंपनी / रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ("RTA") अर्थात केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को उचित दस्तावेजों (सभी प्रकार से पूर्ण) के साथ आवेदन करें ताकि शेयर IEPF में स्थानांतरित न हों। **कृपया ध्यान दें कि यदि 20.03.2026 तक कंपनी या RTA द्वारा कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी को बिना किसी और सूचना के उपर्युक्त अनपेड लाभांश और शेयरों को IEPF में स्थानांतरित करने होंगे और कंपनी के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जा सकेगा। भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक और जिनके शेयर IEPF प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने योग्य हैं, ध्यान दें कि इस तरह के हस्तांतरण पर उनके पास मौजूद मूल शेयर प्रमाणपत्र अपने आप रद्द हो जाएंगे और गैर- परक्राम्य माने जाएंगे।**

यह भी ध्यान दें कि IEPF को हस्तांतरित किए गए शेयर, उन शेयरों पर मिलने वाले सभी लाभों सहित, यदि कोई हो, नियमों के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद EPF प्राधिकरण से वापस प्राप्त किए जा सकते हैं।

इस मामले में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया श्री भास्कर रॉय, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, यूनिट- इंडियनऑयल, सेलेनियम टावर बी, प्लॉट संख्या 31 और 32, वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, हैदराबाद - 500032; टोल-फ्री नंबर 1800 3094001; ईमेल पता: einward.ris@kfintech.com से संपर्क करें।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
(कमल कुमार ग्वालानी)
कंपनी सचिव

स्थान: मुंबई
दिनांक: 12 जनवरी 2026

रेल विकास निगम लिमिटेड
Rail Vikas Nigam Limited
गुणवत्ता, गति एवं पारदर्शिता
(A Government of India Enterprise)

पंजीकृत कार्यालय: प्रथम तल, अगस्त क्रांति भवन, भीकाजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली– 110066, सीआईएन: L74999DL2003GOI118633
ईमेल: investors@rvnl.org, वेबसाइट : www.rvnl.org,
फोन : 011–26738299, फैक्स: 011–26182957

"सक्षम निवेशक"

एमसीए के तहत इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड अथॉरिटी (आईईपीएफए) ने निवेशकों में जागरूकता बढ़ाने और बिना क्लेम किए गए डिविडेंड और शेयरों की रिकवरी को आसान बनाने के लिए "सक्षम निवेशक" नाम से एक देशव्यापी अभियान शुरू किया है। कंपनी के शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी से समय पर और प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए अभियान की अवधि के भीतर अपने केवाईसी डिटेल्स, ईमेल एड्रेस, बैंक मैंडेट और कॉन्टैक्ट जानकारी, जिसमें ईमेल एड्रेस का रजिस्ट्रेशन भी शामिल है, अपडेट कर लें, इससे कोई भी बिना दावे की गई राशि सीधे आईईपीएफए अथॉरिटी को ट्रांसफर होने से बच जाएगी।

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए तरीके से केवाईसी सहित अपनी विवरण अपडेट करें:

**1. फिजिकल फॉर्म में रखे गए शेयर** – इन्वेस्टर सर्विस रिक्वेस्ट फॉर्म (ISR-1, ISR-2, ISR-3, SH-13 अथवा SH-14) जमा करके, पैन, आधार, नवीनतम पता प्रमाण और बैंक अकाउंट के मूल कैंसल चेक की स्व-प्रमाणित कॉपी के साथ, नीचे दिए गए किसी भी तरीके से:

क. पोस्ट द्वारा: डॉक्यूमेंट/फॉर्म की स्व-प्रमाणित, तारीख वाली फिजिकल कॉपी कंपनी के आरटीए अर्थात अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110055 को भेजें।

ख. ईमेल द्वारा: अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी से, डिजिटल हस्ताक्षर वाले दस्तावेज के साथ: rta@alankit.com, virenders@alankit.com पर भेजें।

शेयरधारक ये फॉर्म कंपनी की वेबसाइट और आरटीए की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं: https://rvnl.org/RVNL_cms/uploads/investorinfo/Forms.pdf https://www.alankitassignments.com/investor-charter/

**2. डीमैट फॉर्म में शेयर:** अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) को अपना केवाईसी विवरण अपडेट करने और अपडेटेड विवरण कंपनी के आरटीए को बताने के लिए।

किसी भी सवाल या और मदद के लिए, शेयरधारक ऊपर दिए गए पते पर कंपनी या आरटीए से संपर्क कर सकते हैं।

रेल विकास निगम लिमिटेड की ओर से
हस्ताक्षर/-
कल्पना दुबे
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 12.01.2026

कैफेटेरिया और ऑप्टिकल शॉप के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

कमांडेंट, सशस्त्र बल क्लिनिक (AFC), नई दिल्ली, युद्ध विधवाओं/ ड्यूटी के दौरान शहीद हुए रक्षा कर्मियों की विधवाओं/विकलांग सैनिक/भूतपूर्व सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के जीवनसाथी/विधवाओं से आवेदन आमंत्रित करता है, ताकि सशस्त्र बल क्लिनिक, नई दिल्ली में ऐसे पेंशनभोगी सुविधाओं के रूप में 1x कैफेटेरिया और 1x ऑप्टिकल शॉप का संचालन किया जा सके।

मानदंड

1. [illegible]
2. [illegible]
3. [illegible]
4. [illegible]
5. [illegible]
6. [illegible]
7. [illegible]

[illegible]

जनवरी 2026

लापता/अपहृत की तलाश



ईशिका

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम: ईशिका, पुत्री: हृदय नारायण, पता: मकान नं. ए–64, गली नं. 17, सोम बाजार रोड, विद्या पति नगर, शिव मंदिर के पास, इंदिरा एन्क्लेव–2, किराड़ी, दिल्ली, लिंग: महिला, उम्र: 4 साल, कद: 3'1", रंग: गोरा, शरीर : पतला, चेहरा : गोल, पहनावा: नीले रंग का स्वेटर तथा पजामा पहने है, जो 09.01.2026 से थाना क्षेत्र – प्रेम नगर, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस बाबत FIR No. 07/26 U/s 137(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, दिनांक 09.01.2026, थाना: प्रेम नगर, दिल्ली में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन: 011-24368638, 24368641
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
DP/471/RD/2026

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: प्रेम नगर, दिल्ली
फोन: 8750870322

पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 45 साल, कद: 5'7", लिंग: पुरुष, रंग: सांवला, पहनावा: लाल व नीले रंग का जैकेट पहने है, **बरामदी स्थल:** जो प्रताप नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली के पास शिव डेयरी वेजीटेबल शॉप के सामने मृत अवस्था में पाया गया।

इस सम्बंध में **DD No. 34A**, दिनांक 04.01.2026, पुलिस स्टेशन: **गुलाबी बाग, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: गुलाबी बाग, दिल्ली
फोन: 9220347334, 7982296710

DP/487/N/2026

गुमशुदा / अपहृत की तलाश



डिम्पल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की, जिसका **नाम: डिम्पल, पुत्री:** स्व0 श्री मोहन कुमार, **पता:** मकान न. 481, गली न. 12, राम विहार, बेहटा हाजीपुर, लोनी, गाजियाबाद, यू.पी., **लिंग:** स्त्री, **उम्र:** 17 वर्ष 8 महीने, **कद:** 5फीट 3 इंच, **रंग:** गेहुंआ, **पहनावा:** सफेद रंग का सूट, नारंगी रंग की सलवार, सफेद रंग की चप्पल पहने है, और जो दिनांक 02.01.2026 से मकान न. ए–46, गली न. 1, नार्थ छज्जूपुर, दिल्ली, और थाना– ज्योती नगर, दिल्ली, के क्षेत्राधिकार से गुमशुदा है। इस संदर्भ में गुमशुदगी रिपोर्ट, **FIR No. 02/2026,** दिनांक: 02.01.2026, थाना: ज्योती नगर, दिल्ली, में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पतों पर सूचित करें।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
DP/288/NE/2026

थाना प्रभारी
थाना: ज्योती नगर, दिल्ली
फोन : 8439756491

अगर ICC वर्ल्ड क्रिकेट के हित में निष्पक्ष और सैद्धांतिक फैसला नहीं कर सकती है, तो उसे अपना कामकाज बंद कर देना चाहिए। अगर वह BCCI पर अपने फैसले लागू नहीं करा सकती तो उसके अस्तित्व का मतलब नहीं बनता है। -सईद अजमल, पूर्व स्पिनर, पाकिस्तान



**49**

सिक्स लगाए हैं रोहित शर्मा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल में। वह दोनों देशों के बीच हुए वनडे में सर्वाधिक सिक्स लगाने वाले बैटर हैं। दो सिक्स लगाते ही वह शाहिद अफरीदी (50) को पीछे छोड़ वनडे में न्यूजीलैंड के खिलाफ सर्वाधिक सिक्स लगाने वाले बैटर बन जाएंगे।

# भारतीय शटलर्स के साथ आयोजकों के सामने भी होगा बड़ा चैलेंज

Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारतीय शटलर्स के सामने आज से शुरू होने जा रही इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिताबी सूखा खत्म करने का चैलेंज होगा। वहीं दूसरी तरफ आयोजकों के सामने प्रतियोगिता के दौरान मैच और प्रैक्टिस वेन्यू में साफ सफाई और व्यवस्था दुरुस्त रखने की चुनौती होगी। पिछले साल (2025) इस टूर्नामेंट के दौरान डेनमार्क की शटलर मिया ब्लिचफेल्ट सहित कई खिलाड़ियों ने खराब खेल परिस्थितियों, खासकर धुंध (स्मॉग), पक्षियों की मेंगनी और खराब व्यवस्था पर नाराजगी जताई थी। इसे लेकर उन्होंने इंटरव्यू में निराशा व्यक्त की थी। मिया दूसरे राउंड में बाहर हो गई थीं। उन्होंने फूड पॉइजनिंग और खेल के लिए मुश्किल करार दी खराब परिस्थितियों को हार का कारण बताया था।

**वर्ल्ड चैंपियनशिप का यही वेन्यू:** इस बार इंडिया ओपन का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि इस साल अगस्त में इसी वेन्यू पर BWF वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप भी आयोजित की जाएगी। इंडिया ओपन, वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले एक टेस्ट रिहर्सल के रूप में काम करेगा। ऐसे में खिलाड़ियों की तरफ से छोटी सी शिकायत वैश्विक पटल पर भारत का नाम खराब कर सकती है।

**सिंधु, सेन होंगे बड़े दावेदार:** भारतीय खिलाड़ियों का अपने घरेलू कोर्ट पर प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। पिछले 15 वर्षों में केवल कुछ खिलाड़ियों ने ही खिताब जीते हैं। एक बार फिर घरेलू दर्शकों को सबसे बड़ी उम्मीद पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन से होगी। इन्हें भारतीय खिलाड़ियों के लिए शुरुआती चुनौतियां होंगी, जिनमें लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी के बीच मेंस सिंगल्स का ऑल इंडिया मुकाबला भी शामिल है। सिंधु का पहला मैच गुयेन थुई लिन्ह से होगा।



इंडिया ओपन बैडमिंटन 2026

सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में चिराग शेट्टी, सात्विकसाईराज, पीवी सिंधु, एचएस प्रणॉय और आयुष शेट्टी (बाएं से दाएं)

**एक नजर में चैंपियनशिप**

| | |
|---|---|
| कब से कब तक | 13-18 जनवरी |
| कितने देश | 20 |
| कितने प्लेयर्स | 256 |
| भारतीय प्लेयर्स | 28 |
| सबसे बड़ा दल | 36 (चीनी दल) |

**8** खिताब भारत ने जीते हैं इंडिया ओपन बैडमिंटन के इतिहास में

**9.5** लाख अमेरिकी डॉलर है कुल इनामी राशि

टेलिकास्ट: स्पोर्ट्स18 पर सुबह 10:00 बजे से

खिताब जीतना से बहुत कुछ बदल जाता है। जीत मायने रखती है, चाहे छोटी हो या बड़ी। हम एक जीत की तलाश में हैं जिससे आत्मविश्वास लौटे और हम फिर परिचित खेल दिखा सकें। - सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, भारतीय डबल्स खिलाड़ी

**रेड्डी-शेट्टी की जोड़ी के लिए बढ़ता क्रेज**

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

भारत में सिर्फ सिंगल्स के प्लेयर्स को स्टार का रुतबा मिलने के आम विचार को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की मेंस डबल्स जोड़ी ने पलटा है। स्टेडियम में दर्शकों के बीच भारतीय सिंगल्स प्लेयर्स से ज्यादा क्रेज रेड्डी-शेट्टी के लिए देखने को मिल रहा है। यह जोड़ी इस टूर्नामेंट में दो बार फाइनल में पहुंची है। उसने साल 2022 में खिताब जीता था। इस बार भी उनसे खिताबी जीत की उम्मीद होगी।

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल में सर्वाधिक सिक्स किस बैटर ने लगाए हैं?
A) रोहित शर्मा B) इयोन मॉर्गन C) रिकी पॉन्टिंग D) शाहिद अफरीदी

2. बार्सिलोना फुटबॉल क्लब कितनी बार सुपर कप खिताब जीत चुका है?
A) 13 B) 16 C) 18 D) 19

**कल के जवाब**
1. A) 22 2. B) साउथ कोरिया

**लकी WINNER**



1. नुसरत खान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश
2. हमीर सिंह, बुराड़ी, दिल्ली
3. महेश बजाज, बोरिवली, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

**SOM के लिए पात्रता तय**

■ **नई दिल्ली:** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन (NSG) अधिनियम से जुड़े नियमों को अधिसूचित किया है। साथ ही राष्ट्रीय महासंघों में मेरिट वाले खिलाड़ियों (SOM) को शामिल करने के लिए कई स्तर वाले पात्रता नियमों को पेश किया गया। दोषी व्यक्तियों के चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेने पर लगे बैन को जारी रखा गया है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय महासंघों की आम सभा में कम से कम दो महिलाओं सहित चार SOM को शामिल करना अनिवार्य कर दिया है।

**उषा संभालेंगी कमान**

■ **नई दिल्ली:** भारतीय ओलिंपिक संघ (IOA) ने अहमदाबाद में नैशनल ओलिंपिक अकैडमी (NOA) को 'औपचारिक रूप से फिर से शुरू करने' की घोषणा की। इसकी कमान IOA प्रेजिडेंट और पूर्व दिग्गज ऐथलीट पीटी उषा संभालेंगी। IOA ने साथ ही कहा कि राष्ट्रीय ओलिंपिक शिक्षा एवं विकास कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा।

**भांबरी-गोरानसन जीते**

■ **ऑकलैंड:** भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन की जोड़ी ने एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट के मेंस डबल्स के क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली। भांबरी और गोरानसन ने पहले राउंड में अजीत राय और जीन जूलियन रोजर की जोड़ी को 6-3, 6-2 से हराया। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन के सिलसिले में महत्वपूर्ण है।

## वॉशिंगटन चोटिल, दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष शामिल

# सुंदर की जगह बडोनी को बुलावा



भारत Vs न्यूजीलैंड
वनडे सीरीज

दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बडोनी

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** ऑलराउंडर्स के लिए खास लगाव रखने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर के कार्यकाल में टीम इंडिया में दिल्ली के आयुष बडोनी के रूप में एक और हरफनमौला की एंट्री हो गई है। चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ जारी वनडे सीरीज से बाहर हुए ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की जगह बडोनी को पहली बार सीनियर टीम में शामिल किया गया है।

**चोटिल होने वाले तीसरे:** वॉशिंगटन न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पांच ओवर्स में 27 रन दिए और न्यूजीलैंड की पारी के बीच में ही मैदान से बाहर चले गए। इसके बाद वह फील्डिंग के लिए मैदान पर नहीं उतरे। वह बाद में आठवें नंबर पर बैटिंग करने आए। ऋषभ पंत पिछले हफ्ते साइड स्ट्रेन के कारण सीरीज से बाहर हो गए थे, जबकि तिलक वर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी20 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं हैं क्योंकि उन्हें ग्रोइन की चोट के लिए सर्जरी करवानी पड़ी थी।

राइट बॉल चैलेंज

**कौन आएगा इलेवन में:** पिछले कुछ महीनों में टीम इंडिया ने सुंदर, अक्षर पटेल और नितीश कुमार रेड्डी के बीच अलग-अलग फॉर्मेट्स के प्लेइंग इलेवन में 'म्यूजिकल चेयर' का खेल देखा है। अब इस ग्रुप में बडोनी की एंट्री हो गई है। अब देखना होगा कि टीम मैनेजमेंट दूसरे वनडे में बडोनी को इलेवन में शामिल करता है या फिर पहले से टीम के साथ बने हुए फास्ट बोलिंग ऑलराउंडर नितीश को मौका देता है। वैसे बडोनी फिलहाल पूरी लय में नहीं दिख रहे हैं। वह बैटिंग ऑर्डर में नंबर-5 या उससे नीचे खेलते हुए सफल रहे हैं। उनका इकलौता लिस्ट-ए शतक भी नंबर-5 पर बैटिंग करते हुए है। बडोनी के पास 56 IPL मैचों का अनुभव भी है।

**IPL से खींचा था ध्यान:** इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पहली बार IPL में लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से अच्छा प्रदर्शन करके सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा था। लखनऊ की टीम में वह गंभीर के कोच रहते खेले थे। बडोनी का फर्स्ट क्लास में बैटिंग ऐवरेज 57.96 है, लेकिन लिस्ट-ए क्रिकेट के 27 मैचों में 36.47 के औसत से 693 रन बनाए हैं। सुंदर सीरीज में चोटिल होने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं।

**दिल्ली के लिए झटका:** बडोनी के राष्ट्रीय टीम में शामिल किए जाने का मतलब है कि वह मंगलवार को विदर्भ के खिलाफ बेंगलुरु में विजय हजारे ट्रॉफी के क्वॉर्टर फाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे। दिल्ली के लिए यह झटका साबित हो सकता है।

पिछले एक वर्ष में बोलर के रूप में आयुष बडोनी ने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। वह हमारे लिए नियमित रूप से विकेट ले रहे हैं। वह समझदार क्रिकेटर हैं और बहुत जल्दी सीखते हैं। -सरनदीप सिंह, हेड कोच, दिल्ली टीम

**टीम मैनेजमेंट मुझे ऑलराउंडर के तौर पर तैयार कर रहा है: राणा**

**बड़ोदरा:** पेसर हर्षित राणा ने पुष्टि की है कि टीम मैनेजमेंट ने उनसे अपने बल्लेबाजी कौशल में सुधार करने के लिए कहा है। राणा ने पहले वनडे में दो विकेट लेने के बाद मुश्किल वक्त में 23 गेंदों में 29 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। राणा ने कहा, 'टीम मैनेजमेंट मुझे एक ऑलराउंडर के रूप में तैयार करना चाहता है और मैं इस पर लगातार काम कर रहा हूं। मैं प्रैक्टिस सेशन के दौरान अपनी बैटिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। टीम चाहती है कि मैं ऑलराउंडर के तौर पर आठवें नंबर पर बैटिंग करूं। मुझे विश्वास है कि जरूरत पड़ने पर मैं निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए 30-40 रन बना सकता हूं।'



# कर्नाटक, सौराष्ट्र सेमीफाइनल में

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** मौजूदा चैंपियन कर्नाटक ने देवदत्त पडिक्कल (81* रन, 95 बॉल) और करुण नायर (74*, 80 बॉल) की नाबाद पारियों की बदौलत लगातार चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बारिश से प्रभावित मैच में कर्नाटक ने सोमवार को मुंबई को वीजेडी मेथड से 54 रन से हराया। कर्नाटक 255 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 33 ओवर्स में एक विकेट पर 187 रन बना चुका था। तब खेल रुका तब वीजेडी मेथड के हिसाब से पार स्कोर 132 रन था। इससे पहले मुंबई इससे पहले मुंबई को करारा झटका लगा जब अभ्यास के दौरान उंगली में चोट के कारण उसके टॉप बैटर सरफराज खान टूर्नामेंट से बाहर हो गए। टीम हारने के बाद मुंबई की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए आठ विकेट पर 254 रन बनाए।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

SOCIAL MEDIA



देवदत्त (बाएं) और करुण ने 143* रन की अटूट शतकीय साझेदारी की

**721** रन बनाए हैं देवदत्त ने इस सीजन विजय हजारे ट्रॉफी में। वह विजय हजारे के इतिहास में दो सीजन में 700+ रन बनाने वाले पहले प्लेयर बन गए हैं


**यूपी की टीम भी हारी**

**बेंगलुरु:** एक अन्य क्वॉर्टर फाइनल में कप्तान हार्विक देसाई (100* रन) के शतक से सौराष्ट्र ने वर्षा बाधित मैच में उत्तर प्रदेश को वीजेडी मेथड से 17 रन से हराया। टॉस गंवाने के बाद यूपी की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए आठ विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में सौराष्ट्र 40.1 ओवर्स में 3 विकेट पर 238 रन बना चुकी थी, तो बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा।

## विराट पर अंकुश नहीं लगा सकते: जेमीसन

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** विराट कोहली के प्रतिद्वंद्वी और साथी खिलाड़ी दोनों रह चुके न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर काइल जेमीसन इस भारतीय बैटर के कौशल को देख कर हैरान रह जाते हैं। उनका मानना है कि विराट पर अंकुश लगाना किसी भी बोलर के लिए टेढ़ी खीर होती है। विराट संडे को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में वनडे फॉर्मेट की 54वीं सेंचुरी बनाने के करीब थे, लेकिन जेमीसन ने उन्हें आउट कर दिया। इंडियन प्रीमियर लीग में बेंगलुरु टीम में विराट के साथ खेल चुके जेमीसन ने कहा, 'उनसे मुकाबला करने के लिए आपको अपना बेस्ट देना होगा। वह एक अलग ही स्तर के खिलाड़ी हैं और अधिकतर समय अच्छी लय में नजर आते हैं। उन जैसे बैटर्स पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता।'

रिऐक्शंस



विराट कोहली

# बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है प्रेशर: हरमनप्रीत

**218** गोल कर चुके हैं 254 इंटरनैशनल मैच में भारतीय सीनियर टीम से खेलते हुए हरमनप्रीत सिंह

Rupesh.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि प्रेशर अच्छी चीज होती है क्योंकि ये हर-पल आपको और बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। इन दिनों हॉकी इंडिया लीग (HIL) में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब की अगुआई कर रहे हरमनप्रीत ने नैशनल और लीग टीम की कप्तानी में फर्क और दबाव पर पूछे गए सवाल पर कहा, 'प्रेशर अच्छी चीज है, प्रेशर नहीं रहता है तो आप अपनी जिम्मेदारियों से कभी कभार लेफ्ट-राइट भी हो जाते हैं, लेकिन जब तक आपके दिमाग में यह बात रहती है कि मैं यहां क्यों हूं, मेरी क्या जिम्मेदारियां हैं और क्या जिम्मेदारियां दी गई हैं तो आप उसे पूरा करने के लिए अपना हंड्रेड पर्सेंट देते हैं।' हरमन ने दोनों टीमों की कप्तान में फर्क पर कहा, 'कप्तानी भारत की हो या फिर क्लब की, दोनों में ही जिम्मेदारी बराबर है। यहां लीग में सिर्फ फर्क यह पैदा होता है कि यहां कई नए चेहरों और प्लेयर्स के साथ आपको डील करना होता है। कई जूनियर आ रहे हैं। उन्हें तराशना और साथ लेकर चलना है। सभी को उनकी भूमिका का अहसास करना होता है।'

**भारतीय टीम को मिलेगी मजबूती:** हॉकी इंडिया लीग पर इस स्टार ड्रैगफ्लिकर ने कहा, 'लीग का फायदा भारतीय खिलाड़ियों को भरपूर मिलता है। वर्ल्ड के बेस्ट प्लेयर्स के साथ और उनके खिलाफ खेलने पर आप बहुत चीजें सीखते हैं और इंटरनैशनल लेवल पर जब आप जाएंगे तो ये अनुभव काम आता है। युवा खिलाड़ियों के लिए यह अनुभव बहुमूल्य है। लीग की वजह से नई प्रतिभाएं निखर कर आएंगी, जिससे हमारी नैशनल टीम को ही मजबूती मिलेगी।'

**टारगेट ट्रॉफी जीतने का:** हरमन ने युवा प्लेयर्स को यूज करने और एक अच्छी टीम तैयार करने में मैनेजमेंट की भूमिका को अहम माना। उन्होंने कहा, 'हमारा यह दूसरा सीजन है और अच्छी बात यह है कि सूरमा की इस सीजन भी टीम लगभग वही है, जो पिछले सीजन में थी। जेएसडब्ल्यू टीम मैनेजमेंट इस मामले में बेहतरीन काम कर रहा है। टीम में ज्यादा बदलाव नहीं है। ऐसे में हम वहां से ही शुरू कर सकते हैं जहां इसे पिछले सीजन छोड़ा था। पिछले सीजन हम तीसरे पर रहे थे और इस बार टारगेट ट्रॉफी है।'



FILE

हॉकी इंडिया लीग 2026

## हैरिस की तेज फिफ्टी से बेंगलुरु ने दर्ज की जीत

■ **एजेंसियां, नवी मुंबई:** ग्रेस हैरिस (85 रन, 40 बॉल, 10 फोर, 5 सिक्स) की तेज तर्रार फिफ्टी और कप्तान स्मृति मंधाना (47* रन) की संयमित पारी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) में यूपी वॉरियर्स को 9 विकेट से मात दी। पहले बैटिंग करते हुए यूपी ने दीप्ति शर्मा (45* रन) और डिएंड्रा डॉटिन (40* रन) की मदद से 20 ओवर्स में पांच विकेट पर 143 रन बनाए। जवाब में स्मृति और हैरिस की ओपनिंग जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 71 बॉल पर 137 रन की साझेदारी की। हैरिस ने इस साझेदारी के दौरान सिर्फ 22 बॉल पर फिफ्टी जमाई, जो WPL में बेंगलुरु के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी का रेकॉर्ड है। इस साझेदारी की बदौलत बेंगलुरु ने 47 बॉल शेष रहते 12.1 ओवर्स में लक्ष्य हासिल कर लिया।

विमिंस प्रीमियर लीग



ओपनर ग्रेस हैरिस

## रसेल की एक और हैटट्रिक से जीती HIL GC की टीम

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** केन रसेल ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सीजन की अपनी तीसरी हैटट्रिक पूरी की, जिसकी बदौलत HIL GC (हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग काउंसिल) ने अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगंस के खिलाफ जीत दर्ज की। टीम ने रांची में हुए मैच में ड्रैगंस को 4-2 से हराया। सीजन के अपने पहले दो मैच हैटट्रिक लगा चुके रसेल ने 14वें मिनट में HIL GC के लिए पहला गोल दागा। रसेल ने दूसरा गोल 33वें मिनट में किया जबकि 47वें मिनट में हैटट्रिक लगाई। HIL GC के लिए सैम वार्ड ने भी एक गोल किया। ड्रैगंस के लिए उत्तम सिंह और ब्लेक गोवर्स ने गोल दागे। एक अन्य मुकाबले में दिल्ली की टीम एसजी पाइपर्स ने हैदराबाद तूफांस को 2-1 से मात देकर सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की। पाइपर्स को अपने पहले दो मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था। HIL GC की टीम नौ अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है।

हॉकी इंडिया लीग 2026

SOCIAL MEDIA



HIL GC के प्लेयर केन रसेल

## राफिन्हा के शानदार खेल से बार्सिलोना ने जीता खिताब

■ **एपी, जेद्दा:** राफिन्हा के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने स्पेनिश सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रियाल मैड्रिड को 3-2 से हराया। बार्सिलोना ने 16वां सुपर कप खिताब जीता, जो किसी भी अन्य क्लब से अधिक है। रियाल मैड्रिड 13 खिताब के साथ दूसरे स्थान पर है। राफिन्हा का 73वें मिनट में किया गया विजयी गोल संयोगवश आया, जब शॉट मारते समय वह फिसल गए और गेंद मैड्रिड के डिफेंडर राउल असेंसियो से टकराकर गोलकीपर को चकमा दे गई। फाइनल के पहले हाफ का अंत बेहद रोमांचक रहा, जब ब्रेक से पहले स्टॉपेज टाइम में तीन गोल हुए, जिनमें से दो रियाल मैड्रिड ने और एक बार्सिलोना ने किया।

स्पेनिश सुपर कप

SOCIAL MEDIA



बार्सिलोना के लामिन यमाल, रॉबर्ट लेवानडोव्स्की, राफिन्हा (बाएं से दाएं)

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज आपको जिस बात की चिंता है वह नहीं होगी। किसी से कोई वादा अभी न करें, अन्यथा आगे चलकर पछताना पड़ेगा। हो सकता है जिसका भला आप करने की सोच रहे हैं वह आपसे कोई बड़ा फायदा चाह रहा है। कार्यक्षेत्र में वातावरण आपके प्रतिकूल होगा, लेकिन आप सबकुछ सामान्य करने में सफल रहेंगे।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आपके कंधों पर कुछ अतिरिक्त कार्यभार आ सकता है। यदि आप नौकरी करते हैं तो कोई नया काम आपको सौंपा जा सकता है। रही बात घरेलू समस्याओं की, तो वहां भी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। हो सकता है कोई ऐसा व्यक्ति आपके काम आ जाए। जिस काम में रुचि है उसके लिए समय निकालें।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज के दिन कार्यक्षेत्र में आपके सीनियर्स आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपकी कार्यकुशलता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। कुछ उत्तरदायित्व वाला काम भी आपको आज मिल सकता है। आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा। कुछ कठिनाई के बावजूद आप स्वयं को कमजोर न समझें।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
आप कई बार गुस्से में आकर कभी-कभी भारी गलती कर बैठते हैं। ऐसे में फिर आगे चलकर वही कार्य आपके लिए मुसीबत बन जाता है। बेहतर होगा कि आज के दिन आप खुद पर काबू रखें। किसी से फिजूल की बातचीत में उलझना आज के दिन ठीक नहीं। आर्थिक दृष्टि से आज का दिन अच्छा है। दिनभर धन लाभ के योग हैं।

**LEO** 23 July - 22 Aug
आज आपको अपने चारों तरफ के वातावरण पर कड़ी नजर रखनी होगी। आपको पता होना चाहिए कि आपके आसपास क्या हो रहा है। कोई व्यक्ति जो आपका विरोधी है या फिर बिजनेस में सहयोगी उसका पूरा ध्यान आपके पीछे लगा हुआ है। निवेश के मामलों में आज के दिन जोखिम उठा सकते हैं।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज के दिन आपके कार्यक्षेत्र में कुछ फेरबदल आपको परेशान करेंगे। अगर लंबे समय के हिसाब से सोचेंगे, तो यह बदलाव आपके पक्ष में ही है। आपको अपने कार्यक्षेत्र में अपने साथियों का सहयोग भी मिलेगा। आज के दिन कोई आपसे दोस्ती का हाथ बढ़ाएगा। किसी को निराश न करें।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
यदि आप किसी उलझन में हैं तो आपको किसी विश्वसनीय से अपनी परेशानी साफ-साफ जाहिर कर देनी चाहिए। घर के किसी सदस्य से कोई बात छुपाई है, तो उसे जरूर बता दें, अन्यथा आगे चलकर भविष्य में रिश्ते खराब हो सकते हैं। ससुराल पक्ष से आज के दिन आपको सहयोग मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक का योग भी अच्छा है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
यदि आप आज कोई नई नौकरी खोज रहे हैं या फिर नया कारोबार करना चाहते हैं तो अपने ही इर्द-गिर्द लोगों की मदद लें। हो सकता है इनमें से कोई आपके लिए मददगार साबित हो जाए। अपने अपने स्तर पर जो भी करना है उसे समय रहते ही आज के दिन आप जल्द से जल्द कर लें।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आप अपने काम को पूरा करने में कुछ तत्परता दिखाएं। यदि आप ढीले रहे तो सभी महत्वपूर्ण कार्य और भी देरी से हो सकते हैं। हो सकता है जिस मुकाम को आप हासिल करना चाहते हैं वह कोई और प्राप्त कर ले। जो भी करना है बिना समय गंवाए, आज ही कर लें।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपके लिए किसी पुराने संकल्प को पूरा करने का दिन है। जो भी आपके काम अधूरे लटके हुए हैं, उन्हें आज समय रहते ही पूरा कर लें। जितना भी आप किसी मामले को लंबा खींचने की कोशिश में रहेंगे आगे चलकर उसी में आपकी मुसीबत बढ़ जाएगी और खर्च भी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
काफी समय के बाद आपके रुटीन लाइफ में बदलाव आ रहे हैं। यदि कोई नया पद आपको मिल रहा है तो आप उसके स्वीकार करने में देर न लगाएं, क्योंकि हो सकता है यहीं से आपके लिए तरक्की का द्वार खुल जाए। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से आज व्यस्तता बढ़ सकती है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपको न चाहते हुए भी कहीं जाना पड़ सकता है। फिजूल की धमकाधमक से आज दूर रहें और किसी शान दिखाने वाले व्यक्ति से अपने मुकाबला न करें। आज आप कुछ लोगों का ध्यान भी आकर्षित करेंगे। रात्रि के समय कहीं बाहर घूमने जाएंगे। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग भी करेंगे।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष चंद्रमा, बुध, मंगल सहित शनि आपके भाग्यांक के स्वामी बन रहेंगे। जनवरी तक व्यापार में कभी अथवा लाभ में निरंतर कमी रहेगी। फरवरी महीने के आरंभ से मार्च महीने के अंत तक शुभ कार्यों में भी शीघ्र पड़ता दिख रहा है। हालांकि सभी परेशानियां अस्थायी हैं। अप्रैल माह से लेकर मई माह के मध्य तक में काम-धंधा पटरी पर आना प्रतीत हो रहा है। इस दौरान आपकी आय के नए स्रोत बनेंगे और आपका जीवनस्तर भी ऊंचा उठेगा। जून के महीने में किसी चमत्कारिक घटनाक्रम के अंतर्गत रुका हुआ धन हस्तगत हो जाएगा। जुलाई महीने में चलते-फिरते कार्यों से भी लाभ होने अथवा-मिलकर में आर्थिक स्थिति और भी बेहतर होगी। अक्टूबर-नवंबर आरंभ तक परिवार में मंगल कार्यों की योजना भी परिवार में बनेगी। वर्ष का उत्तरार्ध महिलाओं के लिए विशेष कामनापूरक और ऐश्वर्य प्राप्त कराने वाला होगा। दिसंबर अंत से जनवरी 2027 आरंभ तक विद्यार्थी वर्ग विशेष परिश्रम करने पर भी अल्प सफलता से काम चलाएंगे। इस वर्ष आप जिस हानि की आशंका से भयभीत हैं वह नहीं होगी। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। अनावश्यक व्यय भी होगा। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बुधवार, 14 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 25, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, एकादशी, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 1, रज्जब 24, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तदनुसार अंग्रेजी तारीख 14 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। एकादशी तिथि सायंकाल 5 बजकर 53 मिनट तक उपरांत द्वादशी तिथि का आरंभ। अनुराधा नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 3 बजकर 4 मिनट तक उपरांत ज्येष्ठा नक्षत्र का आरंभ। वृद्धि योग सायं 7 बजकर 50 मिनट तक उपरांत ध्रुव योग का आरंभ। बालव करण सायं 5 बजकर 53 मिनट तक उपरांत कौलव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार- भद्रा सायं 4 बजे तक। लोहड़ी पर्व (पंजाब, हरियाणा, जम्मू, दिल्ली)।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | | | |
| 8 | | | 5 | 7 | | | | |
| 5 | | | | 2 | | 7 | 3 | 8 |
| 2 | | | 1 | | | | 9 | |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | 5 | | | | 4 | | | 6 |
| 3 | 4 | 9 | | 6 | | | | 1 |
| | | | | 4 | 8 | | | 2 |
| | | | 7 | | | | | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बब्बू हब्बू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बदतमीज़ इश्क | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 19:30 रुद्र के रक्षक |
| 12:00 यशोमती अजेय कृष्णा | 21:00 चीख |
| 13:30 भ से भड़े | |

**मुस्कान से एक्सरसाइज में हो कम थकान**

मुस्कुराने से शरीर और मन दोनों को आराम मिलता है। वर्कआउट या दौड़ते समय मुस्कुराने से थकान कम लगती है और सहनशक्ति बढ़ती है।

## विचार

सफलता पाने के लिए जरूरी है कि आगे बढ़ने की चाह, असफल होने के डर से बड़ी हो, क्योंकि मजबूत इच्छा आत्मविश्वास बढ़ाती है हमेशा... कठिन हालात में भी।

**- बिल कॉस्बी** (Bill Cosby)

## ज़रा हंस लें



**चिंटू:** मम्मी मैं कल से स्कूल नहीं जाऊंगा। **मम्मी:** क्यों, क्या हो गया? **चिंटू:** मम्मी आज स्कूल में सभी बच्चों का वजन मापा गया था। **मम्मी:** तो? **चिंटू:** मुझे डर है कि वहीं रेट अच्छा मिल गया तो स्कूल वाले हमें बेच ही न दें...

## कविता

### मकर संक्रान्ति

आया है पर्व अति विशेष लेकर
'आनंद' शुभकामनाएं,
आदित्य का मकर राशि में हुआ
प्रवेश बढ़ी संभावनाएं,
झूमेंगी फसलें लहलहाएंगे खेत
भास्कर हुए उत्तरायण,
स्वीकारेंगे ईश अब सभी की भावों
भरी सारी प्रार्थनाएं।
बाल, युवा, वृद्ध, नर-नारी प्रसन्न
हुआ है मनस प्रत्येक,
संपूर्ण भारत में प्रसिद्ध त्यौहार एक
जिसके नाम अनेक,
लोहड़ी, पोंगल, बिहु, मकर संक्रान्ति
उत्सव है मनहरण,
जनमानस के जीवन में करता ये
खुशियों का अभिषेक।
भारत बसता है हर एक घर में
झलकती है छवि सुनहरी,
हर राज्य है खुशहाल जहां और
खिली-खिली हर नगरी,
विभिन्नताओं में अनेक कलाओं में
भरतवासी विलक्षण,
विविधताओं में भी यह धूम मची है
एकता की गहरी।

**- मोनिका डागा,**
**NBT रीडर**

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

# वॉक, साइक्लिंग, पिकनिक का साथ 'रिवरफ्रंट' का ठाठ


Poonam.Gaur@timesofindia.com

■ यह न तो कोई यमुना किनारे डिवेलप किया गया रिवर फ्रंट है और न ही किसी हिल स्टेशन पर सैलानियों के लिए विकसित किया गया पार्क है। यह है द्वारका सेक्टर-20 में बन रहे देश के सबसे बड़े, भारत वंदना पार्क के चारों तरफ डिवेलप किया गया साइकल और वॉकिंग कॉरिडोर। यह इस चिलचिलाती ठंड में राजधानी के लोगों का फेवरेट पिकनिक स्पॉट बन चुका है।

एक्सपेंट ड्रेन के साथ यहां कई किलोमीटर वॉकिंग और साइक्लिंग की जा सकती है। बच्चों के लिए झूले हैं और ग्रीन एरिया भी है। लोग इन दिनों यहां सुबह ही जुट जाते हैं। दूर दूर से आने वाले लोग यहां घर से चादर, चटाई और खाने पीने की चीजें लेकर आते हैं और फिर धूप के बीच पूरा दिन यहीं खेलते व धूप सेंकते नजर आते हैं।

**पानी को साफ रखने के हैं इंतजाम:** यहां ड्रेन के पानी को साफ रखने के लिए कई इंतजाम हैं। ड्रेन में चेक डैम जैसी प्रक्रिया अपनाई गई है जो पानी से गंद को अलग करती है और फिर इस गंद को एसटीपी आदि की मदद से साफ किया जाता है। इसकी वजह से यहां का पानी साफ रहता है। भारत वंदना पार्क में आठ से नौ झीलें हैं। इन झीलों में इसी पानी का इस्तेमाल किया जाएगा। भारत वंदना पार्क कमल के आकार का बना हुआ है।

### पानी में दिखने लगे हैं विदेशी परिंदे




ड्रेन का पानी साफ है और यहां जलीय जीव भी हैं। इसलिए यहां आपको विदेशी परिंदे भी दिख जाते। इनकी संख्या अभी काफी कम है। एक्सपर्ट के अनुसार नजफगढ़ झील में पक्षी काफी संख्या में आते हैं। ऐसे में संभावना है कि आने वाले सालों में यह जगह भी विदेशी परिंदों का नया ठिकाना बन जाए।

### कोई एंट्री टिकट नहीं




कॉरिडोर के लिए कोई एंट्री टिकट नहीं है। गार्ड यहां एंट्री गेट पर बैठा है। वह आपको प्रतिबंधित वस्तुएं व जानवर कॉरिडोर में ले जाने से रोकते हैं। आपको सीटिंग एरिया, धूप में बैठने का एरिया, ड्रेन के किनारे बैठकर पानी के पक्षी देखने का मजा सब मिलेगा। पार्क में जो कमी नजर आ रही है वह यह कि अभी यहां कुछ खान पान की व्यवस्था नहीं है।



मिनी इंडिया की तर्ज पर तैयार भारत वंदना पार्क के चारों तरफ का कॉरिडोर बन गया है पिकनिक स्पॉट

### दिख रही भारत वंदना पार्क की झलक

इस कॉरिडोर से आपको 22 एकड़ में बन रहे मिनी भारत की तर्ज पर विकसित हो रहे भारत वंदना पार्क की झलक भी देखने को मिल जाती है। पहले यहां ब्लू स्कीन का कवर लगा हुआ था। लेकिन अब इसे हटा लिया गया है। भारत वंदना पार्क का पहला चरण मार्च 2026 में शुरू होना है लेकिन डीडीए इसे इसी महीने शुरू करने की कोशिश में है। भारत वंदना पार्क में स्कल्पचर लगाने, बैंच, एंट्री गेट आदि का काम लगभग पूरा हो चुका है।



## NBT जन्मदिन मुबारक

### पीयूष मिश्रा



पीयूष मिश्रा का जन्म 13 जनवरी 1963 को हुआ। उन्होंने दिल्ली के NSD से एक्टिंग सीखी और लंबे समय तक थिएटर किया। 2003 में फिल्म 'मकबूल' से उन्हें पहचान मिली, लेकिन 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जैसी फिल्मों से वे देशभर में मशहूर हुए। वे एक बेहतरीन अभिनेता होने के साथ-साथ लेखक और गायक भी हैं।

### इमरान खान



इमरान खान का जन्म 13 जनवरी 1983 को हुआ। उन्होंने बचपन में 'कयामत से कयामत तक' जैसी फिल्मों में बाल कलाकार के रूप में काम किया। 2008 में फिल्म 'जाने तू... या जाने ना' से उन्होंने मुख्य अभिनेता के तौर पर करियर की शुरुआत की, जो सुपरहिट रही। वह 'हैप्पी पटेल' से पर्दे पर वापसी कर रहे हैं।

### जावेद सिद्दीकी



जावेद सिद्दीकी का जन्म 13 जनवरी 1942 को उत्तर प्रदेश के रामपुर में हुआ। उन्होंने फिल्मों में स्क्रिप्ट और डायलॉग लिखने में करियर बनाया। उन्होंने 'बाज़ीगर', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'दर', 'उमराव जान' और 'मम्मो' जैसी फिल्मों के लिए काम किया। उन्हें फिल्मफेयर, स्टार स्क्रीन अवॉर्ड मिल चुके हैं।

### अश्मित पटेल



अश्मित पटेल का जन्म 13 जनवरी 1978 को हुआ। वे अभिनेत्री अमीषा पटेल के भाई हैं। उन्होंने 2003 में फिल्म 'इंतेहा' से एक्टिंग करियर की शुरुआत की, लेकिन 2004 की फिल्म 'मर्डर' से उन्हें असली पहचान मिली। फिल्मों के अलावा वे रियलिटी शो 'बिग बॉस 4' से काफी चर्चा में रहे।

# हर टिक-टिक में बसी कहानी, विंटेज घड़ियों का लौटा दौर

## अलग दिखने की चाह ने बढ़ाई पुरानी मिकैनिकल घड़ियों की ज़बरदस्त डिमांड

Joeanna.Fernandes
@timesofindia.com

■ पिछले कुछ सालों में भारत में पुरानी यानी विंटेज घड़ियों के प्रति लोगों की दिलचस्पी तेजी से बढ़ी है। ऐसी घड़ियां, जो कम से कम 25 साल पुरानी हों, अब सिर्फ समय देखने का साधन नहीं रहीं, बल्कि इतिहास, यादों और कारीगरी की पहचान बन गई हैं। इन घड़ियों से जुड़ी कहानियां आज नई पीढ़ी को भी आकर्षित कर रही हैं। मुंबई के वरुण जठनानी पिछले 13 साल से ऐसी ही कहानियों की तलाश में हैं। उनके पास 1930 से पहले की स्लूथ सी-थ्रू घड़ी है, जिसके





विंटेज घड़ियों की महफ़िल: घड़ियों के शौकीन शेयर कर रहे हैं यादें और कलेक्शन

पीछे 'एन भौमिक' खुदा हुआ है। वरुण को इस शख्स के बारे में कुछ नहीं पता, लेकिन यही रहस्य उन्हें घड़ी से जोड़ता है। यह घड़ी केरल के त्रिशूर से मुंबई के भायखला की दुकान तक आई। वरुण ने

इसे 24 साल की उम्र में खरीदा और अब उनके पास 110 घड़ियों का कलेक्शन है, जिनमें से 105 विंटेज हैं।

विंटेज घड़ियां बातचीत की शुरुआत बन जाती हैं। द रिवॉल्व क्लब के

संस्थापक जूड डी सूज कहते हैं कि आज के दौर में जब लोग महंगी लेकिन एक जैसी घड़ियां पहनते हैं, तब पुरानी घड़ियां अलग पहचान देती हैं। 1969 में पहली क्वार्ट्ज घड़ी आने के बाद कई स्विस कंपनियां बंद हो गईं, जिससे मिकैनिकल घड़ियां कीमती हो गईं।

आज लोग इन्हें ढूंढने के लिए बाजार छान रहे हैं। जैसे-जैसे बाजार बढ़ रहा है, सर्विस सेंटर्स की अहमियत भी बढ़ी है। मोरबाग और पोल में आधुनिक लैब वाले शॉप्स पुराने पार्ट्स की मरम्मत करते हैं। परेश परिहार कहते हैं, "घड़ियां पहनने के लिए होती हैं, बंद रखने के लिए नहीं।" जितना ज्यादा पहनोगे, उतनी लंबी उम्र।

## तलवारों की धार और अटूट जज़्बे को सलाम

असम के डिब्रूगढ़ के पोलो ग्राउंड में चमकती ये तलवारें सिर्फ प्रदर्शन नहीं, बल्कि सेना की उस 'वॉरियर स्पिरिट' की पहचान है जो कभी रिटायर नहीं होती। ईस्टर्न कमांड की एक्स-सर्विसमेन रैली में जवानों ने पारंपरिक युद्ध कौशल से जज़्बे और अनुशासन की एक शानदार मिसाल पेश की।



PTI

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन बढ़ा

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** आयकर विभाग ने सोमवार को बताया कि मौजूदा वित्त वर्ष में 11 जनवरी तक नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 8.82% बढ़कर 18.38 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। कॉरपोरेट टैक्स का हिस्सा 8.63 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा। वहीं, आम लोगों, छोटे व्यापारियों से मिलने वाला टैक्स 9.30 लाख करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार से 44,867 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। वहीं, इस दौरान टैक्स रिफंड में 17% की कमी आई है।

### BCCL का IPO 33 गुना सब्सक्राइब

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** कोल इंडिया की सहायक कंपनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL) के IPO को लेकर निवेशकों में उत्साह दिख रहा है। कंपनी की तरफ से बताया गया है कि सोमवार को बोली लगाने के दूसरे दिन यह आईपीओ 33.60 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी ने इसके लिए 21-23 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है। मंगलवार को बोली लगाने का आखिरी मौका है।

## TCS और HCLTech के मुनाफे में गिरावट

AI Image



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) ने सोमवार को दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए। कंपनी का नेट प्रॉफिट 13.91% गिरकर 10,657 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी का मुनाफा 12,380 करोड़ रुपये था। पिछली तिमाही (सितंबर) में यह 12,075 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने बताया कि नए लेबर कोड की वजह से उस पर 2,128 करोड़ रुपये का बोझ पड़ा। अगर यह एकमुश्त असर न होता, तो कंपनी का मुनाफा 8.5% बढ़कर 13,438 करोड़ रुपये होता। कंपनी ने शेयरहोल्डर्स को हर शेयर पर 57 रुपये का डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने बताया कि AI से होने वाली कमाई में 17% का उछाल आया है।

वहीं HCLTech ने ने बताया कि कंपनी का नेट प्रॉफिट 11.2% गिरकर 4,076 करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने 4,591 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। वहीं कंपनी का रेवेन्यू 13.3% बढ़कर 33,872 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले साल इसी दौरान 29,890 करोड़ रुपये था।

**TCS**
- नेट प्रॉफिट: 10,657 रुपये करोड़ (13.91% की गिरावट)।
- कुल रेवेन्यू: 67,087 करोड़ रुपये (4.86% की बढ़त)।
- डिविडेंड: 57 रुपये प्रति शेयर

**HCLTech**
- नेट प्रॉफिट: 4,076 करोड़ रुपये (11.2% की गिरावट)।
- कुल रेवेन्यू: 33,872 करोड़ रुपये (13.3% की बढ़त)।

## 3 महीनों के ऊंचे स्तर पर रिटेल महंगाई दर

# दिसंबर में जेब पर बोझ, खाने-पीने की चीज़ें महंगी

AI Image



**जेब पर बोझ...**
- दिसंबर 2025: 1.33%
- दिसंबर 2024: 5.22%
- शहरी महंगाई: 2.03%
- ग्रामीण महंगाई: 0.76%
- खाद्य तेलों के दाम बढ़े: 6.75%
- मीट-मछली में बढ़त: 5.12%
- अंडों के दाम में बढ़त: 4.76%

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने से दिसंबर में खुदरा महंगाई दर 3 महीनों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (CPI) आधारित रिटेल इन्फ्लेशन सालभर पहले के मुकाबले दिसंबर में 1.33% रही। साल 2024 के दिसंबर में यह 5.22% थी।

दिसंबर में महंगाई दर नवंबर के 0.71% से 62 बेसिस पॉइंट्स अधिक रही। दिसंबर में खाने-पीने की चीजों में महंगाई दर शून्य से तो नीचे ही रही, लेकिन नवंबर के माइनस 3.91% से बढ़कर यह माइनस 2.71% हो गई। यह भी 3 महीनों के ऊंचे स्तर पर आ गई। दिसंबर 2024 में यह 8.39% थी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'रिटेल इन्फ्लेशन और फूड इन्फ्लेशन में बढ़ोतरी मुख्य रूप से पर्सनल केयर से जुड़ी चीजों, सब्जियों, मीट-मछली, अंडे, मसालों और दालों में महंगाई बढ़ने के चलते हुई।' मीट-मछली के दाम 5.12%, अंडों के 4.76% और खाद्य तेलों के 6.75% बढ़े।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'फसल अच्छी होने से खाने-पीने की चीजों के दाम नीचे बने रहे। GST की नई व्यवस्था का विभिन्न कमोडिटीज पर अलग-अलग असर रहा।' क्रिसिल रेटिंग्स के रिसर्च हेड राजीव शरण ने कहा, 'ओवरऑल इन्फ्लेशन कम बनी हुई है, लेकिन गैर-खाद्य चीजों और कीमती धातुओं की ओर से दबाव बढ़ रहा है।' केयरएज की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने कहा, 'रीपो रेट 25 बेसिस पॉइंट्स घटाने की गुंजाइश है, लेकिन हमारा मानना है कि MPC अभी ऐसा नहीं करेगी। स्थितियां बिगड़ने पर ही वह रेट घटाना चाहेगी।'

### वैश्विक हालात अहम

सरकार ने RBI को रिटेल इन्फ्लेशन 4% रखने का जिम्मा दिया है। लगातार 11वें महीने महंगाई इससे कम रही। लिहाजा उम्मीद बढ़ी है कि 4-6 फरवरी को RBI मीटिंग में रीपो रेट 5.25% से नीचे लाया जाएगा। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। कॉपर और एल्युमीनियम के दाम भी उछले हैं। ऐसे में RBI देखेगा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच GDP ग्रोथ को सहारे की जरूरत है या नहीं।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

## सेंसेक्स में निचले स्तर से 1000 पॉइंट्स की तेज़ी

AI Image



**शेयर बाजार में रिकवरी**
- सेंसेक्स: 83,878.17 (+301.93 पॉइंट)
- निफ्टी: 25,790.25 (+106.95 पॉइंट)
- मेटल इंडेक्स में बढ़त: 1.92%
- महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के कारण गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।


■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में पिछले 5 दिनों से चली आ रही मायूसी सोमवार को खत्म हुई। भारत में नवनियुक्त अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के एक बयान ने बाजार में जान फूंक दी, जिसमें उन्होंने भारत को अमेरिका का सबसे अहम पार्टनर बताया। भारत और अमेरिका के बीच रिश्तों को दोबारा मजबूत करने का संकेत देते हुए सर्जियो गोर ने कहा कि दोनों देश ट्रेड डील को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

जैसे ही भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता आगे बढ़ने की खबर आई, बाजार ने शानदार वापसी की। सेंसेक्स निचले स्तरों से करीब 1,000 पॉइंट की रिकवरी करते हुए 300 पॉइंट की बढ़त के साथ बंद हुआ। मेटल और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा रौनक रही। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में कुल 2,185.77 अंक (2.54%) और निफ्टी में 645.25 अंक (2.45%) की गिरावट आई थी।

सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 700 पॉइंट से ज्यादा टूट चुका था, लेकिन गोर के बयान के आने के एक घंटे के भीतर ही बाजार ने न केवल अपनी पूरी गिरावट की भरपाई की, बल्कि दिन के निचले स्तर से 1017 पॉइंट की शानदार रिकवरी भी कर ली। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 301.93 पॉइंट (0.36%) की बढ़त के साथ 83,878.17 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 106.95 पॉइंट (0.42%) चढ़कर 25,790.25 पर बंद हुआ। सुबह निफ्टी भी करीब 210 पॉइंट लुढ़क गया था। बाजार में मेटल सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.92% की तेजी रही। इसके अलावा एनर्जी, सरकारी बैंक और एफएमसीजी (FMCG) सेक्टर भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि रियल्टी और कैपिटल गुड्स सेक्टर में गिरावट दर्ज की गई। स्मॉलकैप इंडेक्स 0.68%, मिडकैप में 0.41% की गिरावट रही।

# एक दिन में 15 हज़ार रुपये उछली चांदी, गोल्ड ने भी बनाया रेकॉर्ड

AI Image



**रेकॉर्ड ऊंचाई**
- **चांदी:** 2,65,000 रुपये प्रति किलो (15,000 रुपये, 6% की बढ़त)।
- **चांदी** (पिछला भाव): 2,50,000 रुपये प्रति किलो।
- **सोना** (99.9%): 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (2,900 रुपये, 2.05% की बढ़त)।
- **सोना** (पिछला भाव): 1,41,700 रुपये प्रति 10 ग्राम।

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** सोमवार को भारतीय और ग्लोबल बाजारों में सोने और चांदी ने अपनी कीमतों के पिछले सारे रेकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 15,000 रुपये की बड़ी छलांग लगाकर 2,65,000 रुपये प्रति किलो के रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच गई। वहीं, सोने ने भी अब तक के सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए और यह 1,44,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए हाई पर पहुंच गया।

ऑल इंडिया ज्वैलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी की कीमत में 15,000 रुपये (करीब 6%) की बढ़ोतरी हुई। इसके साथ ही यह पिछले बंद भाव 2,50,000 रुपये से बढ़कर 2,65,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्सों के साथ) पर पहुंच गई। इसके साथ ही 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 2,900 रुपये (2.05%) का उछाल आया।

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स असोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,327 रुपये बढ़कर 1,40,449 रुपये पर बंद हुआ। बीएन असोसिएट्स के भार्गव वैद्य ने कहा कि बाजार में मौजूदा हलचल का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा जियोपॉलिटिकल टेंशन की वजह से है। उन्होंने कहा कि कीमतों में आगे का उतार-चढ़ाव अमेरिकी फेडरल रिजर्व के फैसलों और ईरान से जुड़े घटनाक्रमों पर निर्भर करेगा।

# बड़ी गाड़ियों में 'छोटा' पेट्रोल इंजन, चलेगा दांव?

**Tata Harrier**
एक्स शोरूम कीमत : 12.89 से 24.68 लाख रुपये

**Tata Safari**
एक्स शोरूम कीमत : 13.29 से 25.20 लाख रुपये



**ऑटो रिव्यू**
खालिद अमीन

टाटा की हैरियर और सफारी के साथ पेट्रोल इंजन का इंतजार एक लंबे अर्से से हो रहा था। आखिरकार अब ये दोनों SUV नए 1.5 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन के साथ आ गई हैं। भले ही इस साइज की गाड़ियों में डीजल इंजन आज भी टॉप चॉइस बने हुए हैं लेकिन इन दोनों में पेट्रोल इंजन की कमी काफी समय से महसूस की जा रही थी। मोटे तौर पर दोनों गाड़ियों में कोई खास बदलाव नहीं किया गया है इसलिए इस रिव्यू में हम पेट्रोल इंजन की परफॉर्मेंस और नए जोड़े गए फीचर्स पर ही फोकस करेंगे।

सबसे पहले बात नए इंजन की। इन दोनों गाड़ियों में दिया गया है टाटा का नया 1.5 लीटर हाइपेरियन टर्बो पेट्रोल इंजन। यह इंजन 170 पीएस की पावर और 280 एनएम का टॉर्क देता है। खास बात यह है कि कम आरपीएम पर भी इसमें अच्छा टॉर्क मिलता है। शहर की ट्रैफिक में बार-बार गियर बदलने की जरूरत कम महसूस होती है और हाइवे पर ओवरटेकिंग भी बिना ज्यादा मेहनत के हो जाती है। हालांकि पीक पावर और परफॉर्मेंस के मामले में इसकी तुलना इस सेगमेंट में आने वाले 2.0 लीटर डीजल या पेट्रोल से करेंगे तो पावर कम लगेगी। यहां पहली नजर में 1.5 लीटर इंजन किसी बड़ी SUV के लिए छोटा लग सकता है, लेकिन ड्राइव में ऐसा महसूस नहीं होता। पिक-अप अच्छा है, टर्बो लैग बहुत कम है और पावर डिलिवरी स्मूद व सीधी रहती है। पेट्रोल इंजन होने की वजह से डीजल के मुकाबले वाइब्रेशन और नॉइज काफी कम है। यही वजह है कि ड्राइव ज्यादा आरामदायक और प्रीमियम लगती है।

इस इंजन के साथ 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का विकल्प मिलता है। ऑटोमैटिक गियरबॉक्स खास तौर पर बहुत स्मूद है और इंजन के साथ इसकी ट्यूनिंग अच्छी बैठती है। लंबी दूरी की यात्रा में यह कॉम्बिनेशन काफी आरामदायक साबित होता है। बाहरी डिजाइन में कुछ और बेहतर करने का यहां मौका था जिसे टाटा ने चूक दिया।

नए फीचर्स में सैमसंग का QLED तकनीक वाला 14.53 इंच का बड़ा टचस्क्रीन सिस्टम मिला है। यह स्क्रीन बहुत शार्प है रिस्पॉन्स भी काफी तेज है। इसके साथ 10-स्पीकर JBL साउंड सिस्टम दिया गया है, जिसमें डॉल्बी एटमॉस सपोर्ट है। एक और नया और काम का फीचर है डिजिटल रियर व्यू मिरर। इसमें पीछे लगे कैमरे की लाइव वीडियो मिलती है, जिससे पीछे सड़क साफ दिखती है, चाहे कार में पूरा सामान भरा हो। आगे और पीछे के कैमरे अब डैश कैम की तरह भी काम करते हैं। फ्रंट और रियर कैमरे के साथ वॉशर भी दिए गए हैं। वेंटिलेटेड सीट्स, पावर्ड ड्राइवर सीट, 360 डिग्री कैमरा, पैनोरमिक सनरूफ, और लेवल-2 ADAS जैसे फीचर्स पहले से ही मौजूद हैं। राइड और हैंडलिंग हमेशा से हैरियर और सफारी की ताकत रही है, पेट्रोल इंजन आने के बाद यह और बेहतर महसूस होती है।

पेट्रोल SUV होने की वजह से फ्यूल पर खर्च डीजल से थोड़ा ज्यादा रहेगा। फिर भी जिन लोगों की ड्राइविंग ज्यादा नहीं है और जो ज्यादा रिफाइंड अनुभव चाहते हैं, उनके लिए यह समझौता सही बैठता है। इसके मुकाबले में सेगमेंट लीडर महिंद्रा की XUV 700 (अब XUV 7XO) के अलावा ह्युंदै की अल्काजार, एमजी की हेक्टर, हेक्टर प्लस और जीप की मेरिडियन जैसी गाड़ियां मौजूद हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDBP User: ccl Time: 01-12-2026 22:38 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## जब हुआ पहला पब्लिक रेडियो प्रसारण

आज के दिन 1910 में दुनिया का पहला सार्वजनिक रेडियो प्रसारण न्यू यॉर्क में हुआ था। मशहूर वैज्ञानिक ली डी फॉरेस्ट (Lee de Forest) ने इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने न्यू यॉर्क के ओपेरा हाउस से गायकों की आवाज को रेडियो तरंगों के जरिए हवा में भेजा। उस समय लोगों के पास आज की तरह रेडियो नहीं थे, इसलिए इसे समुद्र में खड़े जहाजों और कुछ खास जगहों पर रिसीवर लगाकर सुना गया।



## मूड के हिसाब से होगा रेडियो का कंटेंट

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में रेडियो और अधिक अडवांस रूप में मौजूद होगा। यह किसी डिवाइस तक सीमित नहीं होगा, बल्कि कानों में लगे इयरफोन, स्मार्ट चश्मों और आसपास के माहौल में मौजूद होगा। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की मदद से रेडियो व्यक्ति के मूड, रुचि और भाषा के हिसाब से खुद कंटेंट तैयार करेगा। 3D साउंड तकनीक से घटनाएं इस तरह सुनाई देंगी जैसे सुनने वाला वहीं मौजूद हो। तकनीक बदलेगी, लेकिन आवाज से जुड़ाव की ताकत बनी रहेगी।



AI Images

**SPEED News**

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में IED



File

ब्लास्ट में 6 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। घटना में 3 घायल हैं। पुलिस की गाड़ी को निशाना बनाकर एक पुल पर हमला किया गया।



### ब्रिटेन ने नाटो देशों के साथ आर्कटिक क्षेत्र में

सुरक्षा मजबूत करने पर बातचीत शुरू की है ताकि रूस, चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला किया जा सके।

### समुद्री आहार सुरक्षा पर शिखर सम्मेलन



मे हिस्सा लेने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह सोमवार को यरुशलम पहुंचे। 15 जनवरी तक यह सम्मेलन चलेगा।



AFP

### अर्जेंटीना में पैटागोनिया के जंगल में लगी आग

ने 12,000 हेक्टेयर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है, जिससे स्थानीय निवासियों पर खतरा मंडरा रहा है।

**SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।**

# तेहरान की सड़कों पर शवों का ढेर

## दावा- 3 हजार से ज्यादा मारे गए, सड़कों पर अब सरकार के समर्थन में भी प्रदर्शन

■ एपी/एएफपी, दुबई/पैरिस

**ईरान में** पिछले दो हफ्ते से ज्यादा समय से सत्तारूढ़ शासन के खिलाफ जनता सड़कों पर है। करीब 200 शहरों में यह विरोध प्रदर्शन पहुंच चुका है। दावा है कि अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है और 10 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। मरने वालों में प्रदर्शनकारियों के साथ ही सुरक्षाबलों के जवान भी हैं। राजधानी तेहरान के कई विडियो रविवार को वायरल हुए। सड़कों पर हजारों की भीड़ है और लोग ताबूत लेकर चलते दिखे। राजधानी काहरिजक फरेंसिक मेडिकल सेंटर के बाहर कई शवों को बॉडी बैग में बंद कर जमीन पर रखा गया था।

> **ईरान के विदेश मंत्री बोले- हम युद्ध नहीं चाहते**

मौतों की संख्या ईरान ह्यूमन राइट्स (IHR) अनुसार, अपुष्ट रिपोर्टों में मृतकों की संख्या सैकड़ों से लेकर 2,000 से अधिक तक बताई जा रही है। करीब 2,600 लोगों की गिरफ्तारी का भी अनुमान है। विपक्षी संगठन पीपुल्स मुजाहिदीन (MEK) ने दावा किया है कि उसके सूत्रों के मुताबिक 3,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, हालांकि इस आंकड़े की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं, सरकार के समर्थन में भी सोमवार को कई जगह प्रदर्शन हुए। ईरान ने सोमवार को कहा कि वह युद्ध और बातचीत दोनों के लिए तैयार है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने तेहरान में विदेशी राजनयिकों के सम्मेलन में कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन अगर हालात बिगड़ते हैं तो वह पूरी तरह तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान बातचीत के लिए भी तैयार है, बशर्ते वह बराबरी, आपसी सम्मान और निष्पक्ष शर्तों पर हो।

**ट्रंप को बहाना मिले, इसलिए प्रदर्शन हुए: ईरान:** ईरान के विदेश मंत्री ने सोमवार को आरोप लगाया कि उनके देश में हिंसक प्रदर्शन हुए ताकि ट्रंप को हस्तक्षेप करने का बहाना मिल सके। विदेश मंत्री ने हालांकि अपने दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। अराघची ने तेहरान में विदेशी राजनयिकों से बात की। कतर की ओर से वित्त पोषित अल जजीरा सैटलाइट न्यूज नेटवर्क ने उनके बयान प्रसारित किए।

AFP





**84** घंटे से इंटरनेट बंद, संगठन बोले- मौत का आंकड़ा छुपाने को लगाई रोक

**अमेरिका में भी प्रदर्शन:** लॉस ऐंजिलिस, कैलिफोर्निया में एक्टिविस्ट्स ने 'फ्री ईरान' रैली में हिस्सा लिया। विपक्षी संगठन पीपुल्स मुजाहिदीन (MEK) ने दावा किया है कि उसके सूत्रों के मुताबिक 3,000 से ज्यादा लोग ईरान में मारे गए हैं। ईरान की सरकार इंटरनेट बंद करके आंकड़े छुपा रही है।

### सरकारी टीवी ने समर्थन के प्रदर्शन के फुटेज दिखाए

इंटरनेट मॉनिटर नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में 84 घंटे से ज्यादा वक्त से इंटरनेट बंद है। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि इंटरनेट बंद करने का मकसद प्रदर्शनों पर हुई कार्रवाई में मारे गए लोगों की वास्तविक संख्या को छिपाना है। ईरानी सरकारी टीवी ने राजधानी तेहरान के एंघेलाब स्क्वायर यानी इस्लामिक रिवॉल्यूशन स्क्वायर की ओर उमड़ती भारी भीड़ के फुटेज दिखाए। सरकारी मीडिया ने इस प्रदर्शन को अमेरिका के आतंकवाद के खिलाफ ईरानी जनउभार करार दिया। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ट्रंप के विशेष दूत से बातचीत का एक चैनल खुला है।



AFP का दावा-एक मुर्दाघर के बाहर ऐसा हाल दिखा

### सरकार ने कहा- सुरक्षा बलों के जवान भी मारे गए

ईरानी सरकार का कहना है कि प्रदर्शन को कंट्रोल करने वाले सुरक्षा बलों के भी दर्जनों जवान मारे गए हैं। सरकारी मीडिया ने उनके अंतिम संस्कार को बड़े पैमाने पर हुए सरकार समर्थक प्रदर्शनों के रूप में दिखाया है। तेहरान के गवर्नर मोहम्मद-सादेग मोतामेदियान ने दावा किया है कि प्रदर्शनों की संख्या कम हो रही है और हालात सामान्य हो रहे हैं। मारे गए सुरक्षा बलों को श्रद्धांजलि देने के लिए सरकार ने 3 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। वहीं, ईरान के अपदस्थ शाह के बेटे रजा पहलवी ने सुरक्षा बलों से प्रदर्शनकारियों का साथ देने की अपील की है।

# जर्मनी के साथ डिफेंस, एजुकेशन से जुड़ी डील

PTI



**कार में साथ बैठे मोदी-मर्त्स:** पीएम नरेन्द्र मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स ने कार्यक्रम के बाद एक ही कार में सफर किया।

■ एपी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स (Friedrich Merz) के बीच सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में मुलाकात हुई। दोनों नेताओं के बीच भारत और यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को और गहरा करने पर बातचीत हुई। गांधीनगर में हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र, कौशल विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा में सहयोग बढ़ाने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये कदम ऐसे समय में उठाए गए हैं जब दोनों देश चीन पर निर्भरता कम करने और आपसी आर्थिक रिश्तों को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

> **हेल्थ सेक्टर में काम करने वालों को जर्मनी में होगी आसानी**

मोदी ने कहा कि जर्मनी, यूरोपीय संघ में भारत का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है और दोनों नेता इस संबंध को और विस्तार देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि क्लाइमेट ऐक्शन, पावर और दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ एलिमेंट्स) के खनन जैसे क्षेत्रों में नए प्रोजेक्ट्स पर काम किया जा रहा है। मोदी ने यह भी कहा कि दोनों देशों ने रक्षा उद्योगों के बीच संयुक्त विकास और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक रोडमैप पर सहमति बनाई है। हालांकि जर्मनी के भारत के साथ पारंपरिक रूप से मजबूत रक्षा संबंध नहीं रहे हैं। जर्मनी की कंपनी थाइसेनक्रुप के भारतीय कंपनियों के साथ मिलकर भारत में छह उन्नत पारंपरिक पनडुब्बियों के निर्माण में साझेदारी करने की संभावना है, जो भारतीय नौसेना के आधुनिकीकरण का हिस्सा है। दोनों देशों ने एक ऐसे समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिससे जर्मनी के स्वास्थ्य क्षेत्र में भारतीय पेशेवरों के लिए काम करना आसान हो जाएगा।

### बेबी अरिहा शाह का मामला भी उठाया

बेबी अरिहा शाह का मामला एक बार फिर चर्चा में है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि जर्मनी में पिछले 40 महीनों से फोस्टर केयर में रह रही भारतीय बच्ची अरिहा को लेकर भारत सरकार जर्मन अधिकारियों से उच्चतम स्तर पर लगातार संपर्क में है। भारत का मानना है कि यह मामला अब कानूनी नहीं बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। TOI के मुताबिक, मिसरी ने कहा कि पीएम ने भी इस विषय को जर्मनी के चांसलर के सामने उठाया है। साथ ही यह प्रयास किए जा रहे हैं कि अरिहा जर्मनी में रहते हुए भारतीय सांस्कृतिक माहौल से जुड़ी रहे। अरिहा को सितंबर 2021 में 7 महीने की उम्र में एक दुर्घटना के बाद जर्मन बाल संरक्षण एजेंसी ने फोस्टर केयर में रखा था। माता-पिता के खिलाफ मामले 2022 में बंद हो चुके हैं, फिर भी वह अब तक परिवार से अलग है।

### गाज़ा में हमास भंग करेगा सरकार

AP



इस्राइली जेलों में बंद कैदियों की रिहाई के लिए गाजा में प्रदर्शन

■ एपी, काहिरा: हमास ने कहा है कि वह अमेरिका की मध्यस्थता में तय हुई शांति योजना के तहत फलस्तीनी निकाय के कार्यभार संभालने के बाद गाजा में अपनी मौजूदा सरकार भंग कर देगा। हालांकि समूह ने रविवार को इसका ऐलान करते हुए यह नहीं बताया कि ऐसा कब होगा। हमास और उसके प्रतिद्वंद्वी फलस्तीनी अथॉरिटी ने निकाय के लिए अपने सदस्यों के नामों की घोषणा नहीं की है। ये सदस्य राजनीति से जुड़े नहीं होंगे। फलस्तीनी अथॉरिटी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली हुई है।

# ट्रंप ने क्यूबा का तेल बंद करने की दी धमकी

## क्यूबा के राष्ट्रपति बोले- आदेश नहीं दे सकते, आखिरी सांस तक रक्षा करेंगे

■ एएफपी, वॉशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने रविवार को क्यूबा को खुली धमकी दी कि अगर उसने जल्द कोई समझौता नहीं किया, तो अमेरिका क्यूबा को मिलने वाला सारा तेल और पैसा पूरी तरह बंद कर देगा।

> **ट्रंप बोले, क्यूबा वेनेजुएला से ले रहा था सस्ता तेल**

ट्रंप का कहना है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो के सत्ता से हटने के बाद अब क्यूबा को सहारा देने वाला कोई नहीं बचा है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि क्यूबा वर्षों से वेनेजुएला से सस्ता तेल और पैसा लेता रहा है। बदले में वहां की सरकारों को सुरक्षा सेवाएं देता था, लेकिन अब यह सब खत्म हो गया है। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में अमेरिकी कार्रवाई में वेनेजुएला में मौजूद कई क्यूबाई सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं और अब वेनेजुएला को क्यूबा की जरूरत नहीं है। हालांकि ट्रंप ने यह साफ नहीं किया कि वह क्यूबा से किस तरह की डील चाहते हैं।

ट्रंप के बयान पर क्यूबा के राष्ट्रपति मिगेल डियाज कैनेल (Miguel Díaz Canel) ने कड़ा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि क्यूबा एक आजाद और संप्रभु देश है और कोई उसे आदेश नहीं दे सकता। उन्होंने यह भी कहा कि क्यूबा के लोग अपने देश की रक्षा आखिरी सांस तक करने को तैयार हैं। क्यूबा के विदेश मंत्री ने भी कहा कि क्यूबा को पूरा हक है कि वह जिस देश से चाहे, वहां से ईंधन खरीदे और अमेरिका को इसमें दखल देने का कोई अधिकार नहीं है। अमेरिका ने 1962 से ही क्यूबा पर व्यापारिक प्रतिबंध लगा रखे हैं।



मिगेल डियाज कैनेल

### ट्रंप की धमकियों पर क्यूबा के लोग गंभीर नहीं

क्यूबा की राजधानी हवाना (Havana) की सड़कों पर आम लोग ट्रंप की धमकियों को ज्यादा गंभीरता से नहीं ले रहे। 65 साल की मर्सिडीज सिमोन का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति दशकों से क्यूबा के बारे में सिर्फ बातें ही करते आए हैं, असल में कुछ नहीं बदलता। 21 साल के मार्कोस सांचेज का मानना है कि दोनों देशों को बिना हिंसा के बातचीत से हल निकालना चाहिए।

### ट्रंप फिर बोले, भारत, पाक युद्ध रुकवाया

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क: ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष सुलझाने का दावा एक बार फिर दोहराते हुए कहा कि उन्होंने 8 युद्ध समाप्त कराए लेकिन फिर भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिला। ट्रंप ने पिछले सप्ताह 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'मैंने आठ युद्ध खत्म किए। अगर आप उन युद्धों को देखें, तो ये भी बेहद कठिन युद्ध थे। और मैं आपको बताता हूं कि भारत और पाकिस्तान आपस में लड़ रहे थे।'









# 2 देशों में Grok बैन, डीपफेक वजह

## मलयेशिया और इंडोनेशिया ने AI चैटबॉट पर लगाया प्रतिबंध

AI Image



■ एपी, कुआलालंपुर (मलेशिया)

**मलयेशिया और** इंडोनेशिया इलॉन मस्क की कंपनी xAI की ओर से विकसित AI चैटबॉट Grok पर प्रतिबंध लगाने वाले दुनिया के पहले देश बन गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस टूल का दुरुपयोग अश्लील और बिना सहमति के डीपफेक इमेज बनाने में किया जा रहा था। मस्क के ही सोशल मीडिया मंच X से उपलब्ध Grok पर महिलाओं और बच्चों से जुड़े आपत्तिजनक और छेड़छाड़ वाले कंटेंट तैयार करने के आरोप लगे हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया के इन दोनों देशों के नियामकों ने कहा कि मौजूदा नियंत्रण उपाय नकली अश्लील सामग्री, खासकर महिलाओं और नाबालिगों से जुड़ी सामग्री के निर्माण और प्रसार को रोकने में असफल रहे हैं।

> **छेड़छाड़ वाले कंटेंट बनाने का आरोप**

### मचाडो से मिले पोप लियो

AFP



■ एपी, रोम: पोप लियो 14वें ने सोमवार को वेटिकन में वेनेजुएला की विपक्षी नेता और नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो से मुलाकात की। यह मीटिंग पोप के पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों की सूची में शामिल नहीं थी।

# क्या है पैक्स सिलिका, भारत के लिए खास क्यों

## अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा, भारत को भी शामिल किया जाएगा

■ **NBT रिपोर्ट:** अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर (Sergio Gor) ने सोमवार को कहा कि भारत को अमेरिका की अगुआई वाली रणनीतिक पहल पैक्स सिलिका (Pax Silica) में शामिल होने का न्योता दिया जाएगा। इस का मकसद दुनिया की सिलिकॉन और तकनीकी सप्लाई चेन को सुरक्षित, मजबूत, आधुनिक बनाना है। इसमें अहम खनिज, उन्नत मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, AI इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और जुड़ी तकनीकें शामिल हैं। अमेरिका ने इसे 12 दिसंबर 2025 को शुरू किया था। जापान, साउथ कोरिया, सिंगापुर, नीदरलैंड्स, ब्रिटेन, UAE, इस्राइल और ऑस्ट्रेलिया इसका हिस्सा हैं।




**Q क्यों जरूरी है पैक्स सिलिका?**

आज की आधुनिक तकनीकें जैसे AI, 5जी, डेटा सेंटर, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर सिलिकॉन और दूसरे अहम खनिजों पर टिकी हैं। अभी इनका बड़ा हिस्सा चीन के नियंत्रण में है। पैक्स सिलिका का मकसद इसी निर्भरता को कम करना है। इसके तहत भरोसेमंद देशों के साथ मिलकर सप्लाई चेन मजबूत की जाएगी। संसाधन, तकनीक और निवेश को साझा किया जाएगा। साथ ही AI और नई तकनीकों के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद नेटवर्क तैयार किए जाएंगे।

**Q भारत के लिए क्यों खास है?**

गोर ने ऐलान किया कि भारत को अगले महीने इस पहल में शामिल किया जाएगा, जिससे भारत-अमेरिका तकनीकी और सप्लाई-चेन सहयोग को और आगे बढ़ाने का मौका मिलेगा। यह कदम विशेष रूप से भारत के सेमीकंडक्टर मिशन और वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की भूमिका को मजबूत करने में मदद करेगा।

**Q सप्लाई चेन और रणनीतिक प्रभाव क्या है?**

इसके जरिए अमेरिका एक नई तरह की आर्थिक सुरक्षा रणनीति बना रहा है, जिसमें टेक्नोलॉजी, देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था आपस में जुड़ी होंगी। यह कोई पारंपरिक सैन्य गठबंधन नहीं है, बल्कि तकनीक और उद्योग पर आधारित साझेदारी है। इसका उद्देश्य मिलकर प्रोजेक्ट करना, निवेश करना और रिसर्च करना है, ताकि एक भरोसेमंद टेक इकोसिस्टम बने और चीन के बढ़ते दबदबे को संतुलित किया जा सके।

### अब फोटो छपवाने का मौका भी

**खबरों का ज्ञान**


रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. चैटबॉट Grok को पहली बार किन 2 देशों ने बैन किया है?
   A. स्पेन-तुर्किये B. मलयेशिया-इंडोनेशिया C. ब्रिटेन-चीन
2. ट्रंप की चेतावनी पर क्यूबा के राष्ट्रपति ने भी जवाब दिया, उनका क्या नाम है?
   A. फिदेल कास्त्रो B. उसैरिया सेओ C. मिगेल डियाज कैनेल
3. भारत में अमेरिका के नए राजदूत का क्या नाम है?
   A. सर्जियो गोर B. वॉरेन अस्टिन C. एडले लॉज
4. पैक्स सिलिका में शामिल होने का भारत को न्योता मिलेगा, अभी इसमें कितने देश सदस्य हैं?
   A. 7 B. 8 C. 5
5. कंधे पर ले जाकर दागी जाने वाली मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सोमवार को सफल टेस्ट किसने किया?
   A. इसरो B. SpaceX C. DRDO

**कल के जवाब**

A1 C. अमेरिका A2 A. फ्रेडरिक मर्त्स A3 A. मसूद पेजेशकियान A4 B. 1 माह A5 C. अमेरिका

**लकी विनर्स**



1. सुनीता जैन, पंजाबी बाग, दिल्ली
2. राज कुमार यादव, दिल्ली
3. संगीता पुरिया, लखनऊ

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।




# वृंदावन में सड़क किनारे सो रहे चार लोगों को कार ने रौंदा, एक की मौत

AI Image



■ NBT न्यूज, मथुरा

वृंदावन में फुटपाथ पर सो रहे एक ही परिवार के चार लोगों को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया। हादसा रविवार रात छटीकरा मार्ग पर रुक्मिणी विहार गेट के नजदीक हुआ। देर रात हुई इस घटना में एक किशोर की मौत हो गई। जबकि 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए आगरा रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। कार की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

जानकारी के मुताबिक भरतपुर के सलीमपुर खुर्द निवासी 14 वर्षीय रवि, 10 वर्षीय रोहित, 25 वर्षीय गुड़िया और 30 वर्षीय कजोड़, वर्तमान में रुक्मिणी विहार गेट नंबर-2, केशवधाम के पास रह रहे थे। जानकारी के अनुसार चारों एक ही परिवार के हैं। रविवार रात ये सभी सड़क किनारे सो रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार सफेद रंग की कार अनियंत्रित होकर उन पर चढ़ गई। चीख-पुकार सुन राहगीर इकट्ठा हुए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए वृंदावन स्थित जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने 14 वर्षीय रवि को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य तीन घायलों की स्थिति को देखते हुए एसएन मेडिकल कालेज आगरा रेफर कर दिया गया।


- हादसा रविवार रात छटीकरा मार्ग पर रुक्मिणी विहार गेट के नजदीक हुआ।
- गंभीर रूप से घायल अन्य तीन लोगों का आगरा के एसएन अस्पताल में चल रहा है इलाज।

# संभल में सरकारी ज़मीन पर बने चार मकानों पर चला बुलडोज़र

## आरोप है कि चारों मकान खाद के गड्ढे के लिए रिजर्व भूमि पर बनाए गए थे

■ NBT रिपोर्ट, संभल

NBT



अधिकारियों ने बताया कि खाद के गड्ढे और ग्राम समाज के लिए आरक्षित 1700 वर्गमीटर जमीन पर अवैध कब्जा कर लोगों ने 8 मकान बना लिए थे।

संभल में सरकारी जमीन पर बने चार मकानों को प्रशासन ने गिरा दिया। आरोप है कि चारों मकान खाद के गड्ढे के लिए आरक्षित सरकारी भूमि पर बनाए गए थे। मकान मालिकों ने नोटिस मिलने के बाद रविवार को खुद तोड़फोड़ शुरू कर दी थी। मामला संभल जिले के थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र की नगर पंचायत सिरसी के मोहल्ला शर्की कर्बला रोड का है। राजस्व विभाग के अनुसार, सोमवार को नायब तहसीलदार बबलू कुमार और हल्का लेखपाल पुष्पेंद्र कुमार के साथ गाटा संख्या 1608 पर नपाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि 1700 वर्गमीटर जमीन खाद के गड्ढे और ग्राम समाज के लिए आरक्षित है। इस जमीन के आधे हिस्से पर कब्जा कर लोगों ने आठ मकान बना लिए। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरक्षित भूमि पर बने मकान हटाने के लिए न्यायालय से धारा 67 के तहत आदेश पारित किए गए हैं। इसके तहत अय्यूब हसन कामिल, मो. हसन, चांद, असकरी, अली हसन और जुल्फेकार के मकान अवैध रूप से बने पाए गए। राहबर हसन का 100 वर्ग मीटर भूमि पर बना मकान डीएम न्यायालय के आदेश पर 3 मार्च 2023 को कुर्क कर दिया गया था। अली हसन और अरमान रजा उर्फ चांद ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। अय्यूब हसन की मौत हो चुकी है। उनके परिवार के सदस्य भी हाई कोर्ट गए हुए हैं। वहीं कस्बे के एक निवासी धार्मी सलमान हैदर जाफरी ने कहा कि उन्होंने आठ साल पहले राजी हसन से मकान खरीदा था। 2023 में उन्हें पहली बार सरकारी जमीन पर घर होने का नोटिस मिला। इसके बाद सलमान हैदर जाफरी ने मुकदमा दर्ज कराया, जो 24 दिसंबर 2025 को डीएम न्यायालय से खारिज हो गया। 10 जनवरी 2026 को प्रशासन ने नोटिस लगाए। मैंने सरकारी जमीन पर बना मकान का हिस्सा तोड़ दिया।

### कोर्ट के आदेश के बाद हुई है कार्रवाई

राजस्व विभाग के अनुसार, सोमवार को नायब तहसीलदार बबलू कुमार और हल्का लेखपाल पुष्पेंद्र कुमार के साथ गाटा संख्या 1608 पर नपाई की गई। अधिकारियों ने बताया कि 1700 वर्गमीटर जमीन खाद के गड्ढे और ग्राम समाज के लिए आरक्षित है। इस जमीन के आधे हिस्से पर कब्जा कर लोगों ने आठ मकान बना लिए। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आरक्षित भूमि पर बने मकान हटाने के लिए न्यायालय से धारा 67 के तहत आदेश पारित किए गए हैं। इसके तहत अय्यूब हसन कामिल, मो. हसन, चांद, असकरी, अली हसन और जुल्फेकार के मकान अवैध रूप से बने पाए गए।

# कपसाड़ हत्या मामला: आरोपी पारस सोम ने जेल में खुद को बताया नाबालिग, मांगी मदद

AI Image



■ NBT न्यूज, मेरठ: कपसाड़ गांव में महिला की हत्या और युवती के अपहरण का मुख्य आरोपी पारस सोम ने जेल में खुद को नाबालिग बताया। पारस को चौधरी चरण सिंह कारागार में नए बंदियों की बैरक में रखा गया है। जेल वरिष्ठ अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने बताया कि पारस सोम ने खुद को नाबालिग बताते हुए मदद की मांग की है। इस संबंध में उसे बता दिया गया है कि वह अपने वकील के द्वारा कोर्ट में इस संबंध में अपनी बात रख सकता है। डॉ शर्मा ने बताया कि पारस सोम को जेल में नए बंदियों की बैरक में रखा गया है। जेल प्रशासन की ओर से उसे कंबल, बर्तन और अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध कराया गया है। जेल सूत्रों के अनुसार पारस ने जेल में अपनी पहली रात आराम से सोकर बिताई। बता दें कि कपसाड़ गांव में दलित महिला की हत्या कर बेटी को किडनैप करने के आरोपी पारस सोम को रविवार को कोर्ट ने 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

- आरोपी पारस को चौधरी चरण सिंह कारागार में नए बंदियों की बैरक में रखा गया है।
- जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने कहा कि पारस सोम ने खुद को नाबालिग बताते हुए मदद की मांग की है।

TIMES interact — To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PROCLAMATION REQUIRING ATTENDENCE OF DEFENDANT ORDER-5, RULE-20 CPC-1908
BEFORE DISTRICT JUDGE COMMERCIAL COURT NO-02 ZILA PANCHYAT BHAWAN KASHNA G.B NAGAR
OS NO-196/25

Union Bank Of India (E-Corporation Bank) Branch At Branch Office At G-7, Prime Plaza Plot No-84, Sector-5 Rajendra Nagar Ghaziabad U.P
Applicant

VERSUS

M/S Aliya Trading Co. Prop. Mr. Shan Mohamed R/O House No.43a, Ground Floor, Near Sheela Mandir, Alipur, New Delhi-110036.
Respondent

In the above noted application, you are required to file reply/evidence in paper book form in two sets along with documents and affidavits (if any) personally or through your duly authorized agent or legal practioner in this tribunal, after serving copy of the same on the applicant or his counsel/duly authorised agent after publication of the summons and thereafter to appear before the tribunal on 10/03/2026 at 10:30 am failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of court this 07-01-26.
Commercial Court No-02
Kasna Gautam Budh Nagar

tender & notices

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लॉक पी-2 सैक्टर-ओमेगा-1 ग्रेटर नोएडा, पिन कोड-201308 जिला-गौतमबुद्धनगर (उ०प्र०)
दूरभाष: 0120-2395201 फैक्स नं० - 0120-2395150

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड संख्या-318, ब्लाक-6A, सेक्टर-18, क्षेत्रफल 300 वर्गमीटर, आवंटन संख्या-YEA007449 के आवंटी / अन्तरिति LATE MRS. CHAMAN MATHUR पत्नी LATE MR. GIRISH PRASAD MATHUR की मृत्यु के उपरांत उनके पुत्र MR. AKSHAY MATHUR द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी / अन्तरिति LATE MRS. CHAMAN MATHUR पत्नी LATE MR. GIRISH PRASAD MATHUR निवासी 179, DEEPALI ENCLAVE, PITAMPURA, SARASWATI VIHAR, NORTH WEST DELHI, DELHI 110034 की मृत्यु के उपरांत उनके सम्बन्धी MR. AKSHAY MATHUR के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी
(यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण)

BOOK YOUR TENDER & NOTICE ADS
For booking please contact Aman : 9312633518

# सहारनपुर में ट्यूशन से लौट रहे 2 छात्रों को बस ने कुचला, मौत

AI Image



■ NBT न्यूज, सहारनपुर

सहारनपुर में रविवार देर शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो छात्रों की मौत हो गई। ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहे दोनों छात्रों को एक निजी बस ने ओवरटेक करते समय टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, हादसा थाना मिर्जापुर क्षेत्र के विकासनगर हाइवे पर रविवार रात करीब 9 बजे हुआ। ओवरटेक करने के दौरान बस का पिछला हिस्सा बाइक से टकरा गया, जिससे दोनों छात्र सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरते ही एक छात्र आर्यन बस के नीचे आ गया और उसे बस ने कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर थाना मिर्जापुर प्रभारी सूबे सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने आर्यन को मृत घोषित कर दिया, जबकि दीपक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दीपक ने भी दम तोड़ दिया। आर्यन कक्षा 10 के छात्र थे और दीपक कक्षा 12 में पढ़ते थे। दोनों की मौत की खबर मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया।

### टक्कर से बस के नीचे आया एक छात्र

ओवरटेक करने के दौरान बस का पिछला हिस्सा बाइक से टकरा गया, जिससे दोनों छात्र सड़क पर गिर गए। सड़क पर गिरते ही एक छात्र आर्यन बस के नीचे आ गया और उसे बस ने कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# युवक-युवती ने किया प्रेम विवाह, लड़की के परिजनों पर दोनों की हत्या का आरोप

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: एटा के एक युवक-युवती ने एक महीने पहले प्रयागराज के आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह किया। दोनों गांव आ गए। रविवार की रात दोनों छत पर बात कर रहे थे। आरोप है कि युवती के घरवालों ने अपनी बेटी और युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। लड़की के शव को छत पर ही छोड़ दिया। लहूलुहान लड़के को पड़ोसी की छत पर फेंक दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सांसे चलती देख युवक को अस्पताल ले जाने लगी, रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने लड़की के पिता को पकड़ लिया है। एसएसपी श्याम नारायण सिंह का कहना है कि दोनों ने प्रेम विवाह किया था। लड़की के पिता अशोक कुमार को पुलिस ने पकड़ लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्रामीणों और दोनों के परिवारों से पूछताछ की जा रही है। घटना एटा जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर जैथरा थाना के गढ़िया सुहागपुर गांव की है। युवक और युवती दोनों पड़ोसी थे। पुलिस के मुताबिक दोनों में काफी नजदीकी थी। दोनों शादी करना चाहते थे। दोनों के घर वाले इसके लिए राजी नहीं थे। लड़की वालों ने बेटी को नवंबर 2025 में फूफा के घर कन्नौज भेज दिया था। पुलिस ने बताया कि दोनों की मोबाइल पर बातें होती रहती थी। 11 नवंबर 2025 को युवक-युवती प्रयागराज भाग गए। उसी दिन प्रयागराज के आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। दोनों प्रयागराज में किराए के मकान में रहने लगे। 15 दिसंबर को दोनों के परिजन लड़की के फूफा के यहां कन्नौज पहुंचे। पंचायत कर दोनों परिवारों के बीच समझौता हुआ कि बेटी वाले लड़की को वापस ले जाएंगे, कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगे।


गांव वालों ने पुलिस को बताया कि शनिवार को युवती अपने घर लौट आई। रविवार रात को युवक लड़की से मिलने उसके घर पहुंचा। दोनों छत पर बात करने लगे। आरोप है कि तभी लड़की के घरवालों ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों को लाठी-डंडों से पीटा। भीड़ जमा हो गई। दोनों चीखते-चिल्लाते रहे। छोड़ने की गुहार लगाते रहे लेकिन किसी ने मदद नहीं की। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि परिजनों ने पिटाई के बाद पहले अपनी बेटी का गला काटा। उसके बाद युवक का भी गला रेत दिया। दीपक को लहूलुहान हालत में पड़ोसी की छत पर फेंक दिया। ग्रामीणों की सूचना पर एसएसपी श्याम नारायण सिंह गांव पहुंचे। बकौल पुलिस तब तक युवती मर चुकी थी। युवक की सांस चल रहा था। उसने अस्पताल ले जाते वक्त दम तोड़ दिया। युवती की मां ने पुलिस से कहा कि हत्या किसने की पता नहीं।

- युवक-युवती ने एक महीने पहले प्रयागराज के आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह किया था।
- दोनों शनिवार को अपने घर लौट आए, युवक शनिवार को युवती से मिलने उसके घर गया था तभी लड़की के परिजनों ने पकड़ लिया।

TIMES TRIBUTE — PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL — To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

|| जय भिक्षु || || अर्हम || || जय महाश्रमण ||

स्मृति सभा



स्व. विजय सिंह सेठिया

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करते है कि हमारे पूज्यनीय विजय सिंह जी सेठिया (सुपुत्र स्व. माणिकचंद जी सेठिया, सुजानगढ़ निवासी, दिल्ली प्रवासी) का दिनांक 11 जनवरी 2026 रविवार को सांय दिल्ली में निधन हो गया है।

स्मृतिसभा : मंगलवार, 13.01.2026 सुबह 10 बजे
स्थान : अणुव्रत भवन, 210, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, I.T.O के निकट, नई दिल्ली-110002

शोकाकुल :
कंचन देवी (पत्नी)
राजीव-संगीता, संजीव-प्रेरणा (पुत्र-पुत्रवधू),
संभव, प्रियंका, वेदांश (पौत्र-पौत्री), मांगीलाल सेठिया (भाई),
विनय, सुशील, अशोक, दिलीप, राकेश एवं समस्त सेठिया परिवार
ससुराल पक्ष : राजेन्द्र भुतोड़िया एवं समस्त परिवार

प्रतिष्ठान
● ऐलिन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ● सेठिया ऑयल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
सम्पर्क : विनय सेठिया 9811112038

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727





"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.


| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088
PANKAJ : 81306 04727
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

'God accepts only what is good.'
- Thus Spake Prophet Mohammad

# सिपाही के प्राइवेट विडियो वायरल कर रंगदारी मांगने का आरोप, FIR



■ NBT रिपोर्ट, मुरादाबाद: मुरादाबाद जिले के कांठ थाना क्षेत्र में एक महिला सिपाही के निजी विडियो कुछ दिन पहले वायरल हुए थे। पीड़िता सिपाही ने रविवार को चार लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। साथ ही शादी तुड़वाने, परेशान करने, धमकियां देने और रंगदारी मांगने के आरोप लगाए हैं। मुरादाबाद के कांठ थाने में दर्ज कराई FIR में महिला सिपाही ने बताया कि जिले के धामपुर के गांव अमखेड़ा के एक युवक 2018 से उसे परेशान कर रहा है। पीड़िता के अनुसार, युवक उस पर गलत नजर रखता है और उसका पीछा करता है। उसका एक साथी भी उसका साथ देता है। महिला सिपाही ने आरोप लगाया कि युवक और उसके दोस्त ने उसके प्राइवेट विडियो वायरल कर दिए थे। पीड़िता का कहना है कि अक्टूबर 2025 में आरोपी, उसके भाई और दोस्त ने एक ग्रुप बनाकर उसके विडियो वायरल किए। जिससे उसकी तय शादी टूट गई। आरोप लगाया है कि आरोपी फर्जी कोर्ट मैरिज के कागजात दीवारों पर चस्पा कर उसकी शादी पहले भी तुड़वा चुका है। जिससे वह मानसिक तनाव में है। थाना प्रभारी सुदेश पाल सिंह ने कहा कि FIR दर्ज कर जांच की जा रही है।

# करोड़ों की GST हेरा-फेरी का आरोप, तीन लोग अरेस्ट

NBT



गिरफ्तार आरोपियों और बरामद मोबाइल के साथ पुलिस अधिकारी।


■ NBT न्यूज, फिरोजाबाद: थाना उत्तर पुलिस ने GST में करोड़ों की हेरा-फेरी करने के आरोप में सोमवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। GST विभाग द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के आधार पर यह कारवाई की गई। आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी फर्म बनाकर दो करोड़ बीस लाख रुपये की कर चोरी की। थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए दिव्या ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्म चला रहे थे। आरोपियों के पास से पांच मोबाइल और कई सिम कार्ड बरामद किये गये हैं। बरामद मोबाइल और सिम कार्ड के जरिए ही आरोपी फर्जीवाड़े को अंजाम देते थे।

- GST विभाग द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के आधार पर की गई है कारवाई।
- आरोपियों के पास से पांच मोबाइल और कई सिम कार्ड बरामद किये गये हैं।

शोक सन्देश

प्रार्थना सभा

PRAYER MEET
ॐ भूर्भुवः स्वः ...
A Life dedicated to others



Architect-VIJAY BEHAL
(10.12.1946 - 11.01.2026)
With profound grief, we regret to inform you the sad demise of our beloved Vijay Behal on 11 Jan'2026
'Prayer Meeting' will be held at Arya Samaj Mandir Green Park, Opp Sukhmani Hospital, New Delhi-110016
Date: 13 January 2026
Time: 3 PM to 4 PM
- : In Grief : -
BEHALS - UPPALS VARSHNEYAS and Behal Joshi Panjiyar and Associates
And All Dear Friends
Cont: 9810038215

TO BOOK AN OBITUARY & REMEMBRANCE AD PLEASE CONTACT
PANKAJ : 81306 04727

REMEMBRANCE SHARING MEMORIES



अष्टमी पुण्यतिथि: मधुर स्मृति
स्व. श्रीमती सरला शर्मा
(5.2.1955 - 13-1-2018)
अष्टमी पुण्यतिथि पर स्मरण कर, हम सभी परिजन आपको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। आपका निर्मल हृदय, सौम्यता, सरलता, ममता, करुणा और सामन्जस्यता हम सभी का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।
धर्म प्रकाश शर्मा (पति)
नीरज शर्मा (पुत्र), प्राची शर्मा (पुत्रवधू), ध्रुव (पौत्र)
डॉ. नीलम (पुत्री), अरुण गौड़ (दामाद), अंकित (धेवता)
रजनी शर्मा (पुत्री), अभय शर्मा (दामाद), आरव (धेवता)



19th Death Anniversary
SMT. SUMAN SAXENA
26-8-1951 - 13-01-2007
As times goes by, your memories remains as fresh as Yesterday. You are alive in our hearts and dreams. You are missed & loved every moment. We pray to almighty for your eternal peace. Fondly Remembered By
M.D. Saxena (Husband), Richa- Gokul Anand (Daughter- Son- In- Law), Vibhor- Ankita (Son- Daughter- In- Law), Neha- Manuj( Daughter- Son- In- Law), Ananya, Manya,Vihaan,Utkarsh, Shaurya & Viraaj(Grand Children)



26th Death Anniversary of
Shri G.V. Malhotra.
13.01.2000
A loving tribute to a Great Father You are forever alive in our memories. Your unseen vision always gets us through in difficult moments of life.
Malhotra Family. 9810305105, 9810305505

# बदायूं में दीवार गिरने से मजदूर की जान गई

■ NBT रिपोर्ट, बदायूं: बदायूं जिले के उसहैत कस्बे में सोमवार सुबह निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक बदायूं जिले के ककरुआ गांव निवासी सर्वदपाल (45), उनके चचेरे भाई नन्हे (28) और गांव के ही सर्वेंद्र (24) उसहैत कस्बे में मोहम्मद मियां के निर्माणाधीन मकान में मजदूरी करने गए थे। पास में ही चल रही जेसीबी के कारण अचानक दीवार गिर गई। जिसमें सर्वदपाल और नन्हे दीवार के नीचे दब गए। सर्वेंद्र भी घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल भेजा गया।

> जेसीबी चलने के कारण दीवार अचानक गिर गई।

# मेरठ में होटल संचालक पर जानलेवा हमला

■ NBT न्यूज, मेरठ: जानी थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक होटल संचालक पर जानलेवा हमला हुआ। बाइक सवार हमलावरों ने होटल संचालक पर फायरिंग कर दी। पेट में तीन गोली लगने से खून से लथपथ होटल संचालक जमीन पर गिर गया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक भाट गांव निवासी पूर्व प्रधान गजराज के बेटे संजय ने बाईपास स्थित सनराइज होटल किराए पर लिये हुए हैं। संजय अक्सर होटल पर ही रहते हैं। बताया जाता है रविवार की रात लगभग 11 बजे संजय होटल पर मौजूद थे। इसी दौरान होटल के बाहर शोर सुनकर संजय बाहर निकले। आरोप है कि बाइक पर सवार कुछ हमलावरों ने संजय पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पेट में तीन गोलियां लगने से लहूलुहान होकर संजय जमीन पर गिर गए। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। हमले के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP3 User: gagan.malhotra Time: 01-12-2026 20:41 Color:

## कृष्ण की इच्छा के बिना तिनका भी नहीं हिलता।

श्री चैतन्य चरितामृत – अंत्य-लीला



### भावपूर्ण स्मृति में

# अग्निवेश अग्रवाल

## (3 जून 1976, पटना - 7 जनवरी 2026, न्यूयॉर्क)

अग्निवेश एक पावन आत्मा थे, जिन्हें **राधे-कृष्ण** ने **गोलोक वृंदावन धाम** में सेवा के लिए बुला लिया। वह निडर और साहसी थे, संगीत और खेल उन्हें बेहद प्रिय थे। वह प्रतिभाशाली व्यवसायी थे, और सबसे बढ़कर एक प्यारे बेटे, भाई और मित्र थे। वह हमेशा हमारे हृदय में जीवित रहेंगे।

"अग्निवेश, हम सारे वादे पूरे करेंगे।"

**आइए, हम एक साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करें :**

**दिनांक :** बुधवार, 14 जनवरी, 2026 | **समय :** शाम 5-7 बजे

**स्थान :** वाईबी चव्हाण सभागार, नरीमन पॉइंट, मुंबई

ऑनलाइन जुड़ें :

**प्रार्थना में :**

**अनिल एवं किरन अग्रवाल, प्रिया एवं आकर्ष हेब्बार, माही**

प्रवीण एवं ज्योति, नवीन एवं रुचिरा, सुमन एवं विमल,

प्रतीक एवं सोनाक्षी, अंकित एवं श्वेता, नैवेद्य एवं अनन्या, अनन्य एवं नितिका, विराज, साक्षी एवं वरुण,

सभी गुप्ता परिवारजन,

**उनके सभी मित्र और सहयोगी**

एवं संपूर्ण वेदांता परिवार।

vedanta

transforming for good

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP4 User: atul.srivastava Time: 01-12-2026 22:56 Color:



## संदिग्ध हालात में की खुदकुशी

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार, नूरपुर गांव में विकास उर्फ गणेश (21) रात में अपने कमरे में सोया था। सोमवार सुबह उसकी मां चाय लेकर कमरे में पहुंची, तो वह साड़ी से फंदा लगाकर लटका हुआ मिला।

## विंडो काटकर दुकान से लाखों की चोरी

■ NBT न्यूज, दनकौर


AI Image

दनकौर नगर पंचायत की अध्यक्ष की दुकान से लाखों रुपये के बिजली के तार चोरी होने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि छत के रास्ते चढ़कर विंडो को काटकर अज्ञात चोरों ने इस घटना को रात के वक्त अंजाम दिया है। सोमवार की सुबह मामले की जानकारी होने पर इस संबंध में अध्यक्ष के बेटे ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस से मामले की शिकायत की है।

कस्बा निवासी राजवती देवी वर्तमान में नगर पंचायत की अध्यक्ष हैं, जिनकी दनकौर बस अड्डे के नजदीक बिजली के सामान की दुकान है। उनके बेटे दीपक सिंह ने बताया कि रोजाना की तरह रविवार की रात भी दुकान पर काम करके कर्मचारी बंद करके चले गए थे। सोमवार की सुबह जब दुकान पर पहुंचे तो देखा कि छत के कमरे की विंडो को काटकर अंदर रखे करीब 1 लाख रुपये के कॉपर और तांबे के तार चोरी कर लिए हैं। उन्होंने इस संबंध में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत की है।

## फास्टफूड विक्रेता के साथ मारपीट

■ NBT न्यूज, मोदीनगर: निवाड़ी रोड पर रविवार रात लगभग 10 बजे फास्टफूड विक्रेता के साथ दो शराबियों ने मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गए। मारपीट की घटना एक शख्स ने मोबाइल में कैद कर ली। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## डंपर से कुचलकर मौत मामले में FIR

■ NBT न्यूज, दनकौर



AI Image

कोतवाली क्षेत्र स्थित यमुना एक्सप्रेसवे के पास बन रहे इंटरचेंज के सामने करीब 13 दिन पहले एक तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से सुपरवाइजर की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस मामले मृतक के पिता ने अज्ञात डंपर चालक पर कोतवाली में सोमवार को केस दर्ज कराया है। अमेठी जिला निवासी अभिनेंद्र यादव (24) दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक बन रहे इंटरचेंज स्थित एक प्लांट पर सुपरवाइजर थे। बताया जाता है कि वह 31 दिसंबर की सुबह किसी काम से प्लांट से पैदल यमुना एक्सप्रेसवे की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान वहां पर काम कर रहे एक डंपर ने सामने से उनको कुचल दिया। बताया जाता है कि कोहरे की वजह से यह हादसा हुआ था। इस घटना में अभिनेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना को अंजाम देकर चालक डंपर को लेकर मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

पार्ट टाइम जॉब

WE are hiring Part/Full Time for MNC Noida, Retd person, H'wives, Self Empl, CA. fix pay+ variable+Rglr Inc, Age 40-65# 8800757819, 8207348520.

OPPORTUNITY in leading corporate for Retired/VRS/Fin. Distributor/ B'man/H'wife/ Accountant. Age 35-70. Salary+ Incentives WFH #9818207964

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I S Jyoti, W/o S Ramakrishnan, age 40 years, R/o B-61-B, Street no 6, Dashrath Puri, New Delhi 110045 have changed my name from S Jyoti to Jyoti Ramakrishnan for all purposes by an affidavit dated 10-01-2026 sworn before Notary Ashok Kumar at New Delhi

I Jugal kishor s/o sohanpal resident village karaura, khurja, district bulandshahr uttar pradesh 203129, I have changed the name of my daughter Sankey (14) to Bharti for all future purpose vide affidavit dated 10-01-2026.

I, Jayant S/O, Chhaken Lal Sharma R/o PS 1908 Prateek Grand City Siddharth Vihar, Ghaziabad have changed my name to Jayant Sharma for all purposes.

THE General Public is informed that I, Preeti Singh w/o Vinod Kumar, R/o D-85, East of Kailash, New Delhi-110065 changed the name of my husband from Vinod Kumar Singh/V.K.Singh to Vinod Kumar on all the documents/records from 12-01-2026

I, Atul Kumar Singh S/o L. B. Singh R/o RZF 476 Raj Nagar-2 Palam, New Delhi 77 have changed my name to Atul Singh for all future purposes.

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
प्रापण विभाग
यूनियन बैंक भवन, पहली मंजिल, 239, विधान भवन मार्ग, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021
कर्मचारियों के आवास, वाहन एवं स्टाफ ओवरड्राफ्ट ऋणों हेतु समूह बीमा योजना, अवधि 01.04.2026 से 31.03.2027
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीईएम पोर्टल (जीईएम बोली संख्या जीईएम/2026/बी/7095621 दिनांक 09.01.2026) के माध्यम से कर्मचारियों के आवास, वाहन एवं स्टाफ ओवरड्राफ्ट ऋणों हेतु समूह बीमा योजना, अवधि 01.04.2026 से 31.03.2027 के लिए दो बोली प्रणाली में प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। अतिरिक्त विवरण बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.bank.in और GeM पोर्टल पर उपलब्ध हैं। निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि 03.02.2026 अपराह्न 03.00 बजे तक है। बैंक कोई भी / सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है।
सहायक महाप्रबंधक

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

"सार्वजनिक सूचना"
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल श्री राजपाल यादव, पुत्र स्वर्गीय श्री बलवंत सिंह यादव, निवासी 20/1, रेलवे रोड, समयपुर, दिल्ली-110042 ने व्यक्तिगत कारणों के चलते अपनी पत्नी श्रीमती राजेश तथा श्रीमती राजेश के बच्चों, श्री जितेश (व उनकी पत्नी), पुत्री नीलम एवं श्रीमती प्रजावती @ पोलिया @ अन्नु (व उनके पति श्री नरेन्द्र यादव) व इन सभी के बच्चे, उनके समस्त वैधानिक उत्तराधिकारियों से अपने सभी संबंध, नाते एवं सरोकार पूर्णतः समाप्त (अस्वीकार) कर दिए हैं। उपरोक्त सभी व्यक्तियों को हमारे मुवक्किल की किसी भी चल अथवा अचल संपत्ति या परिसंपत्तियों, वर्तमान अथवा भविष्य में अर्जित होने वाली, में किसी भी प्रकार का अधिकार, स्वत्व, हित अथवा उत्तराधिकार का दावा करने से एतद्द्वारा वंचित किया जाता है। हमारे मुवक्किल उपरोक्त व्यक्तियों के किसी भी कृत्य, लेन-देन, ऋण अथवा दायित्व के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे। यदि कोई व्यक्ति उनके साथ कोई लेन-देन करता है, तो वह अपने स्वयं के जोखिम एवं जिम्मेदारी पर करेगा। यह सूचना आम जनमानस एवं समस्त संबंधित प्राधिकारियों की जानकारी हेतु सद्भावना में जारी की जा रही है।
शालभ गुप्ता एंड कंपनी
अधिवक्ता

केनरा बैंक Canara Bank
सामान्य प्रशासनिक विभाग, 7वां तल, 38, अंसल टॉवर, नेहरू प्लेस, दिल्ली-110019, फोन नं. 011-69033444 ईमेल: pecodel@canarabank.com
विशेष एजेंटों की नियुक्ति
नई दिल्ली में निम्नलिखित शाखाओं पर पेंशनों के हस्ताक्षर और कार्यों के लिए सभी और आवेदन पत्र भरने के साथ-साथ 7 साल तक रखरखाव के लिए विशेष एजेंटों से दो-बोली प्रणाली के तहत प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं।

| बैंक स्थान | पता |
| --- | --- |
| पटेल नगर | 2 साउथ पार्क 26 साउथ पटेल नगर और 2/4 वेस्ट पटेल नगर |
| द्वारका | खाली प्लॉट नंबर 5, द्वारका, सेक्टर 20, नई दिल्ली |

विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट http://www.canarabank.bank.in पर प्रकाशित की गई है। आवश्यक आवेदन पत्र उपर्युक्त कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं या बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 04.02.2026 (तारीख) दोपहर 3.00 बजे तक है।
इसके अलावा, संचार, शुद्धिपत्र, संशोधन, यदि कोई हो, केवल बैंक की वेबसाइट पर ही पोस्ट किए जाएंगे।
स्थान: दिल्ली, दिनांक: 13.01.2026
हस्ता/-
उप महा प्रबंधक

PUBLIC NOTICE
Be it known to all that our client, Sachin Chopra S/o Sh. Tilak Raj Chopra R/o L-50, Saraswati Garden, New Delhi-110015, is entering into an agreement to purchase the property no. built up plot bearing no. B-171, Mansarover Garden, New Delhi-110015 admeasuring 120 sq.yds. (hereinafter referred as "the said property") from its owner(s) Mr. Navtej Singh Saluja S/o Late Sh. Madan Singh Saluja, permanent R/o 30 Via Ranzo Drive, Suite 200, Richmond Hill, Ontario L4S 0B8, Canada, Sh. Harkabir Singh Saluja S/o Late Sh. Madan Singh Saluja, Both at B-171, Mansarover Garden, New Delhi-110015, Mrs. Preetpal Kaur Hora D/o Late Sh. Madan Singh Saluja W/o Sh. Pritpal Singh Hora R/o H.No. 96-B, BRS Nagar, Ludhiana, Punjab-141001 and Smt. Simran Kaur Wadhera D/o Late Sh. Madan Singh Saluja W/o Sh. Harminder Singh Wadhera, R/o J-11/70, 2nd Floor, Flat no. 7, Rajouri Garden, New Delhi-110027 all legal heirs of Late Sh. Madan Singh Saluja S/o Late Sh. Kartar Singh Saluja who are the co-owners of the said property after the demise of Sh. Madan Singh Saluja, by virtue of duly registered sale deed dated 05.04.1994 in favour of Late Sh. Madan Singh Saluja as registered document no. 2457, Addl. Book No. 1, Vol. No. 6429 on pages 113 to 115 registered on 08.04.1994, in the office of SR-I, Delhi.
Any person, having any claims, rights, title, interest or objections over the said property, shall inform the undersigned purchaser in writing with all supporting documents within a period of 30 days from the date of publication of this notice failing which any such claim in future, by anyone, shall not be considered.
Sachin Wadhwa (Advocate)
3057/7, Level-2, Beadonpura, Karol Bagh, New Delhi-110005 Mob-9810326022

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

HEALTH & WELLNESS

सेहत बनायें वजन बढ़ायें
अगर आप खाते पीते बहुत हैं, फिर भी सेहत नहीं बनती, तो हमारी सलाह द्वारा औषधि का सेवन करें और 15 ही दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹655 महीना
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह: 8527001155

सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
नवीन क्लीनिक
PNB BANK
9811564909
9210990444

SEX PROBLEMS?
कमजोरी-सफेद पानी कम शुक्राणु-बेऔलाद?
सैक्स समस्याएं कैसी भी स्त्री-पुरुष-सलाह लें
Since-1986
कौशिक क्लिनिक
9810-272-172

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मेन रोहतक रोड, नांगलोई, दिल्ली-41
9873144909
9821124909

विवाहित जीवन में पायें नई खुशियां नया जोश नई उमंग
SEX समस्या
आयुर्वेदिक सलाह लें
आकाश दवाखाना
आजादपुर दिल्ली
9953396533
8860003863

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO ads.timesofindia.com

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
| --- | --- | --- |
| North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| Central Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| Noida + East Delhi | Sumit Negi | 98992 68321 |

ਲੋਹੜੀ ਦੀਆਂ ਲੱਖ-ਲੱਖ ਵਧਾਈਆਂ
Happy Lohri
TIMES interact

खांसी नजला जुकाम
Mfr : TULISON PHARMA
ISO 9001:2015 & G.M.P Certified Co
खांसी की गुणकारी औषधि बच्चों व बुजुर्गों सभी के लिए हानिरहित, हर्बल कफ सिरप
Happy Lohri & Makar Sankranti
कासमधु® हर्बल कफ़ सिरप
केश जीवन तेल®
आंवला, हिना, ब्राह्मी के गुणों से युक्त चिपचिपाहट रहित हर्बल हेयर ऑयल
बालों का टूटना, झड़ना रोके एवं मुलायम, चमकदार व सुंदर बाल बनाने में सहायक


Amul.Rastogi@timesofindia.com

लोहड़ी साल का पहला उत्सव होने के साथ ही फसल कटाई और गर्मजोशी के उमंग से भरा त्योहार होता है, जिसमें परिवार के लोग मिलकर समृद्धि और खुशहाली का स्वागत करने के लिए साथ आते हैं।

# बॉनफायर, शॉपिंग और अपनों के साथ स्वादिष्ट पकवान का स्वाद

READER ENGAGEMENT INITIATIVE


लोहड़ी नए साल का पहला उत्सव होता है, जिसका सर्दियों के दौरान लोग गर्मजोशी से स्वागत करते हैं। जैसे ही शाम ढलती है, मोहल्लों में जलते बॉनफायर के चारों ओर लोग इकट्ठा हो जाते हैं और मूंगफली, पॉपकॉर्न, तिल व गन्ना आदि का प्रसाद अग्नि को चढ़ाया जाता है। यह उत्सव सर्दियों की ठंड और लंबी रातों को विदा करने का प्रतीक माना जाता है। इस उत्सव में जलने वाली बॉनफायर लोगों के इकट्ठा होने की जगह बन जाती है, जहां कई उम्र के लोग एक साथ आते हैं। एक दूसरे को किस्से-कहानियां सुनाते हैं और लोकगीत गाते हैं। बच्चे उत्साह से बॉनफायर की परिक्रमा करते हैं, जबकि बुजुर्ग बाकी उम्र के लोगों को इस उत्सव से जुड़ी परंपराओं के बारे में विस्तार से बताते हैं। सांस्कृतिक मामलों की जानकार अश्विनी अरोड़ा कहती हैं, "लोहड़ी उन त्योहारों में से है, जहां उत्सव का मजा सब लोगों के साथ आता है, न कि इसे अलग-अलग मनाया जाता है।"

### मौसम से जुड़ी खरीदारी का सीजन

लोहड़ी से पहले के दिनों में बाजारों में त्योहार की रौनक साफ दिखने लगती है। सर्दियों की खरीदारी में अब दिखावे से ज्यादा उद्देश्य झलकता है और गर्मजोशी के साथ उत्सव का रंग। पारंपरिक परिधान खास जगह बनाते हैं, जिनके चमकीले रंग सर्द मौसम की धूसरता को काट देते हैं। महिलाएं फुलकारी दुपट्टों, कढ़ाईदार शॉल और रंगीन सलवार सेट्स की ओर आकर्षित होती हैं, जो ठंड में भी रंग भर देते हैं। पुरुष क्लासिक विंटर लेयर्स चुनते हैं, जिनमें ऊन की जैकेट, टेक्सचर्ड शॉल और सलीके से सिले कुर्ते, जो उत्सवी रंग में रंगे होते हैं और सर्दी दूर भगाने में उपयोगी भी होते हैं। इस शॉपिंग में एक्सेसरीज भी अहम भूमिका निभाती हैं। रंग-बिरंगी चूड़ियां, पारंपरिक आभूषण और सर्दियों के जूते सोच-समझकर चुने जाते हैं, जिससे लोहड़ी की खरीदारी अक्सर एक पारिवारिक गतिविधि बन जाती है। नियमित खरीदार विभा कोहली कहती हैं, "लोहड़ी की खरीदारी की खुशी उन चीजों को चुनने में है, जो उत्सव के दौरान लुक को बढ़ा दें और त्योहार के बाद भी पहनी जा सकें।"

### जश्न की धुन और चांस पर डांस

संगीत और नृत्य के बिना लोहड़ी की शाम अधूरी है। जैसे ही ढोल की थाप गूंजती है, बॉनफायर के चारों ओर अपने-आप गोले बन जाते हैं और भांगड़ा व गिद्धा केंद्र में आ जाते हैं। यह नृत्य तकनीक से ज्यादा सामूहिक ऊर्जा का उत्सव है, हंसी, तालियां और उल्लास का प्रतीक होता है। यहां डांस करने वाले और देखने वालों का फर्क मिट जाता है। जो नाचते नहीं, वे भी पैर थिरकाने लगते हैं, माहौल की गर्मजोशी में शामिल हो जाते हैं। लोहड़ी की असलियत परफेक्शन में नहीं, सहभागिता में है।


FILE PHOTO

### सेहत और स्वाद का खजाना

लोहड़ी का भोजन भरपूर और पौष्टिक होता है, ठंड सहने वाले शरीर को ऊर्जा प्रदान करने वाला होता है। पारंपरिक व्यंजन सर्दियों की उपज और धीमी आंच पर पकाने की कला का जश्न मनाते हैं। मक्की की रोटी और सरसों का साग ठंड के दिनों में बेजोड़ पकवान है, जो देसी, दमदार और संतोषजनक होता है। इसके साथ गजक, रेवड़ी, मूंगफली और पॉपकॉर्न की भरपूर मौजूदगी रहती है। यह ऐसे स्नैक्स होते हैं, जो स्वादिष्ट होने के साथ ही पोषक भी होते हैं। इनके साथ घर का बना मक्खन या घी, और लोहड़ी का भोजन बिना अति के समृद्धि का एहसास कराता है। भोजन प्रेमी कमलेश सेठ कहते हैं, "लोहड़ी का खान-पान मौसमी समझदारी को दर्शाता है, यह ऐसा भोजन है जो भीतर से ऊर्जा देता है।"


FARM HOUSE, LANDS DELHI & NCR
SALE - PURCHASE - RENT
DELHI, HARYANA, RAJASTHAN
Westend Green Rajokari, Chattarpur, Vasant Kunj, Bijwasan, Gurgaon, Sohna ITC Classic, Agricultural Land, Industrial, Warehouse, Institutional, School, Hotel, Resort, College - Lands.
1 ACRE TO 100 ACRES
CONTACT- HARIRAM
9810408343

SALE /LEASE
3200 Sq. Ft. Top Floor Penthouse Near Shipra Mall Indrapuram (Bare shell can be Furnished Accordingly) 4 BHK + SR.
9810855661

• RBI BONDS
• 8% Shriram / PNB / Bajaj FD
• Sr. Citizen
• 1 Crore Govt. Schemes 52000/- per Month
Gift Plan by Nana Nani, Dada Dadi to Grand Child
"जिन्दगी के साथ भी जिन्दगी के बाद भी"
TAX SAVINGS-TAX FREE PLANS
LIC Sanjay Nidhi Jain (Since 1988)
(M) 9654066136
• NOIDA • GURGAON • DELHI • INDIRAPURAM

WEDDING WINTER SPECIAL
Fiber to SILK FAB
UPTO 50% OFF
TRADITIONAL | LIFESTYLE | LUXURY | DECOR
ALL LATEST VARIETY & NEW DESIGN
• Silk, Cotton Saree • Designer Wear • Ethnic Wear • Bridal Wear • Fashion Jewelry • Home Linen
Winter Special Kashmir Pashmina Products
16 TO 26 JANUARY 2026 TIME: 11AM TO 9PM
HOTEL RAMADA SECTOR - 44, GURUGRAM
ENTRY FREE / ALL UPI ONLINE / DEBIT & CREDIT CARD ACCEPTED / PARKING FREE

HAPPY LOHRI !
READY TO MOVE-IN INDUSTRY / FACTORY
BASATPUR, DHAULANA
Near Dadri, Gr. Noida
30 Mins. Jewar Airport
Land: 7500 Sq.Yds
Constructed: 5000 s.ft Shed, 5 Shops, Boundary Wall
Power: 65 KVA transformer
Suits: Mineral Water/ Paper/ Dairy/ Food Processing/ Oil/ Dal Mill Industry, Warehouse, School, Residential etc.
Price 15 Cr
Contact: 9318397038

KAILASH GROUPS
"our passion is to fulfill people's dreams"
Republic Day Offer
COTTAGE & VILLA
With Rental Income
Valid till 13 Jan to 26 Jan
Happy LOHRI
5% DISCOUNT + 10 GRAMS of Gold*
EXCLUSIVE OFFER
✓ Luxurious Holiday Retreats
✓ Safe & Profitable Investment
✓ Ideal for Holiday Homes
Contact Us Today
9958812139 | 9217705004 | 8006905100 | 7428480298
Almora, Uttarakhand

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP5 User: cci Time: 01-12-2026 23:13 Color:



# किताबें लीं ढेर सारी, अब Flex की बारी

दिल्ली में वर्ल्ड बुक फेयर सिर्फ एक मेला नहीं, अलग वाइब थी। बच्चों के लिए कहानियां हो या कहीं किसी स्टॉल पर किसी पॉलिटिकल बुक को लेकर गॉसिप, या फिर अपने फेवरिट ऑथर की किताब के साथ फोटो लेने की होड़। किताबें कहीं न कहीं 'ये तो मेरी कहानी है' वाला फील दे रही थी।



GenZ की नजर से स्पेशल कवरेज

अगर आप हमारी टीम से बुक फेयर से जुड़ा कोई सवाल पूछना चाहते हैं तो हमें 9220747220 पर वट्सऐप करें।

## वर्ल्ड बुक फेयर में जेन Z की मोहब्बत-ए-फिक्शन

Rajat.Chand@timesofindia.com

■ दिल्ली के वर्ल्ड बुक फेयर में एक बात साफ दिखी, फिक्शन जॉनर युवाओं के दिल पर राज कर रहा है। रोमैन्टिक कॉमेडी (Rom-Com) से लेकर क्राइम थ्रिलर किताबों तक, बुक स्टॉल सिर्फ खचाखच भरे नहीं थे, कहानियों पर बहस और प्लॉट ट्विस्ट पर गॉसिप चल रही थी। और उस गॉसिप तक पहुंचने का रास्ता मेरे लिए कम मुश्किल भरा नहीं था। जैसे ही पेंग्विन पब्लिकेशन के स्टॉल के पास पहुंचा, भीड़ देखकर मन में आया, उफ्फ! भाई, इतनी लंबी लाइन... लेकिन मैंने कहा, चलो भारत में ये कोई नया अनुभव तो है नहीं। अंदर पहुंचा, हर तरफ इंग्लिश किताबें। स्टाइलिश कपड़े (Drip) में हमउम्र भी दिखे। सबसे ज्यादा भीड़ जहां थी, वहां गया। ये था इंग्लिश Rom-Com किताबों का सेक्शन। बगल में क्राइम थ्रिलर्स भी रखी थी। तभी कानों में आवाज पड़ी, 'यार ये वाली बुक तो बहुत मोटी है, पढ़ने में महीना लग जाए।' 'अरे लेकिन एंडिंग सॉलिड है।' 'ब्रो, इसमें तो वो कैरेक्टर ना शुरू में ही मर जाता है, इट वॉज शॉकिंग!' कुछ ऐसा, किताबें और कई बातें, यही था माहौल।





■ सोशल मीडिया पर वायरल 'The Housemaid' और 'Beach Read' जैसी किताबों को खरीदने का युवाओं में खास क्रेज दिखा
■ रोमैन्टिक कॉमेडी और क्राइम थ्रिलर किताबों के लिए स्टॉल्स पर लंबी लाइनें दिखी

### रोमैन्टिक फिक्शन है बड़ा पॉपुलर

मैं रोमैन्टिक फिक्शन किताबों के सेक्शन में था, वहां लड़कियों के हाथ में Beach Read, The Break-Up Clause, Book Lovers जैसी किताबें दिखी। तभी एक लड़की ने अपने दोस्तों से कहा, 'यार इस बुक में जो मेल लीड है ना, एकदम ग्रीन फ्लैग!' फिर मैं थ्रिलर सेक्शन की तरफ बढ़ गया। हॉल में किताबों की स्कैनिंग कर रहा था, तभी एक यंग रीडर मीना मिली, मैंने पूछा कौन-कौन सी किताबें खरीदीं? मीना ने बताया, आज तो द हाउसमेड खरीदी है।

### फेयर में फिक्शन के सुपरहिट लेखक

बुक फेयर में Dostoevsky, डैन ब्राउन और हारुकी मुराकामी का जादू दिखा। दोस्तोयेव्स्की की Crime and Punishment, White Nights जैसी किताबों के पेज यंग रीडर्स बड़े चाव से पलटते नजर आए। डैन ब्राउन की The Da Vinci Code जैसी थ्रिलर्स आज भी हॉट हैं। बीते वर्षों में मुराकामी की किताबों ने तो आग सी लगा ही रखी है। उनकी किताबों के पास भी खूब लोग दिखे। दिलचस्प था कि क्लासिक साहित्य भी पीछे नहीं रहा। शेक्सपियर, सिल्विया प्लाथ या जेन ऑस्टिन की किताबों पर भी जमकर भीड़ थी। यानी यूथ सिर्फ ट्रेंड के पीछे नहीं है। ये जेन Z है, जो रोमांस भी पढ़ती है, थ्रिलर, क्लासिक भी और खुद को बेहतर बनाने वाली किताबें भी। कुल मिलाकर, फेयर में एक बात तय थी, कहानियों का ये इश्क अभी लंबा चलने वाला है।

BIOTECH AT AMITY
2026 ADMISSIONS OPEN
Placements in leading organisations like: Biocon, AstraZeneca, Merck
Students selected for higher studies in top universities like: University of Oxford, Johns Hopkins University
Get practical experience at 52 hi-tech labs including Animal Cell Culture, Plant Tissue Culture, Bioinformatics, Molecular Biology, Recombinant DNA Tech...
Train in hi-end instrumentation and research techniques including Scanning Electron Microscopy (SEM), Flow Cytometry (FACS), Confocal Microscopy, RT-PCR...
Pursue internships in research projects funded by DST, DBT, ICMR, ASEAN, AYUSH...
Join brilliant students who have published research papers in Nature, The Lancet, ACS Nano... and whose average aggregate Class XII% was 85%
Study alongside meritorious students who have been awarded prestigious grants and fellowships by renowned organizations including Gates Foundation, Novo Nordisk Foundation, DST, DBT, CSIR, ICMR...
UG, PG & DOCTORAL DEGREES IN:
• Biotechnology • Bioinformatics
• Medical Biotech • Zoology
• Botany
Amity University, Sector - 125, Noida
Apply at www.amity.edu | T: 0120-2445252
Gurugram: www.amity.edu/gurugram | T: 7303-399-399
AMITY UNIVERSITY

## कौन पढ़ता है फेयरीटेल्स, किताबें पढ़ने का अंदाज बदल चुकी है जेन अल्फा

# मोबाइल स्क्रीन्स से लेकर स्टोरीज तक का कूल सफर!

Anjali.Chand@timesofindia.com

■ सच कहूं तो, हम Gen Z खुद को बहुत कूल और हर पुरानी जेनरेशन से अलग समझते हैं, लेकिन वर्ल्ड बुक फेयर में जो मैंने देखा, उसने मुझे दोबारा सोचने पर मजबूर कर दिया। हम Gen Z को हमेशा यह सुनने को मिलता है कि हम बस ऑनलाइन दुनिया में खोए रहते हैं और किताबें नहीं पढ़ते। अब जैसा पुरानी जेनरेशन को हमारे बारे में लगता है वैसे ही मेरे मन में भी अपने से बाद वाली जेनरेशन के लिए कुछ ही ऐसे खयाल थे। मुझे भी लगा था कि आज के 'Gen Alpha' बच्चे या जैसा कि इन्हें नाम दिया गया है, 'iPad Kids' (जो हाथ में फोन लेकर ही पैदा हुए हैं) शायद ही किताबों के शौकीन होंगे। पर मेरा ये सोचना बिलकुल गलत था। असल में ये बच्चे तो क्रिएटिविटी का खजाना निकले।

Gen Alpha एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन हैं यानी ये ऑनलाइन क्लासेज और नोट्स तो लेते ही हैं, पर इन्हें 'जर्नलिंग' का भी बड़ा शौक है। और हां, अब सिंपल कलरिंग बुक्स 'आउट ऑफ ट्रेंड' हो चुकी हैं। आजकल ये अफर्मेशन बुक्स, सेल्फ लव, पॉजिटिव विचार और खुद का डेली शेड्यूल प्लान करने वाले जर्नल ढूंढ रहे हैं। ये अपनी लाइफ को अभी से प्लान या उनकी भाषा में कहें तो डॉक्यूमेंट करना जानते हैं।



■ 'आईपैड किड्स' को जर्नलिंग, बायोग्राफी और खुद को समझने वाली किताबें भा रही हैं
■ बच्चे फेवरेट गेम्स जैसे 'Minecraft' के बुक वर्जन को लेकर बेहद एक्साइटेड दिखे

इन बच्चों के लिए डिजिटल और प्रिंट की दुनिया अलग-अलग नहीं है, बल्कि इन्होंने इसे एक ही बना लिया है। मैंने देखा कि ये सिर्फ गेम्स के दीवाने नहीं हैं, बल्कि ये अपने फेवरेट गेम के 'बुक वर्जन' को लेकर भी सुपर एक्साइटेड हैं। वहां मिले 13 साल के पवित ने बड़ी खुशी से बताया कि किताबों में हमें अपने किरदारों को अपनी इमैजिनेशन से सजाने की पूरी आजादी मिलती है। मतलब साफ है, किताबें उनके लिए रुकावट नहीं, बल्कि उनकी क्रिएटिविटी को आगे बढ़ाने का जरिया हैं।

फेयर में मेरी मुलाकात 12 साल की उत्कृष्टा से हुई जो बड़े चाव से बायोग्राफी ढूंढ रही थी। जब उसने बताया कि वो सिर्फ पढ़ती नहीं बल्कि लिखती भी है, तो मैंने एक 'इंटेलेक्चुअल अडल्ट' बनने की कोशिश की और पूछा, तो तुम फेयरीटेल्स और फैंटेसी के बारे में लिखती होगी? उसने तुरंत मुझे करेक्ट करते हुए कहा, कम ऑन! आजकल फेयरीटेल्स कौन पढ़ता है? वो तो बहुत पुरानी बात है। मैं थोड़ा शर्मिंदा हो गई क्योंकि मैंने तो उन्हें बहुत पढ़ा है। और यहां मेरा सारा भ्रम टूट गया। लेकिन कहानी यहीं नहीं रुकी। उसने बताया कि उसे डॉक्यूमेंट्री देखना बहुत पसंद है, और फिर उनके किरदारों और एंडिंग को अपनी कल्पना से बदलना। यहीं से उसके अंदर राइटर पैदा हुआ, अपनी खुद की फिक्शनल डॉक्यूमेंट्री लिखने का सपना। वो स्कोलास्टिक ओपन कॉम्पिटिशन में हिस्सा ले चुकी है और उम्मीद करती है कि अगले साल बुक फेयर में अपनी किताब लेकर आएगी।

थोड़ी दूर पर एक और बच्ची खुशी से उछल रही थी। वजह? उसे अपने फेवरेट गेम Minecraft की हार्ड कवर बुक मिल गई थी। उसने मुझसे खास तौर पर कहा कि मैं हार्ड कवर का जिक्र जरूर करूं क्योंकि वो उसे बहुत प्रीमियम लगता है और यह फीलिंग असली बुक लवर ही समझ सकता है। साथ ही, अपनी फेवरेट फिल्म 'Howl's Moving Castle' को नॉवेल के रूप में देखकर उसका दिन बन गया।

# बुकफेयर का जमघट, जहां टाइटल भी स्टाइल में है

Mohd. Asgar@timesofindia.com

नई दिल्ली: वो नारंगी घर, क्या तुम हो मेरी दीदी, मम्मी सुसु, शेर की नींद... ये किताबों के कुछ ऐसे टाइटल थे, जिनको देखकर बुकफेयर में कदम स्टॉल पर ठहर गए। ये बाल साहित्य था, दिलचस्प तरीके से लिखा हुआ तस्वीरों के साथ, ताकि बच्चे तस्वीरों को देखते हुए पढ़ने के लिए इंतजार हो सकें। यह बाल साहित्य अनबाउंड स्क्रिप्ट पब्लिकेशन के स्टॉल के करीब में ही है। अनबाउंड स्क्रिप्ट के स्टॉल पर किताब की मुंह दिखाई की रस्म चल रही थी। किताब थी 'जाति जनगणना', जिसे लिखा है डॉ. लक्ष्मण यादव ने।

जैसे ही लक्ष्मण वहां बने मंच पर पहुंचे, उनके चाहने वालों का जमघट ऐसा लग कि शो हाउसफुल बन गया। जाति, राजनीति पर बात हुई और किताब का विमोचन हो गया। आलोक कुमार मिश्रा ने अपनी किताब 'बच्चे मशीन नहीं हैं' पर बात की तो निखिल राज ने अपने अंग्रेजी रोमांटिक नॉवेल All I ever want is you पर अपनी लेखकीय सफर के एक्सपीरियंस शेयर किए। वहां से निकले और फोटो क्लिक कर रहे लोगों से बचते बचाते राजकमल प्रकाशन के स्टॉल पर जा पहुंचे, जहां सजा था 'लेखक से मिलिए' का मंच। शांतना दुबे तिवारी की किताब 'मेरी न्यू यॉर्क डायरी' लॉन्च हुई। इस किताब में न्यू यॉर्क और अमेरिका मिलेगा। वहीं अशोक कुमार पाण्डेय ने नई किताब 'बीसवीं सदी के तानाशाह' पर बात की। संगीता मिश्र के कविता संग्रह 'सीपी में शंखनाद', मनीषा कुलश्रेष्ठ की किताब 'मेघदूत की राह के पथिक' की मुंह दिखाई की रस्म निभाई गई। वहीं राइटर सुजाता ने अपने नए नॉवेल 'दरयागंज वाया बाजार फते खान' के कुछ हिस्से को इस तरह सुनाया कि किताब को पढ़ने को मन करने लग जाए। पेंगुइन स्वदेश के स्टॉल पर अनिमेष मुखर्जी ने तो 'इतिहास की थाली' सजा रखी थी, जिसमें बताया गया है, चाय आपका नॉस्टैल्जिया नहीं, उनका बिजनेस था। कभी नमक टैक्स बना और कभी चीनी प्रोपेगंडा।



### अनुवाद की नाव में सवार विदेशी मेहमान

वाणी प्रकाशन ने तो बाकायदा 'साहित्य घर' सजाया है, जिसमें 'अनुवाद की नाव' में सवार होकर कुछ विदेशी मेहमान आए हुए थे। पोलिश पोएट्री का हिन्दी अनुवाद। अद्भुत कविताएं थीं। वाणी की सीईओ अदिति माहेश्वरी कहती हैं, यह एक अनूठी पहल 10 साल पहले शुरू की गई थी, जिसमें पोलिश लैंग्वेज के लिट्रेचर का ट्रांसलेशन हिंदी में लाया जाता है, जो लिट्रेचर की दो दुनिया के बीच एक ब्रिज है। इसी साहित्य घर में वशिष्ठ अनूप के गजल-कलेक्शन 'गर्म रोटी के ऊपर नमक-तेल था' का लॉन्च किया गया था। और यहां भी किताब पर साइन और फोटो क्लिक करा लेने की रस्में अदा की गई।

## हर उम्र के लिए यहां कुछ खास



बुक फेयर के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोग। वर्ल्ड बुक फेयर-26 में बच्चों की एक बड़ी दुनिया सजी हुई है। यहां बच्चों को मिल रही सुविधाओं से पैरेंट्स भी खुश हैं। कॉमिक्स बुक्स, शॉर्ट स्टोरीज की किताबें और ड्रॉइंग बुक्स आदि सस्ते दामों में बिक रही हैं। यहां बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट भी सिखाया जा रहा है।

# ...तो क्या, अब दिल्ली में भी गिरेगी बर्फ!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

क्या दिल्ली में भी आने वाले समय में बर्फ गिरेगी? इन दिनों सोशल मीडिया पर दिल्ली की AI इमेज वायरल हो रही है। इन इमेज में दिल्ली की विभिन्न जगहों पर लोग स्नोफॉल देख रहे हैं। इसके बाद यह चर्चा है कि जिस तरह से दिल्ली का तापमान 2 से 3 डिग्री चल रहा है, दिल्ली में बर्फ गिर सकती है।


बीते रविवार को पालम में सर्दी का 13 साल का रेकॉर्ड टूट गया और न्यूनतम तापमान 3 डिग्री जा पहुंचा। सोमवार को सफदरजंग का न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री रहा। दो साल बाद सफदरजंग इतना ठंडा हुआ है। बीते कुछ सालों में लोगों ने अपनी छतों, पेड़ों और कारों पर बर्फ जमी हुई देखी भी है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मैदानी इलाकों में बर्फ गिरने की संभावना नहीं है। यह जरूर हो सकता है कि तापमान बहुत अधिक नीचे जाने से ओस की बूंदें पत्तों और पेड़ों पर कुछ हिस्सों में जमी दिखें। इसे पानी जमने की स्थिति कहा जाता है और यह बर्फबारी से बिलकुल अलग है।

मैदानी इलाकों में जमाव की स्थिति दिखना असामान्य नहीं है। सर्दियों में ऐसा कई जगहों पर होता है। खासतौर पर खुले इलाकों में। राजस्थान और पंजाब के कई इलाकों में तापमान माइनस में भी चले जाते हैं लेकिन वहां भी बर्फबारी नहीं होती। क्योंकि मैदानी इलाकों में तापमान उतने कम नहीं होते जितने की जरूरत होती है। यहां बर्फबारी के लिए जरूरी हवाओं को हिमालय काफी हद तक रोकता है। अरावली से भी बचाव हो जाता है।

**क्या कहता है मौसम विभाग:** मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखें तो राजधानी में तापमान के इतना कम होने की संभावना नहीं है। जनवरी को शीतलहर की स्थिति जरूर है लेकिन इस दौरान भी न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री के आसपास ही रहेंगे। यानी तापमान माइनस में जाना तो दूर, यह एक डिग्री के आसपास भी पहुंचने की संभावना नहीं है। स्काईमेट के महेश पलावत के अनुसार कुछ दिनों तक शीतलहर की संभावना है।

**क्यों गिरेगा तापमान:** पहाड़ों पर कुछ जगहों पर अभी बर्फबारी हो रही है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से पहाड़ों से आने वाली हवाएं अभी थम गई हैं। पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी के बाद जब यह सिस्टम आगे बढ़ जाएगा तो बर्फबारी के इलाकों से हवाएं यहां पहुंचेंगी और राजधानी को कांपने पर मजबूर कर देंगी।

गिरते तापमान के बीच सोशल मीडिया पर दिल्ली में बर्फबारी की AI तस्वीरें हुई वायरल



# 'हमें एक रात भी नाइट शेल्टर में रुकना पड़े, तो पता नहीं क्या होगा'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

शहर में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के नाइट शेल्टरों में जगह और सुविधाओं की कमी का खुद से संज्ञान लिया। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिवीजन बेंच ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार और दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड (DUSIB) को इस मामले में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट इस मामले में अब 14 जनवरी को विचार करेगा।

बेंच ने कहा कि उसे उम्मीद है कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाएंगे कि शहर के लोग कड़ाके की ठंड से खुद को बचा सकें। कोर्ट ने कहा, अगर हममें से किसी को, भगवान न करे वहां एक रात रुकना पड़े, तो हमें नहीं पता कि क्या होगा। इसलिए संवेदनशील बनें।

चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने यह आदेश तब दिया, जब जस्टिस सी. हरि शंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की एक दूसरी बेंच ने मामले को उनके संज्ञान में लाया। जस्टिस हरि शंकर और जस्टिस शुक्ला ने 11 जनवरी को छपी एक रिपोर्ट का जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि भले ही दिल्ली में तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया था, लेकिन एम्स के कई मरीज और तीमारदार नाइट शेल्टर में जगह की कमी की वजह से एम्स मेट्रो स्टेशन के बाहर खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हुए। रिपोर्ट में कहा गया था कि कई लोग उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड और बिहार से आए थे, लेकिन उनके पास दिल्ली में किसी भी जगह ठहरने के लिए पैसे नहीं थे।

HC ने नाइट शेल्टरों में जगह और सुविधाओं की कमी पर संज्ञान लेते हुए की टिप्पणी





CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDP6 User: cci Time: 01-12-2026 21:44 Color:



# स्नान, दान और तप का महापर्व है मकर संक्रांति

आचार्य कृष्णदत्त शर्मा

मकर संक्रांति पर विशेष





**भारत में** पर्व और त्योहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना और जीवन-दर्शन का अभिन्न हिस्सा हैं। हर पर्व किसी न किसी प्राकृतिक, खगोलीय या आध्यात्मिक परिवर्तन से जुड़ा होता है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण पर्व है मकर संक्रांति, जिसे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ मनाया जाता है। इसे सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक माना जाता है।

शास्त्रों के अनुसार, जब सूर्य उत्तरायण होते हैं तो देवताओं का दिन आरम्भ होता है, जबकि दक्षिणायन को देवताओं की रात्रि कहा गया है। इसी कारण मकर संक्रांति को देवताओं का प्रभात काल भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन किया गया स्नान, दान, जप, तप और पुण्य कर्म कई गुना फल देता है। विशेष रूप से तिल, घी, कंबल और खिचड़ी का दान अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। धर्मग्रंथों में कहा गया है कि माघ मास में घृत और कम्बल का दान करने वाला व्यक्ति भोग और अंततः मोक्ष को प्राप्त करता है।

### नई शुरुआत का प्रतीक

धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ मकर संक्रांति का व्यावहारिक महत्व भी है। इस दिन से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं, जिससे सूर्य का प्रकाश और ऊर्जा बढ़ती है। इसका सीधा प्रभाव मानव जीवन, स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर पड़ता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इस पर्व को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला पर्व माना गया है। मकर संक्रांति हमें प्रकाश, ऊर्जा और नव आरम्भ का संदेश देती है।

### संक्रांति का पुण्यकाल

इस संक्रांति का पुण्यकाल 14 जनवरी 2026 को सुबह 8 बजकर 30 मिनट से शाम 5 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस संक्रान्ति को 'मंदाकिनी' नाम दिया गया है, जिसे विशेष रूप से शुभ माना गया है। मान्यता है कि यह संक्रांति राजनेताओं और शासन से जुड़े लोगों के लिए सुखद परिणाम देने वाली होगी।

### गंगा स्नान का विशेष महत्व

मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा तट पर स्नान और दान करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। तीर्थराज प्रयागराज में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाला माघ मेला विश्व प्रसिद्ध है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामचरितमानस में इस दिन त्रिवेणी संगम पर होने वाले दिव्य स्नान का वर्णन किया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता भी मानव रूप में संगम पर स्नान के लिए आते हैं।

### स्नान के समय जपें यह मंत्र

मान्यता है कि यदि किसी कारणवश तीर्थ स्नान संभव न हो, तो घर पर गंगाजल मिलाकर स्नान करने से भी वही पुण्य प्राप्त होता है। स्नान के समय 'गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन संनिधिं कुरु' मंत्र का जाप करने से सभी पवित्र नदियों में स्नान का फल मिलता है। स्नान के बाद भगवान विष्णु का पंचोपचार सहित पूजन करना, तिल से बने पदार्थों का दान करना, ब्राह्मणों और गुरुओं को दूध सहित भोजन कराना, गरम वस्त्र, फल और पंचांग का दान अत्यंत पुण्यकारी माना गया है, जिससे जीवन में शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक बल की प्राप्ति होती है।

### इन राशियों को विशेष फल देगी मकर संक्रांति

इस वर्ष विक्रम संवत् 2082 में मकर संक्रांति का विशेष संयोग बन रहा है। माघ कृष्ण एकादशी, बुधवार और अनुराधा नक्षत्र में सूर्य अपराह्न 3 बजकर 6 मिनट पर वृष लग्न में मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसी सूर्य संक्रमण को मकर संक्रांति कहा जाता है। मेष, वृष, कर्क, तुला, वृश्चिक, धनु और मकर राशि वालों के लिए यह संक्रान्ति विशेष रूप से शुभ फल देने वाली मानी जा रही है।


---

सत्संग



डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु

## 'जब विचार शांत होते हैं, तब धर्म प्रकट होता है'



AI image

**जि**स मन में निरंतर विचारों का शोर भरा हो, वह धर्म की ओर सहज रूप से नहीं जा पाता। धर्म का अर्थ किसी मत, पूजा या कर्मकांड से नहीं, बल्कि अंतःशुद्धि और चेतना की अवस्था से है। जहां मन हर समय योजनाओं, भय, इच्छाओं और यादों में उलझा हो, वहां मौन के लिए स्थान नहीं बचता। हमारे विचार भूतकाल या भविष्य काल से जुड़े होते हैं। भूत यादें बनकर आता है और भविष्य चिंता बनकर। इन दोनों के बीच वर्तमान क्षण होता है। धर्म सदैव 'अभी' में घटता है, जबकि विचार मन को 'बीते या आने वाले कल' में ले जाते हैं। इसलिए जितना अधिक मन विचारों से भरा होता है, उतना ही धर्म हमसे दूर होता है। धर्म कोई विचारों का समूह नहीं है। शास्त्रों का ज्ञान, उपदेशों को याद रखना और सिद्धांतों को दोहराते रहना ये सब उपयोगी हो सकते हैं, परंतु जब तक मन शांत नहीं होता, तब तक ये केवल बौद्धिक अभ्यास मात्र रह जाते हैं। अशांत मन धर्म को समझ सकता है, लेकिन उसे जी नहीं सकता। योग और साधना का मूल उद्देश्य विचारों को नष्ट करना नहीं, बल्कि विचारों के पार देखना है। जब मन साक्षी बनता है और विचारों से अपनी पहचान तोड़ता है, तब भीतर एक पूर्णता का अनुभव होता है। यही का अनुभव धर्म है। व्यावहारिक जीवन में, थोड़ी सी सजगता भी मन को धर्म की दिशा में मोड़ सकती है। अपनी आती जाती सांस को देखना, कर्म को ध्यान से करना और प्रतिक्रिया देने से पहले क्षणभर ठहरना ये साधारण अभ्यास मन की भीड़ को कम करते हैं। विचारों से भरा मन धर्म-विहीन नहीं है, लेकिन जब मन विचारों से पूरी तरह ढक जाता है, तब धर्म हमसे दूर चला जाता है। जब विचार शांत होते हैं, तब धर्म अपने आप प्रकट होता है, जैसे बादल हटते ही आकाश दिखाई देता है।


**धर्म अभी में घटता है, पर विचार बीते या आने वाले कल में ले जाते हैं**

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

---

**ई-मेल करें मंदिर वाली सेल्फी**



प्रवीण झा ने बड़े हनुमान मंदिर, प्रयागराज से भेजी ये फोटो

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

nbtreader@timesofindia.com पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ व्हट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

---

सप्ताह के व्रत और त्योहार

डॉ. अश्विनी शास्त्री

(13 से 19 जनवरी 2026 तक)

## फसलों के पकने का संदेश देती है लोहड़ी

*इस सप्ताह के बारे में विशेष: वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ माघ मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि, विशाखा/अनुराधा नक्षत्र और शूल/गण्ड योग के साथ हो रहा है। यह कृष्ण पक्ष 18 जनवरी को दर्श अमावस्या वाले दिन समाप्त होगा और 19 जनवरी, सोमवार से माघ मास का शुक्ल पक्ष आरंभ हो जाएगा। इस सप्ताह लोहड़ी, मकर संक्रांति, गंगा सागर मेला, षट्तिला एकादशी, तिल द्वादशी और दर्श अमावस्या आदि का आयोजन किया जाएगा।*

**■ लोहड़ी** (13 जनवरी, मंगलवार)
लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इसे विशेष रूप से मनाने की परंपरा रही है। दरअसल यह पर्व फसलों के पकने का संकेत देता है। इस त्योहार से कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। पंजाबी परिवारों में इस दिन घर-घर जाकर लोहड़ी मांगी जाती है और 'दुल्ला भट्टीवाला' गीत गाया जाता है। हिंदू परंपरा में ऐसा माना जाता है कि अग्नि में जो भी डाला जाता है वह उनके पितरों तक पहुंच जाता है। इसके अलावा पूरे परिवार के लोग जलती हुई लोहड़ी की परिक्रमा करते हैं और नई फसल की गेहूं की बालियों से उसकी पूजा करते हैं।




**■ मकर संक्रांति** (14 जनवरी)
संक्रांति का अर्थ है सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश। मकर संक्रांति का अर्थ हुआ सूर्य का मकर राशि में प्रवेश। इस दिन सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस संक्रांति के बाद सूर्यदेव दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाते हैं। यह प्रमुख रूप से भगवान सूर्य की आराधना का पर्व है इसलिए इस दिन व्रत रखने से सूर्यदेव प्रसन्न होते हैं।

**■ गंगा सागर मेला** (14 जनवरी)
मकर संक्रांति के दिन ही कोलकाता में महर्षि कपिल के आश्रम में गंगा मां का पदार्पण हुआ था। उसी दिन से मकर संक्रांति के ही दिन कोलकाता के पास गंगा सागर में हर साल बहुत विशाल मेले का आयोजन होता है। भारत के कई प्रदेशों में संक्रांति को अलग अलग रूपों में मनाने की परंपरा है। तमिलनाडु में पोंगल तो उत्तर भारत के कुछ राज्यों में इसे खिचड़ी के रूप में मनाते हैं।

**■ तिल द्वादशी** (16 जनवरी, शुक्रवार)
षट्तिला एकादशी के अगले दिन तिल द्वादशी के व्रत का विधान शास्त्रों में बताया गया है। इसी माघ मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी के दिन किया जाता है। इस दिन तिलों के तेल से भगवान विष्णु का विशेष पूजन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पुण्यसलिला नदियों में स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु का पूजन करना चाहिए।

**■ दर्श अमावस्या** (18 जनवरी)
हिंदू पंचांग में हर माह आने वाली अमावस्या तिथि का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है, परंतु जब यह 'दर्श अमावस्या' कहलाती है, तब इसका अर्थ और भी गहरा हो जाता है। इस तिथि को विशेष रूप से पितरों के लिये जल तर्पण और अन्न दान करने की परंपरा का प्रतीक माना जाता है। कहा गया है कि इस दिन पूर्वज धरती पर आते हैं और अपने वंशजों के पुण्य कर्मों से तृप्त होते हैं।

**■ षट्तिला एकादशी** (15 जनवरी, गुरुवार)
षट्तिला अर्थात तिलों के छह प्रकार के प्रयोग से युक्त एकादशी। इस एकादशी के दिन तिलों का प्रयोग छह प्रकार से किया जाता है, जो परम फलदायी माना गया है। पहला तिल मिश्रित जल से स्नान, दूसरा तिलों के तेल से मालिश, तीसरा तिलों का हवन, चौथा तिलों वाले पानी का सेवन अथवा स्नान, पांचवा तिलों का दान और छठा तिलों से बने पदार्थों का सेवन। प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि इस एकादशी का व्रत करने वाले उपासक को दरिद्रता और कष्टों से मुक्ति मिलती है और बैकुंठ की प्राप्ति होती है।



---



गणतंत्र दिवस

## हमें गौरव से भर देती गणतंत्र दिवस की यादें

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा है। जिस पर हमें रोजाना ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उन्हीं में से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

### भोर में दिखी राष्ट्रपति भवन की दिव्य आभा



सुबह चार बजे जब कर्तव्य पथ पर कदम रखा, तो मन श्रद्धा और गर्व से भर गया। चारों ओर गूंजते देशभक्ति गीत ऐसे लग रहे थे, मानो हम भी जवानों के साथ सरहद पर खड़े हों। उस समय राष्ट्रपति भवन की आभा नई नवेली दुल्हन जैसी प्रतीत हो रही थी। *-दीपक जैन और एंजल जैन*

### कर्तव्य पथ पर उतर आता है पूरा देश



गणतंत्र दिवस की तैयारियों में सर्दी की ठिठुरन देशभक्ति के गीतों में खो जाती है। कर्तव्य पथ पर ऐसा लगता है मानो पूरा देश एक साथ उतर आया हो। पिछले 25 वर्षों से मुझे केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में बागवानी के तहत छोटा सा कार्य करने का अवसर मिला है। पुलिस, फौजी और अन्य साथी मिलकर इसे एक उत्सव में बदल देते हैं। *-विक्रम सिंह*

**RDAY लाइव ▶**

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी है। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

---

# ईरान विवाद से ड्राई फ्रूट के रेट हाई



**400** रुपये प्रति किलो बढ़ चुकी है पिस्ता गिरी की कीमत ईरान विवाद के बाद

**1700** रुपये प्रति किलो एक महीने पहले थी कीमत

**200** से 300 रुपये प्रति किलो बादाम के रेट

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** ईरान में चल रहे आंतरिक विवाद का असर अब भारत में साफ तौर पर दिखने लगा है। खास तौर पर ड्राई फ्रूट्स के कारोबार पर इसका गहरा असर पड़ा है। व्यापारियों के मुताबिक ईरान से आयात होने वाले पिस्ता, केसर और मामरा बादाम की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसकी वजह से इनके दाम में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। इसके अलावा ईरान में करोड़ों रुपये का माल फंस गया है। साथ ही व्यापारियों की रकम भी अटक गई है।

खारी बावली में अफगानिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, साउथ अफ्रीका समेत कई देशों से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है। इंटरनैशनल फ्रूट्स एंड नट्स ऑर्गनाइजेशन के डायरेक्टर रविंद्र मेहता ने बताया कि ईरान में चल रहे विवाद का असर अब भारत के ड्राई फ्रूट्स के कारोबार पर पड़ने लगा है। स्थिति यह है कि पिस्ता गिरी की कीमत में प्रति किलो 400 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। एक महीने पहले इसकी कीमत 1700 रुपये प्रति किलो थी, अब 2100 रुपये हो गई है। इसके अलावा मामरा बादाम में करीब 200 से 300 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। कारोबारियों का कहना है कि भारत में आने वाला उच्च गुणवत्ता वाला पिस्ता और शुद्ध केसर बड़ी मात्रा में ईरान से ही आता है। रविंद्र ने बताया कि केसर की कीमत में करीब 25 हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई है। व्यापारियों के अनुसार सिर्फ ईरान ही नहीं बल्कि अफगानिस्तान से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। दरअसल भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े विवाद के बाद अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ईरान के जरिए भारत में होने लगी था। लेकिन अब वहां से भी किशमिश, अंजीर और बादाम समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

**भारत में दिखने लगा असर, कारोबारियों में बढ़ी चिंता**

### 80 करोड़ डॉलर के नुकसान का अनुमान

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि 2024-25 में ईरान और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 1.68 अरब डॉलर का हुआ था। इसमें भारत ने 1.24 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया था, जबकि 0.44 अरब डॉलर का सामान आयात किया गया था यानी दिल्ली और ईरान के बीच लगभग 80 करोड़ डॉलर का व्यापार हुआ था। गोयल का दावा है कि अगर ईरान में संकट लंबे समय तक बरकरार रहा तो दिल्ली और ईरान के व्यापार को 80 करोड़ डॉलर का नुकसान हो सकता है।

---

# यमुना में कालिंदी कुंज के पास फिर दिखा झाग, शुरू हुई जांच



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पिछले कुछ** दिनों से तापमान में लगातार गिरावट से यमुना नदी में एक बार फिर झाग दिखाई देने लगे हैं। सोमवार को कालिंदी कुंज घाट के पास दूर तक झाग ही झाग नजर आया। इसको देखते हुए दिल्ली जल बोर्ड के अफसरों ने हैरानी जताई है और झाग बनने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जल बोर्ड की एक टीम को मौके पर भेजा गया है।

जल बोर्ड के अफसरों का कहना है कि यमुना में झाग बनने के कई कारण हो सकते हैं। पहला जब नदी के पानी में डिसॉल्व ऑक्सिजन की मात्रा बहुत कम हो या पानी में टॉक्सिक मैटर बढ़ जाए, तब। दूसरा कारण सर्दियों का मौसम है। ठंड के दौरान जब तापमान काफी गिर जाता है, तब भी झाग की आशंका काफी बढ़ जाती है।

**सोमवार को कालिंदी कुंज पर एक बार फिर दिखा झाग**

### झाग की वजह ऊंचाई से गिरता पानी है: अफसर

अफसरों के मुताबिक कालिंदी कुंज के पास जिस जगह झाग देखा गया है, वहां पहले भी ऐसे ही हालात बनते रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से बनाया गया बैराज है। इस बैराज का डिजाइन ऐसा है कि यमुना का पानी काफी ऊंचाई से गिरता है, जिससे झाग बनता है। इसके अलावा इसी जगह नजफगढ़ ड्रेन भी ऊंचाई से यमुना में गिरता है। जल बोर्ड ने साफ किया है कि कालिंदी कुंज के पास यमुना में झाग दिखने से राजधानी की वॉटर सप्लाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पानी सप्लाई के लिए सिर्फ वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में इस्तेमाल किया जाता है।

### छठ के बाद यमुना हुई प्रदूषित : AAP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि यमुना का असली सच यही है कि छठ के बाद वो और प्रदूषित हुई है। सोमवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि छठ महापर्व के दो महीने बाद आई दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की रिपोर्ट ने बीजेपी सरकार के यमुना के सफाई अभियान को लेकर किए जा रहे दावों की पोल खोल दी है। भारद्वाज ने यमुना नदी का एक विडियो दिखाते हुए कहा कि बीजेपी सरकार यमुना की सफाई को लेकर सिर्फ ढोल पीटती है, लेकिन हकीकत यह है कि जमीन पर कोई काम नहीं दिखाई दे रहा है। अब दिल्ली सरकार के अधीन डीपीसीसी ने रिपोर्ट जारी की है, तो वह बेहद चिंताजनक स्थिति बयां कर रही है। उन्होंने कहा कि 9 अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट में आईएसबीटी ब्रिज के पास फीकल कोलीफॉर्म करीब 21,000 था। 6 नवंबर 2025 को यह 49,000 पहुंच गया।



### आधा सच बोल रहे हैं आप नेता: BJP


■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, आम आदमी पार्टी नेताओं को यमुना की सफाई की चिंता नहीं है, उनको केवल इस बात का अफसोस है की आखिर बीजेपी सरकार ने यमुना घाटों पर छठ पूजा कैसे करवा दी। उन्होंने कहा कि यमुना जल में फीकल कोलीफार्म को लेकर आप नेता सौरभ भारद्वाज यमुना की वर्तमान स्थिति को लेकर केवल आधा सच बोल रहे हैं और जनता को यह भी नहीं बता रहे कि आप सरकार के समय फीकल कोलीफार्म की यमुना जल में क्या मात्रा होती थी। सचदेवा ने कहा कि 22 दिसंबर 2025 की डीपीसीसी की रिपोर्ट में यमुना में आईएसबीटी पुल पर फीकल कोलीफार्म 92,000 पाया गया पर उसी रिपोर्ट में यमुना की हो रही सफाई के परिणामस्वरूप आईटीओ पुल पर यह घट कर 35,000 रह गया और ओखला बैराज पर फीकल कोलीफार्म 20000 पाया गया। दिसंबर 2024 रिपोर्ट में डिसॉल्व ऑक्सीजन शून्य था।



---

## 724 फीडिंग पॉइंट्स तैयार, पर बोर्ड कहां है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



AI image

सभी 250 वॉर्डों को किया कवर

**एमसीडी के** पशु विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए करीब 724 फीडिंग पॉइंट्स बनाकर सभी 250 वॉर्डों को कवर कर लिया है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि अब तक 12 जोनों में से महज दो जोन में ही 24 जगहों पर फीडिंग पॉइंट्स के बोर्ड लग पाए हैं। इस वजह से फीडिंग पॉइंट्स की पहचान करने में परेशानी हो रही है। सूत्रों का कहना है कि फीडिंग पॉइंट्स के बोर्ड न लगाकर एमसीडी कहीं न कहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर रही है।

एमसीडी से मिली जानकारी के अनुसार, फीडिंग पॉइंट्स बनाने का काम जोनल पशु विभाग के अधिकारियों को सौंपा गया था। जोनल अधिकारी स्थानीय निवासियों और आरडब्लूए के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर स्ट्रीट डॉग्स के लिए फीडिंग पॉइंट्स बनाने का काम कर रहे हैं। एमसीडी के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में फीडिंग पॉइंट्स बनाने की रफ्तार भले ही धीमी रही हो, लेकिन इस समय एमसीडी के सभी 250 वॉर्डों को कवर किया जा चुका है। इन वॉर्डों में करीब 724 फीडिंग पॉइंट्स बनाए जा चुके हैं।

एक वॉर्ड में कुल कितने फीडिंग पॉइंट्स बनाए गए, इस सवाल पर अधिकारियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी वॉर्डों को कवर करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हर वॉर्ड में फीडिंग पॉइंट्स बनाए गए हैं, भले ही किसी वॉर्ड में सिर्फ दो फीडिंग पॉइंट्स ही क्यों न बनाए गए हों।

जिन वॉर्डों में दो से तीन फीडिंग पॉइंट्स बनाए गए हैं, उन्हें लेकर डॉग लवर का कहना है कि स्ट्रीट डॉग्स का एरिया काफी सीमित होता है। ऐसे में अगर वे अपने एरिया से बाहर जाते हैं तो उन्हें दूसरे डॉग्स से संघर्ष करना पड़ता है और ठीक से खाना नहीं मिलता। पशु विभाग ने इस तरह से फीडिंग पॉइंट्स बनाकर महज खानापूर्ति की है।

इतना ही नहीं, जितने फीडिंग पॉइंट्स बनाए गए हैं, एमसीडी अब तक उन सभी जगहों पर फीडिंग पॉइंट्स के बोर्ड भी नहीं लगा पाई है। ऐसे में स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाने वाले लोगों को फीडिंग पॉइंट्स खोजने में दिक्कत हो रही है। इसी वजह से ज्यादातर डॉग लवर अब भी पहले की तरह गलियों में यहां वहां डॉग्स को खाना खिला रहे हैं। इससे दूसरे लोगों को दिक्कतें होती हैं।

**महज 24 जगहों पर ही लग पाए फीडिंग पॉइंट के बोर्ड**

---





Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC

WEST DELHI: FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5 RAJAPURI: 9167836026. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. AUTOVIKAS: 7506019415. CENTRAL DELHI: CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. EAST DELHI: SAFDARJUNG ENCLAVE: JASPER MOTORS: 9167411375. NEHRU PLACE: JASPER MOTORS: 9167411375. OKHLA: JASPER MOTORS: 8879386114. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019445. NARELA: SPARSH AUTOTECH: 8291058089. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: PANDAV NAGAR: ARYA MOTORS: 7506019879. BHOJPUR: SAB MOTORS: 9152102564. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. PALWAL: MAGAN WHEELS: 8291523319. HODAL: MAGAN WHEELS: 8879366376. GREATER FARIDABAD: MAGAN WHEELS: 9167617962. SOHNA ROAD: ZEDEX MOBILITY: 7506019906. UDYOG VIHAR: ARYA MOTORS: 8291539640. SEC-14: ARYA MOTORS: 7506019879. GOLF COURSE ROAD: ARYA MOTORS: /DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

NAJAFGARH: SPARSH AUTOTECH: 7506019549. PALAM DABRI: SPARSH AUTOTECH: 7506019683. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTINAGAR: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ: SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. SOUTH DELHI: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. NORTH DELHI: MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. GREATER NOIDA WEST: GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. GHAZIABAD: MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. FARIDABAD: NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH 8291517531. GURUGRAM: SECTOR 43: HIMGIRI AUTOMOBILES: 7011321476. HERO HONDA CHOWK: HIMGIRI AUTOMOBILES: 9619140714. GOLF COURSE EXTN. ROAD: ZEDEX MOBILITY: 7506019902. SOHNA: CSG AUTOMOBILES: 8879054086. WAZIRPUR: SISOTHYA: 9619918805. MANESAR: SISOTHYA: 9167206541. PATAUDI: SISOTHYA: 9167206841. BULANDSHAHAR/KHURJA DHEERAJ MOTOCORP: 9619949466..KANINA: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI : SWAN MOTORS : 9215317773.MEERUT: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU:

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications/colors are not available in all variants and may vary for different variants and are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. **The benefits mentioned are of particular of Financer. The EMI figures shown above are based on specific loan amount along with Balloon scheme options (25% or 30%) and 84 month repayment period. Actual EMI amounts may vary based on loan amount and total on road price. Schemes on Altroz & Tiago may vary. ^Altroz price mentioned is Smart MT Delhi. Local Taxes extra. *First and largest in segment refers to mid and high hatchback cars in India. GNCAP and BNCAP rating is not valid for Tiago. Tiago is available in Petrol, CNG & EV. *Auto transmission is Auto gearbox available in Tiago XTA CNG, XZA CNG and XZA NRG CNG. *Cruise Control only available in 24.07 kmpl for the Nexon diesel AMT are ARAI certified test figures under controlled conditions. Actual mileage may vary significantly as per driving conditions. Only in the compact SUV segment under 4meter, 1.5liter diesel engine). ^^Price mentioned is Nexon Smart MT Petrol, ex showroom Delhi Local taxes extra. model and variant. Benefits will vary depending on the model and variant selected. For exact details, please contact your nearest authorized TATA Motors dealership. **Additional benefits include consumer offer, exchange offer, loyalty, intervention consumer, intervention exchange. ^Finance at the sole discretion , ex showroom Delhi. Altroz is 5 star BNCAP rated hatchback as per 2025 test. Altroz is the only hatchback to get 5 star rating across powertrain of Petrol, Diesel and CNG. As per Bharat Ncap results 2025. *Available in Premium Hatchback Segment. ^Tiago price mentioned is Tiago XE MT Petrol, ex-showroom New Tiago XZ+. ^^Nexon GNCAP tested in Feb'24 & BNCAP tested in Oct'24 for Smart. TATA Nexon scored highest adult occupant score as per test conducted by Bharat NCAP and Global NCAP in category of SUV less than 4 meter & engine less than 1.5L as per GNCAP & BNCAP test result. ^The mileage figures quoted *Estimated ex-showroom price New Delhi. Terms and conditions apply.

# स्नान, दान और तप का महापर्व है मकर संक्रांति

आचार्य कृष्णदत्त शर्मा

मकर संक्रांति पर विशेष

**भारत में** पर्व और त्योहार केवल परंपरा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना और जीवन-दर्शन का अभिन्न हिस्सा हैं। हर पर्व किसी न किसी प्राकृतिक, खगोलीय या आध्यात्मिक परिवर्तन से जुड़ा होता है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण पर्व है मकर संक्रांति, जिसे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ मनाया जाता है। इसे सूर्य के उत्तरायण होने का प्रतीक माना जाता है।

शास्त्रों के अनुसार, जब सूर्य उत्तरायण होते हैं तो देवताओं का दिन आरम्भ होता है, जबकि दक्षिणायन को देवताओं की रात्रि कहा गया है। इसी कारण मकर संक्रांति को देवताओं का प्रभात काल भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन किया गया स्नान, दान, जप, तप और पुण्य कर्म कई गुना फल देता है। विशेष रूप से तिल, घी, कंबल और खिचड़ी का दान अत्यंत पुण्यकारी माना गया है। धर्मग्रंथों में कहा गया है कि माघ मास में घृत और कम्बल का दान करने वाला व्यक्ति भोग और अंततः मोक्ष को प्राप्त करता है।



**संक्रांति का पुण्यकाल**

इस संक्रांति का पुण्यकाल 14 जनवरी 2026 को सुबह 8 बजकर 30 मिनट से शाम 5 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस संक्रान्ति को 'मंदाकिनी' नाम दिया गया है, जिसे विशेष रूप से शुभ माना गया है। मान्यता है कि यह संक्रांति राजनेताओं और शासन से जुड़े लोगों के लिए सुखद परिणाम देने वाली होगी।

### नई शुरुआत का प्रतीक

धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ मकर संक्रांति का व्यावहारिक महत्व भी है। इस दिन से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं, जिससे सूर्य का प्रकाश और ऊर्जा बढ़ती है। इसका सीधा प्रभाव मानव जीवन, स्वास्थ्य और कार्यक्षमता पर पड़ता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में इस पर्व को केवल धार्मिक नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला पर्व माना गया है। मकर संक्रांति हमें प्रकाश, ऊर्जा और नव आरम्भ का संदेश देती है।

### गंगा स्नान का विशेष महत्व

मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा तट पर स्नान और दान करने से अनंत पुण्य की प्राप्ति होती है। तीर्थराज प्रयागराज में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाला माघ मेला विश्व प्रसिद्ध है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी रामचरितमानस में इस दिन त्रिवेणी संगम पर होने वाले दिव्य स्नान का वर्णन किया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवी-देवता भी मानव रूप में संगम पर स्नान के लिए आते हैं।

### स्नान के समय जपे यह मंत्र



मान्यता है कि यदि किसी कारणवश तीर्थ स्नान संभव न हो, तो घर पर गंगाजल मिलाकर स्नान करने से भी वही पुण्य प्राप्त होता है। स्नान के समय 'गिरन्तर गंगे च यमुने चैव गोदावरी सरस्वती नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेऽस्मिन संनिधिं कुरु' मंत्र का जाप करने से सभी पवित्र नदियों में स्नान का फल मिलता है। स्नान के बाद भगवान विष्णु का पंचदेवों सहित पूजन करना, तिल से बने पदार्थों का दान करना, ब्राह्मणों और गुरुओं को दूध सहित भोजन कराना, गरम वस्त्र, फल और पंचांग का दान अत्यंत पुण्यकारी माना गया है, जिससे जीवन में शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक बल की प्राप्ति होती है।


**इन राशियों को विशेष फल देगी मकर संक्रांति**

इस वर्ष विक्रम संवत् 2082 में मकर संक्रांति का विशेष संयोग बन रहा है। माघ कृष्ण एकादशी, बुधवार और अनुराधा नक्षत्र में सूर्य अपराह्न 3 बजकर 6 मिनट पर वृष लग्न में मकर राशि में प्रवेश करेंगे। इसी सूर्य संक्रमण को मकर संक्रांति कहा जाता है। मेष, वृष, कर्क, तुला, वृश्चिक, धनु और मकर राशि वालों के लिए यह संक्रान्ति विशेष रूप से शुभ फल देने वाली मानी जा रही है।

सत्संग
डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु

## 'जब विचार शांत होते हैं, तब धर्म प्रकट होता है'

AI image




जिस मन में निरंतर विचारों का शोर भरा हो, वह धर्म की ओर सहज रूप से नहीं जा पाता। धर्म का अर्थ किसी मत, पूजा या कर्मकांड से नहीं, बल्कि अंतःशुद्धि और चेतना की अवस्था से है। जहां मन हर समय योजनाओं, भय, इच्छाओं और यादों में उलझा हो, वहां मौन के लिए स्थान नहीं बचता। हमारे विचार भूतकाल या भविष्य काल से जुड़े होते हैं। भूत यादें बनकर आता है और भविष्य चिंता बनकर। इन दोनों के बीच वर्तमान क्षण होता है। धर्म सदैव 'अभी' में घटता है, जबकि विचार मन को "बीते या आने वाले कल" में ले जाते हैं। इसलिए जितना अधिक मन विचारों से भरा होता है, उतना ही धर्म हमसे दूर होता है। धर्म कोई विचारों का संग्रह नहीं है। शास्त्रों का ज्ञान, उपदेशों को याद रखना और सिद्धांतों को दोहराते रहना ये सब उपयोगी हो सकते हैं, परंतु जब तक मन शांत नहीं होता, तब तक ये केवल बौद्धिक अभ्यास मात्र रह जाते हैं। अशांत मन धर्म को समझ सकता है, लेकिन उसे जी नहीं सकता। योग और साधना का मूल उद्देश्य विचारों को नष्ट करना नहीं, बल्कि विचारों के पार देखना है। जब मन साक्षी बनता है और विचारों से अपनी पहचान तोड़ता है, तब भीतर एक पूर्णता का अनुभव होता है। यही का अनुभव धर्म है। व्यावहारिक जीवन में, थोड़ी सी सजगता भी मन को धर्म की दिशा में मोड़ सकती है। अपनी आती जाती सांस को देखना, कर्म को ध्यान से करना और प्रतिक्रिया देने से पहले क्षणभर ठहरना ये साधारण अभ्यास मन की भीड़ को कम करते हैं। विचारों से भरा मन धर्म-विहीन नहीं है, लेकिन जब मन विचारों से पूरी तरह ढक जाता है, तब धर्म हमसे दूर चला जाता है। जब विचार शांत होते हैं, तब धर्म अपने आप प्रकट होता है, जैसे बादल हटते ही आकाश दिखाई देता है।

**धर्म अभी में घटता है, पर विचार बीते या आने वाले कल में ले जाते हैं**

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

ई-मेल करें
**मंदिर वाली सेल्फी**



प्रवीण झा ने बड़े हनुमान मंदिर, प्रयागराज से भेजी ये फोटो

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

nbtreader@timesofindia.com पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ व्हाट्सऐप करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

सप्ताह के व्रत और त्योहार
डॉ. अश्विनी शास्त्री
(13 से 19 जनवरी 2026 तक)

## फसलों के पकने का संदेश देती है लोहड़ी

*इस सप्ताह के बारे में विशेष: वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ माघ मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि, विशाखा/अनुराधा नक्षत्र और शूल/गण्ड योग के साथ हो रहा है। यह कृष्ण पक्ष 18 जनवरी को दर्श अमावस्या वाले दिन समाप्त होगा और 19 जनवरी, सोमवार से माघ मास का शुक्ल पक्ष आरंभ हो जाएगा। इस सप्ताह लोहड़ी, मकर संक्रांति, गंगा सागर मेला, षट्तिला एकादशी, तिल द्वादशी और दर्श अमावस्या आदि का आयोजन किया जाएगा।*

■ **लोहड़ी** (13 जनवरी, मंगलवार)
लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति से एक दिन पहले मनाया जाता है। पंजाब और हरियाणा में इसे विशेष रूप से मनाने की परंपरा रही है। दरअसल यह पर्व फसलों के पकने का संकेत देता है। इस त्योहार से कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। पंजाबी परिवारों में इस दिन घर-घर जाकर लोहड़ी मांगी जाती है



और 'दुल्ला भट्टीवाला' गीत गाया जाता है। हिंदू परंपरा में ऐसा माना जाता है कि अग्नि में जो भी डाला जाता है वह उनके पितरों तक पहुंच जाता है। इसके अलावा पूरे परिवार के लोग जलती हुई लोहड़ी की परिक्रमा करते हैं और नई फसल की गेहूं की बालियों से उसकी पूजा करते हैं।


■ **मकर संक्रांति** (14 जनवरी)
संक्रांति का अर्थ है सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश। मकर संक्रांति का अर्थ हुआ सूर्य का मकर राशि में प्रवेश। इस दिन सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस संक्रांति के बाद सूर्यदेव दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाते हैं। यह प्रमुख रूप से भगवान सूर्य की आराधना का पर्व है इसलिए इस दिन व्रत रखने से सूर्यदेव प्रसन्न होते हैं।

■ **तिल द्वादशी** (16 जनवरी, शुक्रवार)
षट्तिला एकादशी के अगले दिन तिल द्वादशी के व्रत का विधान शास्त्रों में बताया गया है। इसी माघ मास के कृष्ण पक्ष की द्वादशी के दिन किया जाता है। इस दिन तिलों के तेल से भगवान विष्णु का विशेष पूजन किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन पुण्यसलिला नदियों में स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु का पूजन करना चाहिए।

■ **गंगा सागर मेला** (14 जनवरी)
मकर संक्रांति के दिन ही कोलकाता में महर्षि कपिल के आश्रम में गंगा मां का पदार्पण हुआ था। उसी दिन से मकर संक्रांति के ही दिन कोलकाता के पास गंगा सागर में हर साल बहुत विशाल मेले का आयोजन होता है। भारत के कई प्रदेशों में संक्रांति को अलग अलग रूपों में मनाने की परंपरा है। तमिलनाडु में पोंगल तो उत्तर भारत के कुछ राज्यों में इसे खिचड़ी के रूप में मनाते हैं।

■ **दर्श अमावस्या** (18 जनवरी)
हिंदू पंचांग में हर माह आने वाली अमावस्या तिथि का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है, परंतु जब यह 'दर्श अमावस्या' कहलाती है, तब इसका अर्थ और भी गहरा हो जाता है। इस तिथि को विशेष रूप से पितरों के लिये जल तर्पण और अन्न दान करने की परंपरा का प्रतीक माना जाता है। कहा गया है कि इस दिन पूर्वज धरती पर आते हैं और अपने वंशजों के पुण्य कर्मों से तृप्त होते हैं।

■ **षट्तिला एकादशी** (15 जनवरी, गुरुवार)
षट्तिला अर्थात तिलों के छह प्रकार के प्रयोग से युक्त एकादशी। इस एकादशी के दिन तिलों का प्रयोग छह प्रकार से किया जाता है, जो परम फलदायी माना गया है। पहला तिल मिश्रित जल से स्नान, दूसरा तिलों के तेल से मालिश, तीसरा तिलों का



हवन, चौथा तिलों वाले पानी का सेवन अथवा स्नान, पांचवा तिलों का दान और छठा तिलों से बने पदार्थों का सेवन। प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि इस एकादशी का व्रत करने वाले उपासक को दरिद्रता और कष्टों से मुक्ति मिलती है और बैकुंठ की प्राप्ति होती है।



गणतंत्र दिवस

## हमें गौरव से भर देती गणतंत्र दिवस की यादें

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा है। जिस पर हमें रोजाना ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उन्हीं में से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

### भोर में दिखी राष्ट्रपति भवन की दिव्य आभा



सुबह चार बजे जब कर्तव्य पथ पर कदम रखा, तो मन श्रद्धा और गर्व से भर गया। चारों ओर गूंजते देशभक्ति गीत ऐसे लग रहे थे, मानो हम भी जवानों के साथ सरहद पर खड़े हों। उस समय राष्ट्रपति भवन की आभा नई नवेली दुल्हन जैसी प्रतीत हो रही थी। *-दीपक जैन और एंजल जैन*

### कर्तव्य पथ पर उतर आता है पूरा देश




गणतंत्र दिवस की तैयारियों में सर्दी की ठिठुरन देशभक्ति के गीतों में खो जाती है। कर्तव्य पथ पर ऐसा लगता है मानो पूरा देश एक साथ उतर आया हो। पिछले 25 वर्षों से मुझे केंद्रीय लोक निर्माण विभाग में बागवानी के तहत छोटा सा कार्य करने का अवसर मिला है। पुलिस, फौजी और अन्य साथी मिलकर इसे एक उत्सव में बदल देते हैं। *-विक्रम सिंह*

**RDAY लाइव ▶**

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी है। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।



**400** रुपये प्रति किलो बढ़ चुकी है पिस्ता गिरी की कीमत ईरान विवाद के बाद

**1700** रुपये प्रति किलो एक महीने पहले थी कीमत

**200** से 300 रुपये प्रति किलो बादाम के रेट

# ईरान विवाद से ड्राई फ्रूट के रेट हाई

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** ईरान में चल रहे आंतरिक विवाद का असर अब भारत में साफ तौर पर दिखने लगा है। खास तौर पर ड्राई फ्रूट्स के कारोबार पर इसका गहरा असर पड़ा है। व्यापारियों के मुताबिक ईरान से आयात होने वाले पिस्ता, केसर और मामरा बादाम की सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसकी वजह से इनके दाम में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। इसके अलावा ईरान में करोड़ों रुपये का माल फंस गया है। साथ ही व्यापारियों की रकम भी अटक गई है।

**भारत में दिखने लगा असर, कारोबारियों में बढ़ी चिंता**

खारी बावली में अफगानिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ईरान, साउथ अफ्रीका समेत कई देशों से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई होती है। इंटरनैशनल फ्रूट्स एंड नट्स ऑर्गनाइजेशन के डायरेक्टर रविंद्र मेहता ने बताया कि ईरान में चल रहे विवाद का असर अब भारत के ड्राई फ्रूट्स के कारोबार पर पड़ने लगा है। स्थिति यह है कि पिस्ता गिरी की कीमत में प्रति किलो 400 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। एक महीने पहले इसकी कीमत 1700 रुपये प्रति किलो थी, अब 2100 रुपये हो गई है। इसके अलावा मामरा बादाम में करीब 200 से 300 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। कारोबारियों का कहना है कि भारत में आने वाला उच्च गुणवत्ता वाला पिस्ता और शुद्ध केसर बड़ी मात्रा में ईरान से ही आता है। रविंद्र ने बताया कि केसर की कीमत में करीब 25 हजार रुपये की बढ़ोतरी हुई है। व्यापारियों के अनुसार सिर्फ ईरान ही नहीं बल्कि अफगानिस्तान से आने वाले ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई भी प्रभावित हुई है। दरअसल भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े विवाद के बाद अफगानिस्तान से ड्राई फ्रूट्स की सप्लाई ईरान के जरिए भारत में होने लगी थी। लेकिन अब वहां से भी किशमिश, अंजीर और बादाम समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### 80 करोड़ डॉलर के नुकसान का अनुमान

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि 2024-25 में ईरान और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 1.68 अरब डॉलर का हुआ था। इसमें भारत ने 1.24 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया था, जबकि 0.44 अरब डॉलर का सामान आयात किया गया था यानी दिल्ली और ईरान के बीच लगभग 80 करोड़ डॉलर का व्यापार हुआ था। गोयल का दावा है कि अगर ईरान में संकट लंबे समय तक बरकरार रहा तो दिल्ली और ईरान के व्यापार को 80 करोड़ डॉलर का नुकसान हो सकता है।

# यमुना में कालिंदी कुंज के पास फिर दिखा झाग, शुरू हुई जांच



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पिछले कुछ** दिनों से तापमान में लगातार गिरावट से यमुना नदी में एक बार फिर झाग दिखाई देने लगे हैं। सोमवार को कालिंदी कुंज घाट के पास दूर तक झाग ही झाग नजर आया। इसको देखते हुए दिल्ली जल बोर्ड के अफसरों ने हैरानी जताई है और झाग बनने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जल बोर्ड की एक टीम को मौके पर भेजा गया है।

**सोमवार को कालिंदी कुंज पर एक बार फिर दिखा झाग**

जल बोर्ड के अफसरों का कहना है कि यमुना में झाग बनने के कई कारण हो सकते हैं। पहला जब नदी के पानी में डिसॉल्व ऑक्सिजन की मात्रा बहुत कम हो या पानी में ऑर्गेनिक मैटर बढ़ जाए, तब। दूसरा कारण सर्दियों का मौसम है। ठंड के दौरान जब तापमान काफी गिर जाता है, तब भी झाग की आशंका काफी बढ़ जाती है।

### झाग की वजह ऊंचाई से गिरता पानी है : अफसर

अफसरों के मुताबिक कालिंदी कुंज के पास जिस जगह झाग देखा गया है, वहां पहले भी ऐसे ही हालात बनते रहे हैं। इसकी एक बड़ी वजह उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से बनाया गया बैराज है। इस बैराज का डिजाइन ऐसा है कि यमुना का पानी काफी ऊंचाई से गिरता है, जिससे झाग बनता है। इसके अलावा इसी जगह नजफगढ़ ड्रेन भी ऊंचाई से यमुना में गिरता है। जल बोर्ड ने साफ किया है कि कालिंदी कुंज के पास यमुना में झाग दिखने से राजधानी की वॉटर सप्लाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पानी सप्लाई के लिए सिर्फ वजीराबाद वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में इस्तेमाल किया जाता है।

### छठ के बाद यमुना हुई प्रदूषित : AAP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : आम आदमी** पार्टी ने कहा है कि यमुना का असली सच यही है कि छठ के बाद वो और प्रदूषित हुई है। सोमवार को आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि छठ महापर्व के दो महीने बाद आई दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की रिपोर्ट ने बीजेपी सरकार के यमुना के सफाई अभियान को लेकर किए जा रहे दावों की पोल खोल दी है। भारद्वाज ने यमुना नदी का एक विडियो



दिखाते हुए कहा कि बीजेपी सरकार यमुना की सफाई को लेकर सिर्फ ढोल पीटती है, लेकिन हकीकत यह है कि जमीन पर कोई काम नहीं दिखाई दे रहा है। अब दिल्ली सरकार के अधीन डीपीसीसी ने रिपोर्ट जारी की है, तो वह बेहद चिंताजनक स्थिति बयां कर रही है। उन्होंने कहा कि 9 अक्टूबर 2025 की रिपोर्ट में आईएसबीटी ब्रिज के पास फीकल कोलीफॉर्म करीब 21,000 था। 6 नवंबर 2025 को यह 49,000 पहुंच गया।

### आधा सच बोल रहे हैं आप नेता: BJP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, आम आदमी पार्टी नेताओं को यमुना की सफाई की चिंता नहीं है, उनको केवल इस बात का अफसोस है की आखिर बीजेपी सरकार ने यमुना घाटों पर छठ पूजा कैसे करवा दी। उन्होंने कहा कि यमुना जल में फीकल कोलीफॉर्म को लेकर आप नेता सौरभ भारद्वाज यमुना की वर्तमान स्थिति को लेकर केवल आधा सच बोल रहे हैं और जनता को यह भी नहीं बता रहे कि आप सरकार के समय फीकल कोलीफॉर्म की यमुना जल में क्या मात्रा होती थी। सचदेवा ने कहा कि 22 दिसंबर 2025 की डीपीसीसी की रिपोर्ट




में यमुना में आईएसबीटी पुल पर फीकल कोलीफॉर्म 92,000 पाया गया पर उसी रिपोर्ट में यमुना की हो रही सफाई के परिणामस्वरूप आईटीओ पुल पर यह घट कर 35,000 रह गया और ओखला बैराज पर फीकल कोलीफॉर्म 20000 पाया गया। दिसंबर 2024 रिपोर्ट में डिजॉल्व ऑक्सीजन शून्य था।

# 724 फीडिंग पॉइंट्स तैयार, पर बोर्ड कहां है

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI image



सभी 250 वॉर्डों को किया कवर

**एमसीडी के** पशु विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए करीब 724 फीडिंग पॉइंट्स बनाकर सभी 250 वॉर्डों को कवर कर लिया है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि अब तक 12 जोनों में से महज दो जोन में ही 24 जगहों पर फीडिंग पॉइंट्स के बोर्ड लग पाए हैं। इस वजह से फीडिंग पॉइंट्स की पहचान करने में परेशानी हो रही है। सूत्रों का कहना है कि फीडिंग पॉइंट्स के बोर्ड न लगाकर एमसीडी कहीं न कहीं सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर रही है।

एमसीडी से मिली जानकारी के अनुसार, फीडिंग पॉइंट्स बनाने का काम जोनल पशु विभाग के अधिकारियों को सौंपा गया था। जोनल अधिकारी स्थानीय निवासियों और आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर स्ट्रीट डॉग्स के लिए फीडिंग पॉइंट्स बनाने का काम कर रहे हैं। एमसीडी के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि शुरुआत में फीडिंग पॉइंट्स बनाने की रफ्तार भले ही धीमी रही हो, लेकिन इस समय एमसीडी के सभी 250 वॉर्डों को कवर किया जा चुका है। इन वॉर्डों में करीब 724 फीडिंग पॉइंट्स बनाए जा चुके हैं।

**महज 24 जगहों पर ही लग पाए फीडिंग पॉइंट के बोर्ड**

एक वॉर्ड में कुल कितने फीडिंग पॉइंट्स बनाए गए, इस सवाल पर अधिकारियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी वॉर्डों को कवर करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए हर वॉर्ड में फीडिंग पॉइंट्स बनाए गए हैं, भले ही किसी वॉर्ड में सिर्फ दो फीडिंग पॉइंट्स ही क्यों न बनाए गए हों।

जिन वॉर्डों में दो से तीन फीडिंग पॉइंट्स बनाए गए हैं, उन्हें लेकर डॉग लवर का कहना है कि स्ट्रीट डॉग्स का एरिया काफी सीमित होता है। ऐसे में अगर वे अपने एरिया से बाहर जाते हैं तो उन्हें दूसरे डॉग्स से संघर्ष करना पड़ता है और ठीक से खाना नहीं मिलता। पशु विभाग ने इस तरह से फीडिंग पॉइंट्स बनाकर महज खानापूर्ति की है।

इतना ही नहीं, जितने फीडिंग पॉइंट्स बनाए गए हैं, एमसीडी अब तक उन सभी जगहों पर फीडिंग पॉइंट्स के बोर्ड भी नहीं लगा पाई है। ऐसे में स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाने वाले लोगों को फीडिंग पॉइंट्स खोजने में दिक्कत हो रही है। इसी वजह से ज्यादातर डॉग लवर अब भी पहले की तरह गलियों में यहां वहां डॉग्स को खाना खिला रहे हैं। इससे दूसरे लोगों को दिक्कतें होती हैं।




Available in Petrol, Diesel, CNG and EV* | Easy upgrade with lowest EMIs | book TATA Motors car | TATA MOTORS SAFETY DOME 360° PROTECTION | BHARAT NCAP

Kindly call on 8291362368 for all enquiries related to purchase from CSD or KPKB/CPC

WEST DELHI: FRONTIER: DWARKA: 8291390014. FRONTIER: DWARKA SEC-5 RAJAPURI: 9167836026. PUNJABI BAGH: CHERISH CAR: 9167277034. JANAKPURI: DELIGHT MOTORS: 7045211252. NAJAFGARH: SPARSH AUTOTECH: 7506019549. PALAM DABRI: SPARSH AUTOTECH: 7506019683. MAYAPURI: TRUENORTH: 7506019838. PEERAGARHI: TRUENORTH: 9619223251. MOTINAGAR: AUTOVIKAS: 7506019415. CENTRAL DELHI: CONNAUGHT PLACE: ARYA MOTORS: 9810638782. KAROL BAGH: ZEDEX MOBILITY: 9619490132. KASHMERE GATE: DPS CARS: 9090808057. EAST DELHI: PREET VIHAR: DPS CARS: 8929567222/9. PATPARGANJ: SAGAR MOTORS: 7506019545. DILSHAD GARDEN: SAGAR MOTORS: 7506019521. GOKULPURI: SAB MOTORS: 8291058108. SOUTH DELHI: SAFDARJUNG ENCLAVE: JASPER MOTORS: 9167411375. NEHRU PLACE: JASPER MOTORS: 9167411375. OKHLA: JASPER MOTORS: 8879386114. LAJPAT NAGAR: SAB MOTORS: 7506019487. MATHURA ROAD: SAB MOTORS: 7506019505. NORTH DELHI: MODEL TOWN: ZEDEX MOBILITY: 9619447205. ROHINI: CHERISH CAR: 7039049471. WAZIRPUR: AUTOVIKAS: 7506019445. NARELA: SPARSH AUTOTECH: 8291058089. PRASHANT VIHAR: MALWA: 7506019463. NOIDA: SECTOR 5: SAGAR MOTORS: 7506020132. SECTOR 63: SAGAR MOTORS: 9167622374. GREATER NOIDA: SAGAR MOTORS: 7506020227. JEWAR: SAGAR MOTORS: 8291304204. GREATER NOIDA WEST: GAUR CITY: SAGAR MOTORS: 9667899773. GHAZIABAD: PANDAV NAGAR: ARYA MOTORS: 7506019879. BHOJPUR: SAB MOTORS: 9152102564. PATEL NAGAR: SAB MOTORS: 7506019939. MOHAN NAGAR: SAB MOTORS: 7506019947. VAISHALI: SAB MOTORS: 9619085440. MODINAGAR: SAB MOTORS: 9152102564. HAPUR: SAB MOTORS: 9152102552. FARIDABAD: NIIT: MULTITECH MOTORS: 8879221763. ATLAS TOWER: MULTITECH MOTORS: 7506019846. BALLABHGARH: AUTOVIKAS: 8879140298. PALWAL: MAGAN WHEELS: 8291523319. HODAL: MAGAN WHEELS: 8879366376. GREATER FARIDABAD: MAGAN WHEELS: 8291517531. GURUGRAM: SECTOR 43: HIMGIRI AUTOMOBILES: 7011321476. HERO HONDA CHOWK: HIMGIRI AUTOMOBILES: 9619140714. GOLF COURSE EXTN. ROAD: ZEDEX MOBILITY: 9167617962. SOHNA ROAD: ZEDEX MOBILITY: 7506019906. UDYOG VIHAR: ARYA MOTORS: 8291539640. SEC-14: ARYA MOTORS: 7506019879. GOLF COURSE ROAD: ARYA MOTORS: 7506019902. SOHNA: CSG AUTOMOBILES: 8879054086. WAZIRPUR: SISOTHYA: 9619918805. MANESAR: SISOTHYA: 9167206541. PATAUDI: SISOTHYA: 9167206841. BULANDSHAHAR/KHURJA/DIBAI/SIYANA/SIKANDRABAD: MASCOT MOTORS: 9152104362. REWARI: PREMIUM MOTOCORP: 7506019918,8291518613. MAHENDERGARH: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947529. NARNAUL: DHEERAJ MOTOCORP: 9619949466.. KANINA: DHEERAJ MOTOCORP: 9619947651. KOSLI: PREMIUM MOTOCORP: 9152102543. SONIPAT & KUNDLI : SWAN MOTORS : 9215317773. MEERUT: GARH ROAD: ANJNEY AUTOMOBILES: 8291103957. SHATABDI NAGAR: DELHI ROAD: SHREE VASU: 7506019959. SARDHANA: SHREE VASU: 9619362026. BIJNOR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. NAJIBABAD: MANGALAM AUTOWORLD: 8291176455. DHAMPUR: MANGALAM AUTOWORLD: 8879702579. BARAUT: SHREE VASU: 9167475934. MAWANA: SHREE VASU: 8879954579. BAGHPAT: SHREE VASU: 9167276250.

Images and illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications/colors are not available in all variants and may vary for different variants and are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. ##The benefits mentioned are of particular model and variant. Benefits will vary depending on the model and variant selected. For exact details, please contact your nearest authorized TATA Motors dealership. **Additional benefits include consumer offer, exchange offer, loyalty, intervention consumer, intervention exchange. ^Finance at the sole discretion of Financer. The EMI figures shown above are based on specific loan amount along with Balloon scheme options (25% or 30%) and 84 month repayment period. Actual EMI amounts may vary based on loan amount and total on road price. Schemes on Altroz & Tiago may vary. ~Altroz price mentioned is Smart MT Petrol, ex showroom Delhi. Altroz is 5 star BNCAP rated hatchback as per 2025 test. Altroz is the only hatchback to get 5 star rating across powertrain of Petrol, Diesel and CNG. As per Bharat Ncap results 2025. *Available in Premium Hatchback Segment. Tiago price mentioned is Tiago XE MT Petrol, ex-showroom New Delhi. Local Taxes extra. *First and largest in segment refers to mid and high hatchback cars in India. GNCAP and BNCAP rating is not valid for Tiago. Tiago is available in Petrol, CNG & EV. *Auto transmission is Auto gearbox available in Tiago XTA CNG, XZA CNG and XZA NRG CNG. *Cruise Control only available in Tiago XZ+. ^^Nexon GNCAP tested in Feb'24 & BNCAP tested in Oct'24 for Smart. TATA Nexon scored highest adult occupant score as per test conducted by Bharat NCAP and Global NCAP in category of SUV less than 4 meter & engine less than 1.5L as per GNCAP & BNCAP test result. ¶The mileage figures quoted 24.07 kmpl for the Nexon diesel AMT are ARAI certified test figures under controlled conditions. Actual mileage may vary significantly as per driving conditions. Only in the compact SUV segment under 4meter. 1.5liter diesel engine). ~~Price mentioned is Nexon Smart MT Petrol, ex showroom Delhi Local taxes extra. *Estimated ex-showroom price New Delhi. Terms and conditions apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 13-01-2026 Zone: Noida Edition: 1 Page: NBTNDD8 User: cci Time: 01-12-2026 22:04 Color:



# 'बहस, संवाद, असहमति ज़रूरी, लेकिन मकसद निष्कर्ष हो'

## जेएनयू के कन्वोकेशन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने कही यह बात, 2438 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**जवाहरलाल नेहरू** यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के 9वें कन्वोकेशन में 2,438 स्टूडेंट्स को डिग्रियां दी गईं। इनमें 1304 लड़के और 1091 लड़कियां शामिल थीं। इनमें से 467 पीएचडी, 1462 मास्टर, 362 अंडरग्रैजुएट प्रोग्राम और 136 सर्टिफिकेट हैं। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि बहस, संवाद, असहमति और यहां तक कि टकराव भी एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है लेकिन अंत में किसी निष्कर्ष पर भी पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बार फैसला हो जाने के बाद उसे लागू करने के लिए सामूहिक सहयोग जरूरी है, तभी प्रशासन सुचारु और प्रभावी ढंग से चल सकता है। उपराष्ट्रपति ने स्टूडेंट्स से कहा कि अपने ज्ञान और कौशल को राष्ट्र सेवा में समर्पित करें। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, बौद्धिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता है।

सोमवार को एआईसीटीई ऑडिटोरियम में हुए कन्वोकेशन में पहुंचे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि जेएनयू की डिग्री केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी है। जेएनयू ने अकेडमिक एक्सीलेंस में सफलता हासिल की है। जेएनयू अपने समय से काफी आगे सोचता रहा है। यहां पढ़े स्टूडेंट्स ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। क्रिटिकल थिंकिंग जेएनयू की आत्मा है। जेएनयू ने सोचने और सवाल करने के लिए प्रेरित किया है। पूर्व स्टूडेंट्स का जिक्र करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि जेएनयू एक बौद्धिक केंद्र रहा है जहां विचारों को परखा और विकसित किया जाता है।



**कॉर्पस फंड पहुंचा 70 करोड़ :** समारोह में जेएनयू के चांसलर कंवल सिब्बल ने स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दीं और जेएनयू की उपलब्धियों पर वीसी प्रो शांतिश्री धुलिपुड़ी ने यूनिवर्सिटी रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि जेएनयू का कॉर्पस फंड 70 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो कि कई सोर्स से मिला है। साथ ही, ऐतिहासिक फैकल्टी भर्ती पूरी की गई है, समावेशी और पारदर्शी तरीके से प्रमोशन किए गए हैं। वीसी ने बताया कि सीयूईटी, नई शिक्षा नीति और जेआरएफ के कारण परिसर में 15 राज्यों के स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। सभी आरक्षित वर्गों की सीटें भरी गई हैं। वीसी ने बताया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली पर खास जोर दिया जा रहा है, भारतीय भाषाओं को बढ़ावा दिया गया है और समुद्री और सुरक्षा अध्ययन के लिए 'प्रोजेक्ट त्रिशूल' की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में जेएनयू इकलौती यूनिवर्सिटी है जिसे बायोटेक्नोलॉजी में इनोवेशन के लिए 'बायोनेस्ट इनक्यूबेटर' को भी मंजूरी मिली है। जेएनयू दुनिया की सबसे सस्ती यूनिवर्सिटी है। साथ ही, महिलाओं की भागीदारी 19 प्रतिशत से बढ़कर 27 फीसदी हो गई है।



## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India — A Government of India Undertaking

**क्षेत्रीय कार्यालय: दूसरी मंजिल महालक्ष्मी मॉल, सी-2, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद, यूपी-201001**

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के परन्तुक के साथ पठित के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी 15 दिनों की बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटरों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिसका रचनात्मक कब्जा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे नीचे उल्लिखित तिथियों पर "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, ताकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं) और गारंटरों से नीचे उल्लिखित देय राशियों की वसूली की जा सके। आरक्षित मूल्य और बयाना जमा राशि भी नीचे उल्लिखित है:

| क्र. सं. | शाखा का नाम और पता | उधारकर्ता और गारंटर का नाम और पता | नीलामी के लिए रखी गई अचल संपत्ति का विवरण | कब्जे की स्थिति भौतिक/रचनात्मक | उधारकर्ता/गारंटर से वसूल की जाने वाली राशि (रु.) | आरक्षित मूल्य (रु.) / ईएमडी / बोली वृद्धि | नीलामी की तिथि और समय (12 दिनों आरक्षित सहित विवरण के साथ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कवि नगर शाखा, 13ए, नेहरू नगर, गाजियाबाद उ.प्र.-201001 | श्री आशीष अहमद कुरैशी, के-3/यूसी-1, पहली मंजिल, दिलशाद कॉलोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश<br>श्रीमती अफसाना, के-3/यूसी-1, पहली मंजिल, दिलशाद कॉलोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | फ्लैट नं. जी-1, भूखंड संख्या बी-1/96, दिलशाद एक्सटेंशन-II, भोपुरा साहिबाबाद, गाजियाबाद में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा भाग और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 45.46 वर्ग मीटर है। | रचनात्मक | रु. 38,99,782.00 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 15,48,000.00<br>रु. 1,54,800.00<br>रु. 15,500/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 2 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नोएडा सेक्टर-44 शाखा, ओमेगा हीन, प्लॉट नं. 513, सी ब्लॉक प्लॉट नं. 513, नोएडा | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता: श्रीमती अनीता देवी (उधारकर्ता), ईडब्ल्यूएस फ्लैट नं. -197, पहली मंजिल, ब्लॉक-एफ/64, सी-9, सेक्टर-40, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301<br>और साथ ही: मकान नंबर 29, निठारी, सेक्टर-31 नोएडा, जिला- गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.)-201301 श्री हरीश कुमार (सह-उधारकर्ता), ईडब्ल्यूएस फ्लैट नं.-197, पहली मंजिल, ब्लॉक-एफ/64, सी-9, सेक्टर-40, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 | ईडब्ल्यूएस फ्लैट नं.-197, पहली मंजिल, ब्लॉक-एफ/64, सी-9, सेक्टर-40, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 में स्थित आवासीय फ्लैट का पूरा भाग। | रचनात्मक | रु. 20,79,893.36 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 18,70,000.00<br>रु. 1,87,000.00<br>रु. 19,000/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 3 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कौशांबी शाखा, प्लॉट नं. 6, एसे कॉर्पोरेट टॉवर, वैभव खंड, कौशांबी, गाजियाबाद | 1(a) श्री कपिल चौधरी (उधारकर्ता), मकान नं. ए-1403, राजीव कॉलोनी, मोहन नगर, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश-201007<br>(b) श्री विपिन कुमार पुत्र श्री राम गोपाल (गारंटर), सी-48 शिव विहार, शिव विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 | शालीमार गार्डन एक्सटेंशन I, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201001 में स्थित आवासीय फ्लैट नं. 55, प्लॉट नं. 755 II फ्लोर का पूरा भाग और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट है। | रचनात्मक | रु. 6,83,973.00 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 14,84,100.00<br>रु. 1,48,410.00<br>रु. 14,841/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 4 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नोएडा सेक्टर-44 शाखा, ओमेगा हीन, प्लॉट नं. 513, सी ब्लॉक प्लॉट नं. 513, नोएडा | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता: श्रीमती नीतू मिश्रा पत्नी श्री सुबोध कुमार मिश्रा (उधारकर्ता) फ्लैट नं. 128 सी, दूसरी मंजिल ब्लॉक-32 सेक्टर-73 नोएडा, गौतम बुद्ध नगर उ.प्र. साथ ही: एफ-375, सेक्टर 40 नोएडा उ.प्र. श्री सुबोध कुमार मिश्रा पुत्र श्री राम बहादुर मिश्रा (सह-उधारकर्ता) फ्लैट 64 सी-11, प्लॉट नं. 258 सेक्टर-40, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर (यू.पी.) साथ ही: फ्लैट नं. 128 सी, दूसरी मंजिल, ब्लॉक-32 सेक्टर-73, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर यू.पी. | महादेव अपार्टमेंट एमआईजी-73, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 में स्थित आवासीय फ्लैट नं. -128 सी, दूसरी मंजिल, ब्लॉक-32 का पूरा भाग और पार्सल। | रचनात्मक | रु. 6,65,725.00 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 17,00,000/-<br>रु. 1,70,000/-<br>रु. 17,000/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 5 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कौशांबी शाखा, प्लॉट नं. 6, ग्राउंड फ्लोर, एसे एवेन्यू टॉवर, वैभव विहार, कौशांबी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201012 | श्री रमीज खान पुत्र श्री शब्बीर खान (उधारकर्ता), मकान नं. 522, ग्राउंड फ्लोर, न्याय खंड- III, इंदिरापुरम, गाजियाबाद - 201001<br>श्री आसिफ खान पुत्र श्री अहमद (गारंटर), मकान नं. 380-बी, शक्ति खंड -1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद - 201014 | आवासीय मकान नं. 522, ग्राउंड फ्लोर, न्याय खंड - III, इंदिरापुरम, गाजियाबाद में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा भाग और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 24.65 वर्ग मीटर है। श्री शब्बीर खान के नाम पर। निम्नलिखित सीमाओं के साथ - उत्तर: प्लॉट नं. 521, दक्षिण: प्लॉट नं. 527, पूर्व: अन्य ब्लॉक/टॉवर, पश्चिम: प्रवेश और रोड | रचनात्मक | रु. 16,55,876.80 + ब्याज + 13.10.2025 तक लागू शुल्क | रु. 9,01,000/-<br>रु. 90,100/-<br>रु. 10,000/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 6 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, राज नगर शाखा, जे-3 आरडीसी, राज नगर गाजियाबाद-उ.प्र. | श्री अजित प्रताप सिंह पुत्र श्री लखन लाल सिंह, एफएफ, प्लॉट नं. जी43, एक्सटेंशन 2, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश 201005 | एफ-1, पहली मंजिल, विक्रम एन्क्लेव, गांव पसौंडा, साहिबाबाद गाजियाबाद उ.प्र. में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा भाग और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट है, श्री अजित प्रताप सिंह पुत्र श्री लखन लाल सिंह के नाम पर। | रचनात्मक | रु. 19,45,411.91 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 15,40,000/-<br>रु. 1,54,000/-<br>रु. 15,400/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 7 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कवि नगर शाखा, 13ए, नेहरू नगर, गाजियाबाद उ.प्र.-201001 | मेसर्स श्रीयाशी इंक., प्रोपराइटर श्रीमती रितु शर्मा, एफ 10, ब्लॉक 19, मधुबन बापूधाम, गोविंदपुरम गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201013, साथ ही: 63, विपिनखण्ड कुटुंब, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश-201009<br>श्रीमती रितु शर्मा पत्नी श्री राकेश शर्मा, 17/18 भगवंतीपुरम, शास्त्री नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002 | एफ-10, ब्लॉक-19, मधुबन बापूधाम, गोविंदपुरम, गाजियाबाद, उ.प्र.-201013 में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा भाग और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 29.70 वर्ग मीटर है। | रचनात्मक | रु. 17,32,960.57 + ब्याज + 30.12.2025 तक लागू शुल्क | रु. 12,62,000/-<br>रु. 1,26,200/-<br>रु. 12,620/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 8 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, खोड़ा शाखा, ए-10/ए, दीपक विहार खोड़ा कॉलोनी, सेक्टर 57 के सामने, नोएडा-201301 | उधारकर्ता/गारंटर: श्री मनोज कुमार पुत्र श्री गजराज (उधारकर्ता), एलआईजी फ्लैट एफ-229, प्रताप विहार, सेक्टर-11, गाजियाबाद-उ.प्र.-201009<br>श्रीमती अमोल डबास/w/o श्री मनोज कुमार (सह-उधारकर्ता), एलआईजी फ्लैट एफ-229, प्रताप विहार, सेक्टर-11, गाजियाबाद-उ.प्र.-201009 | प्रताप विहार, सेक्टर-11, गाजियाबाद, यूपी-201009, उत्तर प्रदेश-201301 में स्थित आवासीय एलआईजी फ्लैट एफ-229 का पूरा भाग और पार्सल। | रचनात्मक | रु. 17,50,524.96 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 13,30,000/-<br>रु. 1,33,000/-<br>रु. 13,300/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 9 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, राज नगर शाखा, जे-3 आरडीसी, राज नगर गाजियाबाद-उ.प्र. | श्री पवन त्यागी पुत्र श्री राम नाथ त्यागी (उधारकर्ता), मकान नं. 163, गांव-मकनपुर, इंदिरापुरम, गाजियाबाद उ.प्र.-201010 साथ ही: दुकान नं. एलएफ-34, दूसरी मंजिल, प्लॉट नं. डी, ओरेकल पार्क प्लाजा, शक्तिखंड II, इंदिरापुरम गाजियाबाद उ.प्र.-201010<br>श्रीमती कमली त्यागी पत्नी श्री राम नाथ त्यागी, मकान नं. 163, गांव-मकनपुर, इंदिरापुरम, गाजियाबाद उ.प्र.-201010<br>श्री इसरार मोहम्मद पुत्र श्री तौसीफ खान, मकान नं. 18, सेक्टर-9, नोएडा, उ.प्र. 201301 | दुकान नं. एलएफ-34, दूसरी मंजिल, प्लॉट नं. डी, ओरेकल पार्क प्लाजा, शक्तिखंड II, इंदिरापुरम, गाजियाबाद यू.पी. 201010 में स्थित वाणिज्यिक दुकान का पूरा भाग और पार्सल, श्री पवन त्यागी पुत्र श्री राम नाथ त्यागी के नाम पर, जिसका क्षेत्रफल 32.10 वर्ग मीटर है। | रचनात्मक | रु. 11,16,483.49 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 23,47,000/-<br>रु. 2,34,700/-<br>रु. 23,500/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 10 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंदिरापुरम गाजियाबाद शाखा (56420), एनसीआर मार्केट इंदिरापुरम, वैभव खंड, गाजियाबाद-उ.प्र. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता: 1(a) श्री संजीव कपूर पुत्र श्री तिलक राज (उधारकर्ता), मकान नं. -138-दूसरी मंजिल, ज्ञान खंड-4, इंदिरापुरम गाजियाबाद उ.प्र.-201014<br>1(b) श्रीमती शालिनी कपूर पत्नी श्री संजीव कपूर (सह-उधारकर्ता), मकान नं. -138-दूसरी मंजिल, ज्ञान खंड-4, इंदिरापुरम गाजियाबाद उ.प्र.-201014 | श्री संजीव कपूर पुत्र श्री तिलक राज और श्रीमती शालिनी कपूर पत्नी श्री संजीव कपूर के नाम पर प्लॉट नं. 138, दूसरी मंजिल, ज्ञान खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा भाग और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 146.58 वर्ग मीटर है। | रचनात्मक | रु. 10,91,965.12 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 98,50,000/-<br>रु. 9,85,000/-<br>रु. 1,00,000/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 11 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, राज नगर शाखा, जे-3 आरडीसी, राज नगर गाजियाबाद-उ.प्र. | मैसर्स एस.एस. शम्सी खान पुत्र श्री हाजी इंतजार खान, ए-665, एलएफ, न्याय खंड III, इंदिरापुरम, गाजियाबाद उ.प्र. 201010 | ए-665, एलएफ, न्याय खंड III, इंदिरापुरम, गाजियाबाद यू.पी. 201010 में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा भाग और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 20.14 वर्ग मीटर है, मैसर्स एस.एस. शम्सी खान (उधारकर्ता) के नाम पर। | रचनात्मक | रु. 16,75,726.69 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 15,34,000/-<br>रु. 1,53,400/-<br>रु. 15,500/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 12 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शालीमार गार्डन शाखा (15871), एससी 47, सी-ब्लॉक, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-II, साहिबाबाद, शालीमार गार्डन, गाजियाबाद | उधारकर्ता/गारंटर: मैसर्स श्री बालाजी ग्लास ट्रेडर्स, प्रोपराइटर प्रदीप शर्मा, शॉप नं. 1, मेन बजीराबाद रोड, भोपुरा, गाजियाबाद उ.प्र. 201005<br>श्रीमती आशा शर्मा पत्नी श्री प्रदीप शर्मा, प्लॉट नं. 32, राम विहार, भोपुरा गाजियाबाद उ.प्र. | प्लॉट नं. 32, आउट ऑफ खसरा नं. 129 राम विहार कॉलोनी, भोपुरा गाजियाबाद यूपी में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा भाग और पार्सल, श्रीमती आशा शर्मा के नाम पर। | रचनात्मक | रु. 19,80,721.00 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 13,33,650/-<br>रु. 1,33,365/-<br>रु. 13,500/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 13 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, शालीमार गार्डन शाखा (15871), एससी 47, सी-ब्लॉक, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-II, साहिबाबाद, शालीमार गार्डन, गाजियाबाद | उधारकर्ता/गारंटर: मैसर्स सैयद आज़मीन पत्नी श्री इरशाद हुसैन, फ्लैट नं. 2, प्लॉट नं. 7, मेहुंदी प्लाजा, विक्रम एन्क्लेव, साहिबाबाद, यूपी 201005<br>श्री इरशाद हुसैन, फ्लैट नं. 2, प्लॉट नं. 7, मेहुंदी प्लाजा, विक्रम एन्क्लेव, साहिबाबाद, उ.प्र. 201005<br>श्री इंतखाब खान पुत्र श्री छोटे खान, मकान नं. ए-151, पप्पू कॉलोनी, ब्लॉक ए, साहिबाबाद उ.प्र.-201005 | विक्रम एन्क्लेव, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उ.प्र. 201005 में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल, फ्लैट नं. एफएफ-2 (पिछली तरफ का हिस्सा), पहली मंजिल, प्लॉट नं. 12-ए बिना छत के अधिकारों के साथ, मैसर्स सैयद आज़मीन के नाम पर। | रचनात्मक | रु. 37,57,368.38 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 8,67,000/-<br>रु. 86,700/-<br>रु. 10,000/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 14 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, राज नगर शाखा, जे-3 आरडीसी, राज नगर गाजियाबाद-उ.प्र. | श्री विजय कुमार पुत्र श्री जवाहर लाल (उधारकर्ता), फ्लैट नं. बी-354, दूसरी मंजिल, न्यू पंचवटी कॉलोनी, गाजियाबाद उ.प्र.<br>श्रीमती चंद्रावती पत्नी श्री विजय कुमार, फ्लैट नं. बी-354, दूसरी मंजिल, न्यू पंचवटी कॉलोनी, गाजियाबाद उ.प्र.<br>श्री उमेश गुप्ता पुत्र श्री किशोरी लाल, मकान नं. 170/2, कोटगांव, निकट डीएवी स्कूल, गाजियाबाद, उ.प्र. | न्यू पंचवटी कॉलोनी, गाजियाबाद यू.पी. में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल, फ्लैट नं. बी-354, दूसरी मंजिल, जिसका क्षेत्रफल 88.25 वर्ग मीटर है, श्री विजय कुमार पुत्र श्री जवाहर लाल और श्रीमती चंद्रावती पत्नी श्री विजय कुमार के नाम पर। | रचनात्मक | रु. 14,35,797.80 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 15,66,000/-<br>रु. 1,56,600/-<br>रु. 16,000/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 15 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कवि नगर शाखा, 13ए, नेहरू नगर, गाजियाबाद उ.प्र.-201001 | 1(a) श्री सात्विक अरोड़ा (उधारकर्ता) पुत्र श्री ईश्वर कुमार अरोड़ा, फ्लैट नं. बी-2, दूसरी मंजिल, पूजा एचआईजी टावर, प्लॉट नं. 215, नीति खंड I, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201014<br>1(b) श्री सात्विक अरोड़ा (उधारकर्ता), पुत्र श्री ईश्वर कुमार अरोड़ा, प्लॉट नं. 215, फ्लैट नं. 2, नीति खंड II, गाजियाबाद 201014<br>1(c) श्रीमती साक्षी अरोड़ा (सह-उधारकर्ता), पत्नी श्री सात्विक अरोड़ा, प्लॉट नं. 215, फ्लैट नं. 2, नीति खंड I, गाजियाबाद-201014<br>1(d) श्री असलम अली खान (गारंटर), पुत्र श्री मकसूद उल्ला खान, 508, फैजी अपार्टमेंट, जाकिर एन्क्लेव, दिल्ली 110096 | नीति खंड 1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा भाग और पार्सल, फ्लैट नं. बी-2, दूसरी मंजिल, प्लॉट नं. 215, श्री ईश्वर कुमार अरोड़ा के नाम पर। | रचनात्मक | रु. 23,86,231.00 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 49,93,750.00<br>रु. 4,99,375.00<br>रु. 49,938/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |
| 16 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कलना शाखा, सिद्धेश्वरी प्लाजा, हापुड़ रोड एनएच 24, गाजियाबाद उ.प्र.-201001 | 1(a) श्रीमती उमा शर्मा पत्नी श्री प्रदीप कुमार, एन-16/एन 4, सेक्टर 12, प्रताप विहार गाजियाबाद, पिन-201015<br>2(b) श्री भुवनेश नारायण पुत्र श्री प्रदीप कुमार, एन-16/एन 4, सेक्टर 12, प्रताप विहार गाजियाबाद, पिन-201015<br>1(c) श्री प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र श्री हर नारायण शर्मा, एन-16/एन 4, सेक्टर 12, प्रताप विहार गाजियाबाद, पिन-201015 | विजय नगर, गाजियाबाद में स्थित आवासीय संपत्ति का पूरा टुकड़ा और पार्सल, ग्राउंड फ्लोर, हाउस नं. 259 (ईडब्ल्यूएस फ्लैट), ब्लॉक-एल, सेक्टर-9, जिसका क्षेत्रफल 45.46 वर्ग मीटर है। | रचनात्मक | रु. 7,00,685.00 + ब्याज + 28.01.2026 तक लागू शुल्क | रु. 12,51,000.00<br>रु. 1,25,100.00<br>रु. 12,510/- | 28.01.2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक |

**ई-नीलामी की तिथि और समय: 28-01-2026 दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक**
**बोली जमा करने की अंतिम तिथि: ई-नीलामी शुरू होने से पहले या उस दिन तक**
**क्रम सं. 1 से 16 के लिए: अनिवार्य रूप से, संपत्ति/संपत्तियों की पहली बोली आरक्षित मूल्य + एक वृद्धि होगी।**
**यह राशि बोली प्रक्रिया में भाग लेने के लिए न्यूनतम बोली राशि होगी।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और https://www.unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property.aspx पर दिए गए लिंक को देखें। पंजीकरण और लॉगिन और बोली नियमों के लिए आगे के बोलीदाता केवल https://baanknet.com पर जाएं।

नोट:
बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे नीलामी की तारीख से कम से कम 2-3 दिन पहले वेबसाइट/पोर्टल पर केवाईसी पंजीकृत करें और सत्यापित करें और किसी भी असुविधा से बचने के लिए नीलामी की तारीख से 2 दिन पहले ईएमडी जमा करें।

दिनांक: 12.01.2026 स्थान: गाजियाबाद प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया




# राजघाट नाइट ज़ोन में सैर सपाटे संग मिलेगा सुकून

## पास के मेट्रो स्टेशन पर देर तक सर्विस चलाने का भी प्रस्ताव

Brijesh.singh
@timesofindia.com

AI Image



■ **नई दिल्ली :** यमुना किनारे स्थित राजघाट पावर प्लांट की जगह के रीडिवेलपमेंट की योजना सिर्फ मनोरंजन का प्लान नहीं, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, यूथ एम्पावरमेंट और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का मॉडल है। अगर यह योजना जमीन पर उतरती है तो राजघाट दिल्ली का वह चेहरा बन सकता है जहां इतिहास, आधुनिकता और नाइट लाइफ एक साथ नजर आएंगे। यहां सैर-सपाटे, खाने, पढ़ने के साथ मनोरंजन और सुकून सब मिलेगा। सरकार की इस नाइट लाइफ जोन तक लोगों को पहुंचाने के लिए स्पेशल बस सेवा के अलावा नजदीकी मेट्रो स्टेशन पर देर तक सेवाएं चलाने का प्रस्ताव है।

**द हाई लाइन, न्यूयॉर्क का मिलेगा अनुभव :** दिल्ली सरकार ने यहां पर पुराने रेलवे लाइन के जरिए एक 2.33 किलोमीटर का एलिवेटेड पार्क बनाने की योजना बनाई है। इसके अलावा LED-लिट वॉकवे और सिटिंग जोन भी बनेगा। सोलर-पावर्ड लाइट्स और बैठने के लिए रीसाइकल्ड मटीरियल से बनी बेंच होंगी। एम्सटर्डम कैनाल की तरह जीरो-एमिशन सोलर पैडल बोट्स चलाने की योजना है, जिससे ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। सरकार ने न्यूयॉर्क के द हाई लाइन को केस स्टडी के रूप में लिया है।

**6 एकड़ में 24×7 यूथ लर्निंग और रिक्रिएशन हब :** युवाओं के लिए राउंड-द-क्लॉक स्टडी और एक्टिविटी जोन बनाया जाएगा। सरकार ने यह केस स्टडी छत्तीसगढ़ के रायपुर के नालंदा परिसर को बतौर केस स्टडी लिया है, जो कि 2018 में 6 एकड़ में बनाया गया है। उसी की तर्ज पर यहां पर लाइब्रेरी, फ्री वाई-फाई, कंप्यूटर के अलावा युवाओं के खेलने के लिए बास्केटबॉल/वॉलीबॉल कोर्ट, ओपन-एयर रीडिंग स्पेस, एम्फीथियेटर बनाया जाएगा। हालांकि इसके लिए छात्रों से नाम मात्र का शुल्क लिया जाएगा। BPL कैटेगरी छात्रों से 200, अन्य से 500 रुपये लिए जाएंगे। मेम्बरशिप चार्ज के तौर पर 2500 रुपये लिए जाएंगे जो कि रिफंडेबल होगा।

**दिल्ली का नया फूड स्ट्रीट, पुरानी दिल्ली का स्वाद :** नाइट लाइफ जोन में फूड स्ट्रीट बनाया जाएगा जहां पर पुरानी दिल्ली का स्वाद भी मिलेगा। इसके लिए मुंबई के लोअर परेल को केस स्टडी के रूप में लिया गया है जहां पर पुरानी टेक्सटाइल मिल्स को फूड ट्रक जोन, स्ट्रीट फूड्स के लिए विकसित किया गया है। राजघाट में यह 500 मीटर में यमुना प्रोमेनेड के पास विकसित किया जाएगा। यहां पर पुरानी दिल्ली के चाट, कबाब के अलावा मोमोज और स्ट्रीट फूड का जायका मिलेगा। लाइसेंस प्राप्त वेंडर्स को ही जगह मिलेगी।

**वीकेंड नाइट मार्केट :** वीकेंड यानी शुक्रवार-शनिवार को साप्ताहिक नाइट बाजार लगाने की सुविधा मिलेगी। चांदनी चौक, दिल्ली हाट और जनपथ के कारीगर यहां दुकानें लगा सकेंगे। हस्तशिल्प, ज्वेलरी, टेक्सटाइल और लाइव डेमो की सुविधा मिलेगी। इससे छोटे व्यापारियों को फायदा मिलेगा।

### लेट नाइट कनेक्टिविटी संग पार्किंग भी मिलेगी

राजघाट रीडेवलपमेंट प्लान के तहत नाइट जोन से कनेक्टिविटी के लिए वीकेंड पर ITO मेट्रो सेवा रात 1 बजे तक या कश्मीरी गेट/ITO से DTC ई-बसें चलाने की सुविधा मिलेगी। रिंग रोड के पास मल्टी-लेवल पार्किंग बनाया जाएगा। ई-रिक्शा भी चलाए जाएंगे।

### लेट नाइट हेरिटेज म्यूजियम भी होगा

यहां लेट नाइट हेरिटेज म्यूजियम भी होगा, इसके अलावा साउंड लाइट शो का आयोजन होगा, जिसमें दिल्ली की कहानी बताई जाएगी। क्रांतिकारियों और पावर हिस्ट्री की झलक भी दिखेगी। आधी रात तक खुलने वाले इस म्यूजियम से एजुकेशन टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

### टोरंटो की तर्ज पर बनेगा डिस्टलरी डिस्ट्रिक्ट

राजघाट में टोरंटो के डिस्टलरी डिस्ट्रिक्ट की तर्ज पर 10 एकड़ का सिर्फ पेडेस्ट्रियन के लिए सड़क बनाया जाएगा। यहां पर राहगीरों के चलने के अलावा 2-3 लेवल का कैफे बनाया जाएगा, जिससे यमुना और दिल्ली स्काईलाइन का नजारा भी दिखेगा। साथ ही यूके के लंदन में बैटरसी पावर स्टेशन की तर्ज पर यहां ओपन एयर कंसर्ट और थियेटर भी बनाया जाएगा, जिसमें 500-1000 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। जहां कव्वाली, लाइव बैंड, कंसर्ट, डीजे नाइट्स जैसे आयोजन हो सकेंगे।

# 'विश्वास और आस्था का प्रतीक है सोमनाथ मंदिर'

■ **NBT न्यूज, नई दिल्ली:** सिद्ध पीठ सीताराम संत सेवा मन्दिर चंदू पार्क, जगतपुरी में महंत रामगोविन्द दास महात्यागी महाराज के सान्निध्य में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक कर देश की खुशहाली की कामना की गई। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर हमारी आस्था और विश्वास का प्रतीक है। विपिन जैन के अनुसार इस मौके पर सैकड़ों भक्तों ने भी रुद्राभिषेक किया।

**सत्संग:** शिव नवग्रह मंदिर धाम चांदनी चौक में सत्संग पर शिव शंकर महाराज ने कहा कि जिसे आत्मिक सुख प्राप्त है वह निर्धन भी धनवान ही होता है। आत्मसंतुष्टि ही सबसे बड़ा सुख होता है।

**योग साधना:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य विहार सेवा केंद्र में ध्यान साधना के मौके पर राजयोगिनी उर्मिला दीदी ने कहा कि संतुष्ट रहना और संतुष्ट करना दुआओं का खाता जमा करने का उत्तम साधन है। पूनम दीदी ने योग कराया। डॉ. मोना और डॉ. कपिल जैन ने भी विचार व्यक्त किए।

**सत्संग:** गौरीशंकर मंदिर, चांदनी चौक में पंडित तेज प्रकाश शर्मा ने कहा कि सत्संग में व्यतीत होने वाला प्रत्येक क्षण अमूल्य होता है। इसलिए सत्संग जब भी, जहां भी मिले, छोड़ना नहीं चाहिए।

# इस वर्कशॉप में सीखें पुराने कपड़ों का नया इस्तेमाल

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लाया है अपसाइकलिंग क्लोद्स वर्कशॉप जिसमें फैशन डिजाइनर और ब्रैंड अनुभा की फाउंडर अनुभा नाबियार आपको बताएंगी कि इस साल कौन सा फैशन रहेगा ट्रेंड में। इसके साथ वह यह भी बताएंगी आप कैसे अपने पुराने कपड़ों को नए फैशन में ढालकर इस्तेमाल कर सकते हैं और उनका क्या-क्या इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना होगा बस रजिस्ट्रेशन।



अनुभा नाबियार, फाउंडर ब्रैंड अनुभा

**तारीख** 15 जनवरी 2026
**टाइम** 3 बजे से 4 बजे
**वेन्यू** टाइम्स हाउस 7, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली
**फीस** निःशुल्क

**इस वर्कशॉप में हिस्सा लेने के लिए +91 7003890071 पर फोन करें या वॉट्सऐप करें।**

# सलीमगढ़ फोर्ट के पीछे खाओ गली हुई तैयार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सलीमगढ़ किले** के पीछे बनी सर्विस रोड बहुत जल्द स्ट्रीट फूड्स के शौकीनों का अड्डा बनने वाली है। एमसीडी के सिटी एसपी जोन ने लोहे के पुराने पुल के पास खाओ गली तैयार कर ली है। यहां साफ सफाई का काम पूरा किया जा चुका है। सुरक्षा की दृष्टि से कुछ पॉइंट्स पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि बहुत जल्द खाओ गली का उद्घाटन हो सकता है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सूत्रों ने यह भी बताया कि खाओ गली में अपने स्वाद का जादू बिखेरने के लिए फिलहाल 20 फूड कार्ट तैयार हैं। इसके बाद इनकी संख्या बढ़ाकर 50 तक की जाएगी। खाओ गली शाम 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक खुलेगी।

> 20 फूड कार्ट हैं रेडी, 50 तक कार्ट बढ़ाने की है प्लानिंग, जल्द होगा उद्घाटन

# यमुना की लहरों पर झूमने को 20 को मुंबई से रवाना होगी क्रूज़ शिप

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**दिल्लीवाले फरवरी** में यमुना नदी पर क्रूज के सफर का आनंद ले पाएंगे। क्रूज का निर्माण अपने अंतिम चरण में है और यह इसी माह दिल्ली पहुंच जाएगा। दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने सोमवार को मुंबई में उस जगह पहुंचकर क्रूज निर्माण का जायजा लिया, जहां इसका निर्माण हो रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर क्रूज निर्माण के अंतिम चरण की जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, सरकार अपनी पहली एनिवर्सरी पर यमुना में क्रूज उतारकर दिल्लीवालों को तोहफा देना चाहती है। क्रूज निर्माण देखने के बाद मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि क्रूज का निर्माण मुंबई में हो रहा है। यह लगभग पूरा हो चुका है और 20 जनवरी को मुंबई से दिल्ली के लिए रवाना होगा। दिल्ली पहुंचने में इसे चार से पांच दिन का समय लगेगा। फरवरी में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता इसकी शुरुआत करेंगी। क्रूज संचालन के लिए वजीराबाद में एक जेटी तैयार की गई है, जहां से इसे चलाया जाएगा।

सरकार का कहना है कि इस क्रूज पर लोगों को गोवा जैसा आनंद मिलेगा। क्रूज सोनिया विहार स्थित वजीराबाद बैराज से जगतपुर के शनि मंदिर तक चलेगा। यह रूट करीब सात से आठ किलोमीटर लंबा होगा। एक बार में क्रूज में कुल 40 लोग सवार हो सकेंगे। एक फेरा पूरा करने में करीब एक घंटे का समय लगेगा। क्रूज जहां से सफर शुरू करेगा, यात्रियों को वहीं वापस उतारेगा। यमुना का यह क्षेत्र पहले से ही राष्ट्रीय जलमार्ग-110 के तहत विकसित किया जा रहा है।

अधिकारियों के अनुसार, यह क्रूज आधुनिक सोलर इलेक्ट्रिक हाइब्रिड तकनीक पर आधारित होगा, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होगा। मॉनसून के दौरान सुरक्षा कारणों से क्रूज का संचालन नहीं किया जाएगा। सफर के दौरान यात्रियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, दिल्ली के इतिहास से जुड़ी जानकारी और मनोरंजन की विशेष व्यवस्था की जाएगी। सरकार का मकसद लोगों को यमुना से सीधे जोड़ना और इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे और यमुना सफाई अभियान को भी लाभ मिलेगा।

## फटाफट खबरें

### कलकत्ता HC को नए चीफ जस्टिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट कलीजियम ने जस्टिस सुजय पॉल को कलकत्ता हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस नियुक्त किए जाने की सिफारिश की है। जस्टिस पॉल अभी कलकत्ता हाई कोर्ट में ही जस्टिस के रूप में कार्यरत है। सिफारिश 9 जनवरी को की गई।

### J&K: कैंप में आग से जवान की मौत

■ भाषा, श्रीनगर: जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सीमा सुरक्षा बल (BSF) के कैंप में आग लगने से एक जवान की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह सोमवार को बताया कि मृतक जवान की पहचान कॉन्स्टेबल रमेश कुमार के रूप में हुई है, जो कपड़े धोने का काम करते थे।

### हिमाचल में आग से तीन की जान गई

■ भाषा, शिमला: हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में आग की घटना में आठ साल के एक लड़के समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, आग रविवार देर रात लकड़ी की दुकान से शुरू हुई। कई इमारतें जल गईं। मृतक लड़के की पहचान बिहार निवासी प्रियांश के रूप में हुई है।

# लगातार दूसरी बार PSLV से सैटलाइट लॉन्च मिशन फेल

### तीसरे फेज में आई गड़बड़ी, मिशन में नेपाल, UK, स्पेन, ब्राज़ील के भी सैटलाइट थे

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सोमवार सुबह 10:18 बजे लॉन्च किया गया इसरो का PSLV-C62 रॉकेट तकनीकी गड़बड़ी का शिकार हो गया। यह लगातार दूसरी बार है जब पीएसएलवी से सैटलाइट लॉन्च का मिशन असफल हुआ है। इससे पहले 18 मई 2025 को PSLV-C61 के जरिये EOS-09 सैटलाइट को लॉन्च करने की कोशिश भी तीसरे चरण में गड़बड़ी की वजह से विफल रहा था।

PSLV-C62/EOS-N1 मिशन श्रीहरिकोटा से किया गया 105वां लॉन्च था। यह PSLV रॉकेट की 64वीं उड़ान और PSLV-डीएल वैरियंट की पांचवीं उड़ान थी।

इसरो के चेयरमैन डॉ. वी. नारायणन ने बताया, लॉन्च के बाद रॉकेट का प्रदर्शन तीसरे चरण के अंत तक सामान्य रहा, लेकिन तीसरे चरण के अंतिम समय में रॉकेट की घूमने की गति में असामान्य बदलाव देखा गया। इसके बाद उड़ान की दिशा में विचलन आ गया और सैटलाइट्स को निर्धारित कक्षा में स्थापित नहीं किया जा सका।



#### मिशन में इन 15 सैटलाइट और एक कैप्सूल का नुकसान

**ईओएस-एन1 (अन्वेषा):** यह मुख्य सैटलाइट था। डीआरडीओ के इस सैटलाइट को अंतरिक्ष में भारत की तीसरी आंख माना जा रहा था।

**थियोस-2:** थाईलैंड और ब्रिटेन का पृथ्वी अवलोकन सैटलाइट

**एड्यूसैट –** ब्राज़ील का आईओटी सेंसर का प्रदर्शन करने वाला सैटलाइट

**उएसैट:** ब्राज़ील का कृषि डेटा संग्रह से जुड़ा सैटलाइट

**एमओआई-1:** भारत की ध्रुव स्पेस कंपनी का सैटलाइट पर एआई मॉडल चलाने का प्रयोग वाला सैटलाइट

**किड कैप्सूल:** स्पेन के स्टार्टअप का री एंट्री तकनीक का परीक्षण करने वाला कैप्सूल



**धायबोल्ट-3:** भारत की ध्रुव स्पेस कंपनी का स्टोर-एंड-फॉरवर्ड संचार तकनीक वाला सैटलाइट

**सीजीयूसैट:** भारत की ध्रुव स्पेस कंपनी का शैक्षणिक संस्थान द्वारा विकसित तकनीकी प्रदर्शन सैटलाइट

**गैलेक्सी एक्सप्लोरर:** ब्राज़ील का सैटलाइट

**लाचित:** भारत की ध्रुव स्पेस और असम की डॉन बॉस्को यूनिवर्सिटी का उपग्रह उत्तर पूर्वी राज्यों में निगरानी के लिए

**डीएसयूसैट:** भारत की ध्रुव स्पेस कंपनी का विश्वविद्यालय आधारित तकनीकी प्रदर्शन उपग्रह

**ऑर्बिटल टेंपल:** ब्राज़ील का संचार और डेटा संग्रह प्रयोग वाला सैटलाइट

**एल्डेबेरन-1:** ब्राज़ील की मछली पकड़ने वाली नौकाओं की निगरानी के लिए सैटलाइट

**आयुलसैट:** भारत का ऑर्बिट में ईंधन भरने की तकनीक के परीक्षण के लिए सैटलाइट

**संस्कारसैट:** भारत का तकनीकी प्रदर्शन उपग्रह

**मुनाल:** नेपाल की यूनिवर्सिटी ने विकसित किया था

# पाकिस्तान ने दी रॉकेट फोर्स कमांड बनाने को मंजूरी

Poonam.Pandey
@timesofindia.com



FILE

- आसिम मुनीर की अगुवाई में हुई मीटिंग में इस फैसले पर लगी मुहर
- ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान अपनी आर्मी का कर रहा पुनर्गठन
- भारत में भी काफी वक्त से रॉकेट फोर्स कमांड की चल रही बात

■ नई दिल्ली: पाकिस्तान को जल्द ही अपनी 'आर्मी रॉकेट फोर्स कमांड' मिल सकती है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर की अगुवाई में हुई मीटिंग में इसको मंजूरी दे दी गई है और अब इस पर जल्द ही काम शुरू हो सकता है। मुनीर ने पिछले महीने पाकिस्तान 'कोर कमांडर कॉन्फ्रेंस' में इस फोर्स को मंजूरी दी। भारतीय सेना में भी काफी वक्त से रॉकेट फोर्स बनाने की बात चल रही है लेकिन अभी इस दिशा में काम शुरू नहीं हो पाया है। चीन के पास भी रॉकेट फोर्स है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने अपनी सेना को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाने शुरू किए हैं। इसी में एक रॉकेट फोर्स का भी गठन है। ऑपरेशन सिंदूर और उससे पहले से ही दुनिया भर में अलग अलग जगह चल रहे संघर्षों ने दिखाया कि लॉन्ग रेंज वेपन की अहमियत लगातार बढ़ रही है। ऑपरेशन सिंदूर में भी आमने-सामने की लड़ाई नहीं हुई थी बल्कि लॉन्ग रेंज वेपन का ही इस्तेमाल किया गया था। खुफिया सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान अब अपनी लॉन्ग रेंज स्ट्राइक की क्षमता बढ़ाने पर काम कर रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पिछले साल ही पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नई आर्मी रॉकेट फोर्स कमांड के गठन का ऐलान किया था। खुफिया सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तानी आर्मी ने अब इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारत में अभी न्यूक्लियर वेपन वाली स्ट्रैटजिक कमांड है। भारतीय सेना के पास रॉकेट तो हैं लेकिन कोई कमांड जैसा स्ट्रक्चर नहीं है।

# जिस रूसी टैंकर को US ने ज़ब्त किया, उसमें हिमाचल का युवक भी

■ पीटीआई, शिमला



**अमेरिका की** ओर से हाल ही में जब्त किए गए रूसी झंडे वाले एक टैंकर के चालक दल में शामिल 3 भारतीयों में से एक हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के 26 वर्षीय मर्चेंट नेवी अधिकारी हैं और उनके परिवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनकी सुरक्षित भारत वापसी कराने के लिए अपील की है।

> परिवार ने मोदी से युवक की वापसी के लिए अपील की

परिवार के मुताबिक, 'रक्षित चौहान को उनके रूसी नियोक्ता की ओर से पहले समुद्री असाइनमेंट के तहत वेनेजुएला भेजा गया था। वह 28 सदस्यीय चालक दल वाले 'मैरिनेरा' टैंकर में सवार थे, जिसे अमेरिकी तटरक्षक बल ने 7 जनवरी को उत्तरी अटलांटिक महासागर में जब्त कर लिया था।' रक्षित की मां रीता देवी ने रविवार को मोदी से अपील करते हुए कहा, 'प्लीज मेरे बेटे रक्षित की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करें।' कांगड़ा जिले में रीता देवी ने बताया कि रक्षित की शादी 19 फरवरी को होनी है। उन्होंने कहा, 'हमारी आखिरी बार सात जनवरी को रक्षित से बात हुई थी और हम भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि वह सुरक्षित लौट आए।'

BLAZERS
SUITS & JACKETS
SALE
upto 60% off
Also Available
LONG COATS
Men & Women wear
By Economy Sales: 9212758425
Formal & Wedding collection
ARROW Raymond ColorPlus LOUIS PHILIPPE PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

आयुर्वेदका भरोसा, रिलीवेक्स पे हमेशा।
आयुर्वेदिक प्रोपराइटरी मेडिसिन
प्रभावी त्वरित राहत प्राप्त करे।
जोड़ों का दर्द
पीठ दर्द
सूजन
• रिलीवेक्स ओइन्टमेन्ट •
मोच
पैकेजिंग: ०५ ग्राम | १५ ग्राम | ३० ग्राम
अब उपलब्ध है
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे: (+९१) ९७२५६ ०८००७



## ANAND RATHI WEALTH LIMITED

Registered Office - Express Zone, A Wing, 10th Floor, Western Express Highway, Goregaon (E), Mumbai - 400 063, Maharashtra
CIN : L67120MH1995PLC086696, Website www.anandrathiwealth.in

YoY Total Revenue 21% ↑ | YoY PAT 29% ↑

**EXTRACT OF STATEMENT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025**

(In INR Lakhs except EPS)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2025 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| I | Revenue From Operations | 28,962.39 | 29,736.64 | 23,703.99 | 86,100.68 | 71,713.49 | 93,909.46 |
| II | Profit Before Tax | 13,532.74 | 13,402.00 | 10,407.58 | 39,557.56 | 30,509.02 | 40,443.60 |
| III | Profit After Tax | 10,018.67 | 9,989.60 | 7,730.12 | 29,399.28 | 22,705.40 | 30,078.91 |
| IV | Total Comprehensive Income for the period/year (comprising profit for the period/year after tax and other comprehensive income after tax) | 10,043.83 | 9,897.64 | 7,679.76 | 29,392.09 | 22,421.11 | 29,737.95 |
| V | Paid - up capital (per value of Rs. 5/- each fully paid ) | 4,151.03 | 4,151.03 | 2,075.52 | 4,151.03 | 2,075.52 | 4,151.03 |
| VI | Other Equity | | | | | | 63,246.48 |
| VII | Earning per share (par value of Rs. 5/- each)* | | | | | | |
| | 1. Basic (Rs.) | 12.06 | 12.02 | 9.28 | 35.38 | 27.26 | 36.14 |
| | 2 .Diluted (Rs.) | 12.06 | 12.02 | 9.28 | 35.38 | 27.26 | 36.14 |

** EPS is not annualised for the quarter & nine months ended periods.*

**Notes**

1. The above unaudited financial results for the quarter & nine months ended December 31, 2025 have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at its meeting held on January 12, 2026. The Statutory Auditors of the Company has carried out Limited Review of the aforesaid results.
2. The above is extract of the detailed format of Unaudited Financial Results (Consolidated) for the quarter & nine month ended December 31, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Unaudited Financial Results (Consolidated and Standalone) for the quarter & nine months ended December 31, 2025 are available on the websites of the Bombay Stock Exchange i.e bseindia.com, National Stock Exchange i.e. nseindia.com and the Company i.e. www.anandrathiwealth.in.
3. Extract of Key numbers of unaudited Standalone Financial Results

(In INR Lakhs)

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2025 (Unaudited) | 30.09.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.12.2025 (Unaudited) | 31.12.2024 (Unaudited) | 31.03.2025 (Audited) |
| I | Revenue From Operations | 27,942.54 | 28,607.51 | 22,829.99 | 83,023.89 | 69,177.60 | 90,506.99 |
| II | Profit Before Tax | 13,441.22 | 13,049.31 | 10,203.88 | 38,900.96 | 29,992.38 | 39,752.75 |
| III | Profit After Tax | 9,981.26 | 9,716.15 | 7,570.30 | 28,920.04 | 22,299.41 | 29,542.19 |

Date: January 12, 2026
Place: Mumbai

Sd
Anand Rathi
Chairman & Non Executive Director

*Thank You!* Today, we take this opportunity to Thank all our Clients, Investors and our Employees for being a part of our success journey.

www.anandrathiwealth.in
ANANDRATHI
Private Wealth. uncomplicated

Real challenges.
Real engineering.
Real impact.
Future engineers!
Bharat is calling.
Compete with India's best, tackle real infrastructure challenges, and gain valuable industry exposure.
Last date for registration: 31st January 2026
Introducing the
BHARAT Navnirmaan Challenge
India's Biggest Inter-College Core Engineering Challenge
Why Register Now
No Registration Fees
30 Lacs+ worth of Prizes
National Exposure
Stand out before industry stalwarts at the Mumbai Grand Finale
For more information, Scan the QR code or email us at bharatnavnirmaan@timesofindia.com
Presented by: THE TIMES OF INDIA NICMAR
Supported by:
Scan to Register

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in